सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 07 अक्टूबर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 89, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 685.34 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में कारोबार के अंत में सेंसेक्स 685 .34 अंक बढ़कर 73,067 .81 पर और निफ्टी 220 .35 अंक बढ़कर 22,776 .10 पर बंद हुआ। } 10

समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर जयशंकर ने जतायी चिंता

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि समुद्री क्षेत्र में नयी चुनौतियां सामने आ रही हैं और खाड़ी से लेकर लाल सागर तथा काला सागर तक वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों पर हमले चिंता का विषय हैं। } 12



संक्षेप

चलती बस में लगी आग कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार शाम सेक्टर-148 के समीप चलती डबल डेकर बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और बस धू-धूकर जलने लगी। बस में सवार सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के दौरान बस में तेज धमाका भी हुआ, जिससे एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस नोएडा से ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रही थी।

आशुतोष दीक्षित बनेंगे वायुसेना प्रमुख



नई दिल्ली। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को भारतीय वायुसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह 31 अक्तूबर 2026 की दोपहर से वायुसेना प्रमुख का पद संभालेंगे और 31 दिसंबर 2028 तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति ने एयर मार्शल दीक्षित की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। एयर मार्शल दीक्षित वर्तमान में वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने एक जुलाई 2026 को यह जिम्मेदारी संभाली थी। वह एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का स्थान लेंगे, जो 30 सितंबर 2024 को वायुसेना प्रमुख बने थे और 31 अक्तूबर 2026 को सेवानिवृत्त होंगे। एयर मार्शल दीक्षित को स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस और वायुसेना की अन्य स्वदेशी विमान परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका के लिए जाना जाता है।


सऊदी अरब में तैनात होगी तुर्किये की सेना

रियाद। लाल सागर में हूती विद्रोहियों की बढ़ती ताकत ने अब सऊदी अरब को सीधे सैन्य कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया है। सऊदी समर्थित यमनी सेना ने हूतियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। इसी बीच पाकिस्तान और तुर्किये भी सऊदी अरब की सुरक्षा के लिए अपने सैन्य बल तैनात करने की तैयारी में हैं। सोमवार को रियाद में मक्का रक्षा समझौते की इमरजेंसी मीटिंग हुई। इसमें सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये ने सामूहिक रक्षा व्यवस्था को सक्रिय करने और सऊदी अरब में सैन्य बलों की तेजी से तैनाती पर सहमति जताई। इससे पहले भी सऊदी ने पाकिस्तान से सैन्य मदद मांगी थी। हालांकि, पाकिस्तान ने सितंबर में मदद देने से इनकार कर दिया था।

फ्रांसिस हाल्जेन को मिला फिजिक्स का नोबेल

न्यूट्रिनो पकड़ने के लिए बर्फ का इस्तेमाल करने पर पुरस्कृत

एजेंसी



स्टॉकहोम। बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हाल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्हें यह पुरस्कार अंतरिक्ष से धरती तक आने वाले बेहद ताकतवर न्यूट्रिनो को पकड़ने और उनके बारे में पता लगाने में अहम काम के लिए दिया गया है। उन्होंने दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में न्यूट्रिनो पकड़ने वाली आइसक्यूब ऑब्जर्वेटरी बनाने का विचार दिया था। नोबेल पुरस्कार के विजेताओं को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2026 में नोबेल पुरस्कार की राशि करीब 11.5 करोड़ रुपए है। न्यूट्रिनो बहुत छोटे कण हैं, जो सूरज, तारों और अंतरिक्ष की बेहद ताकतवर घटनाओं से निकलते हैं। अरबों न्यूट्रिनो हर सेकंड हमारे शरीर और धरती के आर-पार निकल जाते हैं, लेकिन हमें उनका पता तक नहीं चलता। इन कणों की खास बात यह है कि वे अंतरिक्ष से निकलकर लगभग सीधी दिशा में धरती तक पहुंचते हैं और रास्ते में बहुत कम बदलते हैं। इसलिए अगर वैज्ञानिक इन्हें पकड़ लें, तो वे पता लगा सकते हैं कि ये ब्रह्मांड में कहां और किस घटना से निकले थे। लेकिन न्यूट्रिनो को पकड़ना आसान नहीं है। वे ज्यादातर पदार्थों को बिना टकराए पार कर जाते हैं। इसी समस्या का हल खोजते हुए वैज्ञानिक फ्रांसिस हैल्जेन ने 1988 में दक्षिणी ध्रुव की बर्फ का इस्तेमाल करने का विचार दिया। इसके तहत करीब एक घन किलोमीटर बर्फ में हजारों रोशनी पकड़ने वाले सेंसर लगाए गए। अगर कोई न्यूट्रिनो बर्फ में मौजूद परमाणु के नाभिक से टकराता है, तो उस टक्कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशियों ने किया नामांकन

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सान्निध्य में राज्यसभा चुनाव के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के सभी आठों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, रामप्रताप सिंह चौहान, श्रुति गंगवार ने विधान भवन में नामांकन दिया। मुख्यमंत्री ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं। पर्चा दाखिला के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री/भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, आशीष पटेल, डॉ. संजय निषाद, कपिलदेव अग्रवाल, जेपीएस राठौर, दिनेश प्रताप सिंह, गिरीश चंद्र यादव, ब्रजेश सिंह, सतीश चंद्र शर्मा, रजनी तिवारी, बलदेव सिंह औलख आदि मौजूद रहे। वहीं डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने मंगलवार को प्रयागराज में कहा, तीसरा राज्यसभा उम्मीदवार न उतारकर अखिलेश यादव ने पहली बार समझदारी दिखाई है। सपा तीसरा प्रत्याशी उतारती तो भाजपा भी नौवां उम्मीदवार खड़ा करती और उसकी हार तय थी। अखिलेश ने सुबह पर लिखा था, अब हमारी निगाह तीन पर नहीं, 403 पर है।

लखनऊ बनेगा एआई-डीप टेक का हब : योगी

एआई, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी और कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी में यूपी को अग्रणी बनाने की तैयारी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ को एआई, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी, कंप्यूटिंग और डीप टेक टेक्नोलॉजी का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। मंगलवार को एचसीएल टेक लखनऊ के 10वें स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में लखनऊ को भारत की अग्रणी एआई इनोवेशन सिटी के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए कम से कम 50 विश्वस्तरीय एआई स्टार्टअप स्थापित कर उन्हें वैश्विक बाजार तक पहुंचाने वाला इनोवेशन इकोसिस्टम तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने एचसीएल को भी इस अभियान में साथ आने का प्रस्ताव दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने एचसीएल आईटी सिटी लखनऊ के फेज-2 की आधारशिला रखी और परियोजना मॉडल का उद्घाटन किया। करीब 500 करोड़ रुपये के निवेश वाले दूसरे चरण में लगभग छह हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने इमर्जिंग टेक स्किलिंग सेंटर का भी शुभारंभ किया। इसके जरिए छात्रों, शिक्षकों, वर्किंग प्रोफेशनल्स और सरकारी अधिकारियों को उभरती तकनीक में प्रशिक्षित किया जाएगा। 100 एकड़ के एचसीएल टेक लखनऊ परिसर में 12,520 से अधिक टेक कर्मचारी कार्यरत हैं और छह हजार से अधिक फ्रेशर्स को नौकरी का अवसर मिला है। टेकबी कार्यक्रम से 2,200 से अधिक युवाओं को इंडस्ट्री रेडी स्किल और टेक्नोलॉजी करियर से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक दशक पहले आईटी और आईटीईएस के माध्यम से 12 से 15 हजार करोड़ रुपये का निर्यात होता था, जो अब एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। अगले चार वर्ष में इसे 2.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात भी 3,800 करोड़ से बढ़कर 45 हजार करोड़ रुपये हो गया है और 2030 तक इसे दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भारत की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट में प्रदेश का योगदान 60 प्रतिशत है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ और आगरा में आईटी पार्क चल रहे हैं। सात सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क कार्यरत हैं, जबकि वाराणसी, बरेली, कानपुर और गोरखपुर में नए आईटी पार्क बन रहे हैं। नोएडा और लखनऊ को यू-हब यानी डीप टेक हब के रूप में विकसित करने का भी निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दस वर्ष पहले अच्छी डिग्री लेने वाले यूपी के युवाओं को करियर के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जाना पड़ता था। अब प्रदेश का युवा लखनऊ में रहकर दुनिया के लिए टेक्नोलॉजी बना रहा है और ...शेष पृष्ठ 10 पर

असेंबली से एआई तक, तकनीक का निर्माता बन रहा उत्तर प्रदेश : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेश की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति का खाका पेश किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब केवल तकनीक का बाजार नहीं, बल्कि उसका निर्माता बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के मुताबिक जेवर में 3,706 करोड़ रुपये की लागत से एचसीएल-फॉक्सकॉन की चिप इकाई स्थापित हो रही है, जबकि 644 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर के प्रस्ताव आ चुके हैं। प्रदेश में 24 हजार से अधिक स्टार्टअप और आठ यूनिकॉर्न हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विजन को प्रदेश में नीति, निवेश और उत्पादन से जोड़कर जमीन पर उतारा गया है। उनके अनुसार, बीते साढ़े नौ वर्षों में देश के करीब 60 प्रतिशत मोबाइल फोन और 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी है। योगी ने कहा कि प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन बढ़ने के साथ डेटा सेंटर की जरूरत बढ़ी और अब डेटा सेंटर से एआई सिटी तक भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था ...शेष पृष्ठ 10 पर

पंजाब सीएम के ऑफिस पर सीबीआई छापा

ओएसडी के घर भी पहुंचे अधिकारी, मुख्यमंत्री बोले-भाजपा में घबराहट

एजेंसी



चंडीगढ़। सीबीआई ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी (विशेष ड्यूटी अधिकारी) राजबीर घुमम्न के संगरूर स्थित घर और उनके भाई के मोहाली स्थित घर पर छापेमारी की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सीबीआई की टीम ने मोहाली के फेज-11 में गुरकिरपाल सिंह थिंद (ओएसडी राजबीर घुमम्न के भाई) के घर पर भी छापा मारा है। इसके साथ ही, सीबीआई की टीम मुख्यमंत्री कार्यालय में भी पहुंची।

सीबीआई के मुताबिक, आरोपियों पर अधिकारियों की पोस्टिंग में कथित तौर पर प्रभाव डालने और हेरफेर करने, विभागीय कार्रवाई, नीति निर्माण, प्रशासनिक मंजूरियों, टेंडर की शर्तों, लाइसेंसिंग, लैंड यूज कन्वर्जन, संपत्ति विवाद तथा राजस्व और भूमि से जुड़े मामलों में कथित तौर पर आर्थिक लाभ लेकर काम कराने के आरोपों की जांच की जा रही है। जांच एजेंसी के अनुसार, मामले में यह आरोप भी है कि कुछ सरकारी अधिकारियों ने सरकार की ओर से आदेश और नीतियां जारी होने से पहले उनके ड्राफ्ट निजी व्यक्तियों तक पहुंचाए। सीबीआई ने राजबीर घुम्मन, नितिन गोहल, जितिन गोहल ...शेष पृष्ठ 10 पर

एयरपोर्ट के लेबर कैंप में भीषण आग, दो झुलसे

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परिसर में मंगलवार सुबह मजदूरों के तीन मंजिला लेबर कैंप में भीषण आग लग गई। पीवीसी से बने कमरों में आग तेजी से फैलने से करीब दर्जन भर कमरे इसकी चपेट में आ गए। हादसे में एक मजदूर झुलस गया, जबकि दूसरा दूसरी मंजिल से कूदने के दौरान घायल हो गया। छह दमकल गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

एयरपोर्ट परिसर में टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड की ओर से फाइव स्टार होटल का निर्माण कराया जा रहा है। यहां करीब चार हजार मजदूर काम कर रहे हैं। एयरपोर्ट से लगभग 800 मीटर की दूरी पर लक्ष्मण चौक स्थित टाटा प्रोजेक्ट के लेबरों के लिए बनाई गई कॉलोनी ...शेष पृष्ठ 10 पर

देश का छठा पूर्ण साक्षर राज्य बना उत्तराखंड


पूर्ण साक्षरता को व्यापक सामाजिक बदलाव के साथ जोड़ना जरूरी : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड ने साक्षरता के क्षेत्र में एक अहम पड़ाव पार करते हुए देश के पूर्ण साक्षर राज्यों में अपनी जगह बना ली है। मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के बाद उत्तराखंड देश का छठा पूर्ण साक्षर राज्य बना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस उपलब्धि के साथ राज्य की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब शिक्षा को केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित न रखकर नागरिकों को आधुनिक तकनीक, वित्तीय व्यवस्थाओं और जीवन से जुड़े जरूरी कौशल से जोड़ना होगा।

पूर्ण साक्षरता की उपलब्धि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अभियान से जुड़े सभी लोगों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राज्य के पर्वतीय और दुर्गम इलाकों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाना चुनौतीपूर्ण रहा है। ऐसे में शिक्षकों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और नव-साक्षरों सहित अभियान से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के प्रयासों ने इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 30.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- बाढ़ में डूबी फसलों का डिजिटल सर्वे (पृष्ठ-02)
- 1.28 लाख शिक्षामित्रों को बढ़े मानदेय का लाभ (पृष्ठ-02)
- सोने की दाम में गिरावट, डॉलर बढ़ने से दबाव (पृष्ठ-10)
- एआई की तैयारी में भारत दुनिया के शीर्ष 10 देशों में (पृष्ठ-10)
- मजबूत घरेलू मांग से भारतीय सेवा क्षेत्र में उछाल (पृष्ठ-10)

विशेष खबर | यूपीएफएसडीए ने एनपीपीए से मांगा हस्तक्षेप, अस्पताल फार्मेसियों में एक नवंबर से खरीद-बिक्री कीमत होगी सार्वजनिक

मरीजों से दवा की 67 गुना अधिक कीमत वसूल रहे अस्पताल

विशेष संवाददाता



लखनऊ। अस्पतालों में दवाओं की खरीद कीमत और मरीज से वसूली जाने वाली कीमत के बीच भारी अंतर का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (यूपीएफएसडीए) की प्रदेश के 22 मेडिकल कॉलेजों और 30 सरकारी व निजी अस्पतालों की 200 से अधिक फार्मेसियों में हुई जांच में कुछ दवाओं, मेडिकल डिवाइस, कंज्यूमेबल्स और न्यूट्रास्यूटिकल्स की खरीद कीमत और बिक्री कीमत में 67 गुना तक का अंतर मिला। इसके बाद विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप के लिए नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) को पत्र भेजा है।

यूपीएफएसडीए की आयुक्त एवं सचिव डॉ. रोशन जैकब ने एनपीपीए से दवाओं की कीमतों और ट्रेड मार्जिन की समीक्षा के साथ हाई-एमआरपी दवाओं पर ट्रेड मार्जिन की अधिकतम सीमा तय करने और अत्यधिक मार्जिन वाली अस्पताल आपूर्ति की दवाओं को मूल्य नियंत्रण के दायरे में लाने पर विचार करने का आग्रह किया है। मरीजों को दवाओं की कीमत में पारदर्शिता उपलब्ध कराने के लिए यूपीएफएसडीए ने अस्पताल परिसर की उन फार्मेसियों में मूल्य सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं, जहां मरीजों के पास दवा खरीदने का व्यावहारिक विकल्प नहीं होता। इसमें दवा की वास्तविक खरीद कीमत यानी पीटीआर (प्राइस टू रिटेलर) और मरीज से ली जाने वाली पीटीसी (प्राइस टू कंज्यूमर) की जानकारी दी जाएगी। यह व्यवस्था 1 नवंबर 2026 से लागू किए जाने की तैयारी है। इसके अलावा सभी रिटेल फार्मेसियों को सार्वजनिक वेबसाइट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। वेबसाइट पर लाइसेंस नंबर, फार्मासिस्ट, लाइसेंसी परिसर और स्टॉक की जानकारी उपलब्ध करानी होगी और इसे साप्ताहिक रूप से अपडेट करना होगा। यूपीएफएसडीए ने एनपीपीए को बताया कि अस्पतालों की संस्थागत खरीद में कई बार दवाएं भारी छूट पर खरीदी जाती ...शेष पृष्ठ 10 पर

एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह वैध : शीर्ष न्यायालय

एजेंसी

नई दिल्ली। एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों का तीव्र विरोध चल रहा है। इसे खारिज करने की मांग की जा रही है जो संभव नहीं है क्योंकि एसआईआर संवैधानिक भी है और इसका इतिहास भी है।

चुनाव आयोग को इसे कराने का पूरा अधिकार

देश में पहले भी 1951 अब तक आठ बार एसआईआर हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट भी लगभग एक साल तक चली सुनवाई के बाद यह स्पष्ट कर चुका है कि एसआईआर वैधानिक है और चुनाव आयोग को इसे कराने का पूरा अधिकार है। इस सबके बावजूद जिस तरह का विवाद उभरा है उससे एक बात स्पष्ट है कि अगर शुरू से ही आयोग इस पूरी प्रक्रिया में थोड़ा और वक्त देता और अधिकारी संयम रखते तो यह स्थिति ही नहीं खड़ी होती। इस पूरी प्रक्रिया को तीन महीने के अंदर खत्म करने के शेड्यूल की बजाय छह सात महीने भी किया जाता तो चुनाव आयोग पर संभवतः कोई आंच ही नही आती और एक संवैधानिक प्रक्रिया को राजनीतिक दल सड़कों पर न घसीट पाते। विपक्ष की ओर से कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं जो बहुत तार्किक नहीं हैं। लेकिन यह सवाल लाजिमी है कि ऐसे हर मतदाता को जिन्हें किसी न किसी कारण से ड्राफ्ट और अंतिम सूची से बाहर रखा गया है, उसे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए ...शेष पृष्ठ 10 पर

बाढ़ में डूबी फसलों का डिजिटल सर्वे

वास्तविक नुकसान के आधार पर मिलेगी राहत

विशेष संवाददाता (vol)

- रिपोर्ट तक सीमित नहीं रहेगा सर्वे, अधिकारी खुद जाकर देखेंगे फसलों का नुकसान
- बारिश, चक्रवात और बाढ़ से हुए नुकसान का होगा पारदर्शी आकलन



लखनऊ। प्रदेश सरकार ने हाल में चक्रवात, अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए फसल क्षति का तेजी से और पारदर्शी आकलन कराने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों और अपर जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए 12 अक्टूबर तक राहत पोर्टल पर डिजिटल क्रॉप सर्वे के अनुसार फसल क्षति की फीडिंग पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद पात्र किसानों को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

राहत आयुक्त ने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और किसी भी प्रभावित किसान का अहित नहीं होना चाहिए। फसल क्षति का आकलन केवल लेखपाल और कानूनगो की रिपोर्ट के आधार पर नहीं होगा। जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी स्वयं क्षेत्र में जाकर सर्वे की स्थिति देखेंगे और इसकी गुणवत्ता व पारदर्शिता सुनिश्चित करेंगे। बाढ़ के पानी में डूबी फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जाएगा। इससे खेतों में हुई वास्तविक क्षति का अधिक सटीक आकलन किया जा सकेगा। डिजिटल सर्वे से मिली जानकारी के आधार पर पात्र किसानों को उनकी फसल के नुकसान के अनुसार नियमानुसार सहायता राशि दी जाएगी। उप जिलाधिकारी और तहसीलदार डिजिटल क्रॉप सर्वे का क्रॉस-वेरिफिकेशन भी करेंगे। फसल क्षति का आकलन अधिक वैज्ञानिक और तथ्यपरक बनाने के लिए आईएमडी और एडब्ल्यूएस-एआरजी की रिपोर्ट व आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इससे संबंधित क्षेत्रों में वास्तव में कितनी बारिश हुई, इसका सही आकलन किया जा सकेगा। वर्षा के वास्तविक आंकड़ों और डिजिटल सर्वे को आधार बनाकर फसल नुकसान का निर्धारण किया जाएगा। राहत आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि हर स्थिति में 12 अक्टूबर तक राहत पोर्टल पर डिजिटल क्रॉप सर्वे के अनुसार फसल क्षति की फीडिंग पूरी कर ली जाए। जिलों में सर्वे की प्रगति प्रतिदिन गूगल शीट और पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। बजट की मांग भी पोर्टल पर दर्ज वास्तविक आंकड़ों के आधार पर ही की जाएगी। फसल सर्वे से पहले संबंधित खसरा और अन्य राजस्व अभिलेखों की जांच की जाएगी। इससे पिछले वर्ष बोई गई फसल की जानकारी मिल सकेगी और वर्तमान फसल तथा उसे हुई क्षति का सही आकलन करने में मदद मिलेगी। इससे पात्र किसानों तक राहत पहुंचाने में पारदर्शिता बढ़ेगी। सरकार ने केवल बाढ़ से हुई फसल क्षति ही नहीं, बल्कि भारी बारिश और चक्रवात के प्रभाव से हुए नुकसान को भी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। संबंधित जिलों को निर्धारित गूगल शीट पर इन सभी आंकड़ों को अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। आंकड़ों में किसी तरह की भिन्नता मिलने पर संबंधित अधिकारी को उसका स्पष्ट कारण बताना होगा। योगी सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राहत और सहायता वितरण की पूरी प्रक्रिया में तेजी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए। प्रभावित किसानों को समय पर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। राहत आयुक्त ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि आमजन के जीवन की आधारशिला हैं। इसलिए सभी अधिकारी किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करें।

5 स्नातक व 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए पहचान पत्र अनिवार्य

मतदाता फोटो पहचान पत्र न होने पर वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों के आधार पर भी कर सकेंगे मतदान



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के पांच स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों (मेरठ खण्ड स्नातक, आगरा खण्ड स्नातक, वाराणसी खण्ड स्नातक, लखनऊ खण्ड स्नातक एवं इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक) तथा छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों (मेरठ खण्ड शिक्षक, आगरा खण्ड शिक्षक, वाराणसी खण्ड शिक्षक, लखनऊ खण्ड शिक्षक, बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक एवं गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक) में 23 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

मतदान के दौरान किसी भी प्रकार के प्रतिरूपण (फर्जी मतदान) को रोकने की दृष्टि से ऐसे समस्त मतदाता जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं, उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने से पूर्व अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो निर्वाचक किसी कारणवश अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहते हैं, उन्हें मतदान से वंचित नहीं किया जाएगा। ऐसे मतदाताओं की पहचान सिद्ध करने के लिए आयोग द्वारा वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों की मान्यता दी गई है।

ये दस्तावेज हैं आवश्यक

निर्वाचक निम्नलिखित में से कोई भी एक वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे-

1. आधार कार्ड
2. ड्राइविंग लाइसेंस
3. पैन कार्ड
4. भारतीय पासपोर्ट
5. राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (ढरवर२), स्थानीय निकायों अथवा अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र
6. सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी सरकारी पहचान-पत्र
7. संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक जिस शैक्षणिक संस्था में नियोजित हो, उस संस्था द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र
8. विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र
9. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र
10. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड

राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2026 होगी आज

विशेष संवाददाता (vol)

- कृषि मंत्री होंगे मुख्य अतिथि, कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी फसलों की रणनीति पर होगी विशेष चर्चा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आगामी रबी मौसम को देखते हुए कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने और रणनीति तैयार करने के लिए 07 अक्टूबर को राजधानी लखनऊ के स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में सुबह 10 बजे से राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2026 का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गोष्ठी की अध्यक्षता कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा की जाएगी। गोष्ठी में प्रदेश भर से कृषि विभाग के समस्त मण्डलीय, जनपदीय एवं तहसील स्तर के अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक जनपद से कृषि विभाग एवं अनुषांगी विभागों से 03-03 पुरस्कृत कृषक तथा प्रत्येक मण्डल से 02-02 विशिष्ट प्रगतिशील महिला कृषक भी सम्मिलित होंगे। अंतर्राष्ट्रीय महिला कृषक वर्ष के दृष्टिगत प्रतिभाग करने वाले कृषकों में महिला कृषकों को विशेष वरीयता दी जा रही है।

गोष्ठी में रबी की बेहतर रणनीति, उन्नत कृषि पद्धतियों तथा उत्पादकता वृद्धि के विभिन्न आयामों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजन में विभिन्न संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों, प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों सहित कृषि अनुसंधान एवं विकास से जुड़ी प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

डीएनए-ड्रोन लैब में प्रशिक्षु अफसरों ने समझी जांच की ताकत

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रान्तीय सिविल सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने समझी डीएनए तथा ड्रोन लैब के बारीकियां
- कानून और विज्ञान का संगम ही फॉरेंसिक विज्ञान : डॉ जी. के. गोस्वामी

लखनऊ। प्रदेश सरकार की तकनीक आधारित न्याय व्यवस्था को वैज्ञानिक साक्ष्यों का संबल मिल रहा है। इसी कड़ी में प्रान्तीय सिविल सेवा 2025 बैच के 38 प्रशिक्षणाधीन अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ का भ्रमण कर आधुनिक फॉरेंसिक जांच की बारीकियां समझीं। अधिकारियों ने संस्थान में स्थापित डीएनए लैब और ड्रोन लैब का अवलोकन किया तथा अपराध की वैज्ञानिक जांच में इनके उपयोग और महत्व की जानकारी प्राप्त की इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ जी.के. गोस्वामी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा फॉरेंसिक साइंस के माध्यम से सच्चाई को वैज्ञानिक रूप से कानून के समक्ष ला कर न्याय दिलाने में सहयोग करना ही हमारा मूल कार्य है।

फील्ड में सिविल सेवा का काम बेहद कठिन काम है जो त्याग और समर्पण मांगता है, आपको मानसिक रूप से हर पल अपने को विषम परिस्थितियों से जूझने के लिए तैयार रखना होगा। उन्होंने कहा कि कानून और विज्ञान का संगम ही फॉरेंसिक विज्ञान है।

यह एक विजन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश भर के अफसरों को फॉरेंसिक की बारीकियां से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने नए कानून के सदर्भ में तीन विषयों न्याय, सत्य एवं साक्ष्य पर भी प्रकाश डालते हुए इसका महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में फॉरेंसिक विज्ञान अति महत्वपूर्ण है साइबर और फॉरेंसिक हमारे जीवन में साया की तरह है क्योंकि हमारा जीवन आधुनिक तकनीक पर ज्यादा निर्भर है। डॉ गोस्वामी ने कहा कि मृत्यु कालिक बयान के विषय पर प्रशिक्षु अधिकारियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि मृत्युकालिक बयान की आवश्यकता तब पड़ती है जब ऐसा प्रतीत हो कि यदि पीड़ित के बयान तत्काल अंकित नहीं किए गये तो उसकी मृत्यु हो सकती है और बाद में अपराध को कानूनी रूप से सुझाने का महत्वपूर्ण साक्ष्य का लोप हो सकता है। ऐसी दशा में पुलिस अथवा चिकित्सक की सूचना पर किसी भी मजिस्ट्रेट को पीड़ित की भाषा में ही उसके बयान अंकित करने चाहिए जो कानूनी रूप से ग्राह्य है। उन्होंने कहा कि संभव हो तो बयान के समय डिजिटल रिकार्डिंग भी करा लें। यदि पीड़ित व्यक्ति बात करने में सक्षम न हो परन्तु लिखित देने में सक्षम हो तो एसा बयान भी मृत्युकालिक बयान माना जायेगा। संस्थान के अपर निदेशक संजीव सुमन ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संस्थान के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीब मुखर्जी, अतुल यादव, पलक अनेजा, सेंथिल शिव सुब्रमण्यम, जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी, आरआई शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

1.28 लाख शिक्षामित्रों को बढ़े मानदेय का लाभ, 460.23 करोड़ जारी

विशेष संवाददाता (vol)

- मानदेय 10 हजार से बढ़कर हुआ 18 हजार रुपये प्रतिमाह



लखनऊ। प्रदेश के करीब 1.28 लाख शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। समग्र शिक्षा के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2026-27 में कार्यरत 1,27,841 शिक्षामित्रों के सितंबर और अक्टूबर के मानदेय के लिए 460.23 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। दोनों महीनों के लिए 230.11-230.11 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में 8 हजार रुपये प्रतिमाह की वृद्धि की है। इसके बाद मानदेय 10 हजार से बढ़कर 18 हजार रुपये प्रतिमाह हो गया है। यानी मानदेय में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बढ़ी दर पर सितंबर और अक्टूबर के भुगतान के लिए संबंधित जनपदों को धनराशि आवंटित कर दी गई है। शासन की ओर से संबंधित जनपदों को निर्धारित आवंटन के अनुसार शिक्षामित्रों के मानदेय भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे प्रदेश के सभी जिलों में समग्र शिक्षा के तहत कार्यरत शिक्षामित्रों को बढ़ी हुई दर से मानदेय मिलने का रास्ता खुल गया है। सितंबर के मानदेय के लिए 230.11 करोड़ रुपये और अक्टूबर के लिए भी 230.11 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस तरह दो माह के लिए कुल 460.23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। सरकार के अनुसार मानदेय में वृद्धि से शिक्षामित्रों को अतिरिक्त आर्थिक संबल मिलेगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि कर उनके आर्थिक हितों को मजबूती दी है। वहीं, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि बढ़े मानदेय से शिक्षामित्रों को अतिरिक्त आर्थिक संबल मिलेगा और वे विद्यालयों में अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक उत्साह के साथ कर सकेंगे।

सितंबर में आबकारी राजस्व ने कमाये 800 करोड़

89,251 छापे, 2.33 लाख लीटर अवैध शराब बरामद कर 251 आरोपी भेजे गये जेल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ की अवैध शराब के कारोबार और माफिया तंत्र के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति का सीधा और बड़ा असर उत्तर प्रदेश के आबकारी राजस्व पर दिख रहा है। आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के सितंबर महीने में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए गत वर्ष के मुकाबले राजस्व संग्रह में लगभग 21% की जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2026 में कुल 4,611.29 करोड़ रुपए का राजस्व हासिल हुआ है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि (3,811.70 करोड़) से 799.59 करोड़ रुपए अधिक है। इसके साथ ही विभाग ने इस माह 120.98% की उपलब्धि हासिल की है।

आबकारी विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए गए सघन प्रवर्तन अभियान, अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी, अवैध भट्ठियों के ध्वस्तीकरण और माफियाओं की धरपकड़ का नतीजा रहा कि समानांतर अवैध व्यापार पूरी तरह ध्वस्त हो गया। हाईवे, ढाबों और अंतर्राज्यीय सीमाओं पर लगातार चेकिंग और क्यूआर कोड आधारित ह्यट्रैक एंड ट्रेसह्ल तकनीक की वजह से कर चोरी पर पूरी तरह लगाम कसी गई है, जिससे वैध बिक्री में तेजी आई और सीधा लाभ सरकारी खजाने को मिला। चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर 2026) के दौरान भी विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। विभाग की कुल क्रमिक प्राप्ति 29,406.50 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले छह महीनों में यह आंकड़ा 26,149.32 करोड़ रुपए था। इस प्रकार गत वर्ष के मुकाबले विभाग ने 3,257.18 करोड़ रुपए (112.46%) का अतिरिक्त राजस्व जुटाया है। आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा विभाग की टीम ने पूरे प्रदेश में तकनीक-सक्षम निगरानी और सघन प्रवर्तन अभियान चलाकर लीकेज को पूरी तरह रोका है। डिस्टिलरी से लेकर फुटकर दुकानों तक कड़ा पहरा है। निरंतर छापेमारी, जब्ती और गिरफ्तारियों के चलते अवैध नेटवर्क को तोड़ा गया है, जिसका सीधा परिणाम इस रिकॉर्ड राजस्व संग्रह के रूप में सामने आया है। चालू वित्तीय वर्ष के आगामी महीनों में भी यह कड़ाई जारी रहेगी। आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश से माफिया राज और अवैध धंधे पूरी तरह समाप्त हो रहे हैं। सितंबर माह में लगभग 800 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व यह साबित करता है कि जनता का विश्वास पारदर्शी व्यवस्था में है। यह अतिरिक्त राजस्व प्रदेश के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी योजनाओं को और गति देगा। अवैध शराब का कारोबार करने वालों के लिए उत्तर प्रदेश में कोई जगह नहीं है। सितंबर 2026 में चलाए गए विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत विभाग ने 89 हजार से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर 2.33 लाख लीटर से ज्यादा अवैध शराब जब्त की और 251 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

राष्ट्रीय मंच पर दस्तक देगा ओडीओसी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में आकर्षण का केंद्र बनने के बाद योगी सरकार की पहल एक जनपद, एक व्यंजन (ओडीओसी) अब राष्ट्रीय मंच पर दस्तक देने जा रही है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले 45वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) में पहली बार ओडीओसी का स्टॉल लगाया जाएगा। यहां ओडीओपी के साथ उत्तर प्रदेश के स्थानीय व्यंजनों, पारंपरिक स्वाद और समृद्ध पाक विरासत को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में ओडीओसी को मिले मंच के बाद आईआईटीएफ जैसे प्रतिष्ठित व्यापार मेले में इसकी पहली भागीदारी को प्रदेश के स्थानीय व्यंजनों को बड़े बाजार से जोड़ने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। स्टॉल के जरिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की खास पहचान रखने वाले व्यंजनों और उनसे जुड़े उत्पादों को व्यवस्थित ढंग से प्रदर्शित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों की अपनी विशिष्ट पाक पहचान है। ओडीओसी का उद्देश्य इन्हीं पारंपरिक व्यंजनों को ब्रांडिंग, बाजार और व्यापारिक अवसरों से जोड़ना है। अब तक एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) के जरिए जिलों के विशिष्ट उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने पर जोर दिया जाता रहा है। ओडीओसी के माध्यम से इसी आर्थिक सोच को प्रदेश की पाक परंपराओं तक विस्तार दिया जा रहा है। आईआईटीएफ में आने वाले देशभर के आगंतुकों, व्यापारियों, निवेशकों और संभावित खरीदारों को उत्तर प्रदेश के स्थानीय व्यंजनों और उनसे जुड़े उत्पादों को जानने का अवसर मिलेगा। इससे खाद्य कारोबारियों, उद्यमियों और स्थानीय स्तर पर पारंपरिक व्यंजनों से जुड़े लोगों के लिए नए बाजार तलाशने की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। प्रदेश सरकार स्थानीय उत्पादों को बाजार, ब्रांड और व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है।

ओडीओपी इसी दिशा में प्रमुख पहलों में शामिल है। अब ओडीओसी के माध्यम से स्थानीय स्वाद और पाक विरासत को भी राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। आईआईटीएफ में ओडीओपी और ओडीओसी की संयुक्त मौजूदगी से उत्तर प्रदेश के उत्पाद और स्वाद, दोनों को एक ही मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के इंटरनेशनल ट्रेड शो से शुरू हुआ यह विस्तार अब भारत मंडपम तक पहुंच रहा है। ऐसे में ओडीओसी के लिए आईआईटीएफ में पहली भागीदारी प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों को व्यापक बाजार और नई पहचान दिलाने का अवसर बन सकती है।

फैजुल्लागंज में जलभराव पर रक्षामंत्री ने जतायी चिंता



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए फैजुल्लागंज एवं दाऊदनगर क्षेत्र में प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। क्षेत्र में उत्पन्न स्थिति को लेकर भारत सरकार के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह लगातार मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी से संपर्क कर राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने तथा राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न होने के निर्देश दिए हैं।

रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि फैजुल्लागंज एवं दाऊदनगर क्षेत्र में गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे और प्रभावित लोगों को हर संभव राहत एवं सहायता उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने जिलाधिकारी से राहत एवं बचाव कार्यों की निरंतर जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को भी निर्देशित किया कि संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग करें और जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक सामग्री एवं सहायता तत्काल पहुंचाई जाए। निर्देश के क्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा, एमएलसी मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता फैजुल्लागंज एवं दाऊदनगर क्षेत्र में पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए नागरिकों की समस्याओं की जानकारी ली और राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन का सहयोग किया।

प्रभावित परिवारों तक पहुंचायी जा रही आवश्यक सहायता : भाजपा

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। प्रभावित परिवारों तक आवश्यक खाद्य सामग्री एवं अन्य जरूरी सहायता पहुंचाने के साथ ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा और संवेदना की भावना के साथ प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राहत कार्य में जुटे हैं। किसी भी नागरिक को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और आवश्यकता के अनुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के दिशा-निर्देश पर भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं। प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है तथा राहत कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

आराधना मिश्रा 'मोना' ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र लिखकर बर्बाद हुए फसलों के तत्काल आंकलन कर समुचित मुआवजा देने की उठायी मांग

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने बाढ़ से फसलों के हुए नुकसान को लेकर किसानों को उचित मुआवजा और संक्रमण/बीमारी बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में चक्रवाती बारिश और नदियों में लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण बाढ़ की भयावह स्थित बन चुकी है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश में अन्य जनपदों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है। लखनऊ के इटौंजा, बख्शी का तालाब क्षेत्र में फसलें जलमग्न होने के कारण बर्बाद हो गई हैं और लोगों को अपने घर छोड़ने पड़ रहे हैं जिससे खाने पीने की समस्या भी बनी हुई है। राजधानी लखनऊ शहर में फैजुल्लागंज स्थित 35 हजार से ज्यादा घर गोमती पर तटबंध न होने की वजह जलमग्न हैं, फैजुल्लागंज के मामा कालोनी, दाउदनगर, लोहरामऊ, घैला सहित समीपवर्ती अंचलों में जलभराव चरम पर होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि लखीमपुर में शारदा कटान के कारण, गोला के रूरा सुल्तानपुर, बिजुआ, सीतापुर में सराय नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण शहर के कई मोहल्ले बटगंज, केशव ग्रीन सिटी, दुर्गा पुरवा, जनपद हरदोई के संडीला के गोमती नदी में बड़े जलस्तर से, भटपुर, कटका-कटकी सहित अन्य गांव प्रभावित हैं। सवायजपुर में भी बाढ़ का प्रकोप बना हुआ है। बाराबंकी, अयोध्या, बलरामपुर में भीषण बाढ़ और कुशीनगर में भी तटबंध कटने से बाढ़ के कारण दर्जनों गांवों में लोगों का जीवन-यापन खतरे में है और बीमारी/संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है।

आराधना मिश्रा 'मोना' ने पत्र में कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है, हजारों लोग पलायन करने को मजबूर हैं और कृषि योग्य हजारों हेक्टेयर भूमि पानी से डूब गयी है, ऐसे में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था व स्थायी समाधान के लिए रणनीति बनाए जाने की आवश्यकता है।

आराधना मिश्रा 'मोना' ने मांग की है कि बाढ़ प्रभावित जिलों में जो फसलों का नुकसान हुआ है वहां उचित मूल्यांकन कराकर समुचित मुआवजा दिया जाय और बाढ़ से उत्पन्न संक्रमण एवं बीमारियों से बचने के लिए तत्काल स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक कदम उठाये जायें।

सीईसी के खिलाफ अखिलेश समेत विपक्ष का प्रदर्शन

सपा अध्यक्ष समेत सभी विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया

विशेष संवाददाता (vol)



- भारतीय जनता पार्टी ही है सीईसी : अखिलेश यादव

लखनऊ। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली में इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार से निर्वाचन आयोग मुख्यालय की ओर निकाले गए मार्च को पुलिस ने बीच रास्ते में रोक दिया। इसके बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत सपा के सभी सांसदों और विपक्ष के नेताओं को हिरासत में ले लिया।

विपक्षी दलों का प्रदर्शन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव प्रक्रिया मे धांधली के आरोप के खिलाफ था। पूरा विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहा है। मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद विपक्षी सांसद सड़क पर बैठ गए और धरना दिया। इसके बाद पुलिस ने अखिलेश यादव समेत सभी विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया।

अखिलेश यादव ने कहा कि जो देश की खातिर लड़ते हैं वो गिरफ्तारी से नहीं डरते है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही सीईसी है। देश का एकमत है मुख्य चुनाव आयुक्त त्यागपत्र दें। उन्होंने कहा कि वन-नेशन, वन-इलेक्शन की थोथी बात करने वालों का असली मंसूबा और चंडीगढ़ी चाल ये है कि एक बार में ही चुनाव कराकर सब निपटा दो, बार-बार घपला करने की जरूरत ही न पड़े। घपला-घोटाला जितनी कम बार होगा, पकड़े जाने की आशंका भी उतनी ही कम होगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल वन नेशन वन इलेक्शन की जगह, इन भाजपाइयों को कहना चाहिए वन करप्शन, वन इलेक्शन। मतलब अब केवल एक और बार ही चुनाव करवाने की साजिश है, फिर कभी चुनाव होगा ही नहीं।

दिवाली में शुरू होगा सबसे ऊंचा फ्लाइओवर

डालीगंज से पक्का पुल तक का सफर महज महज 02 मिनट में होगा पूरा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बन रहा लखनऊ का सबसे ऊंचा फ्लाईओवर इस दीपावली से पहले चालू हो जाएगा। इससे डालीगंज से पक्का पुल तक का सफर महज 02 मिनट में पूरा होगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को परियोजना का निरीक्षण किया। मौके पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए उन्होंने टीले वाली मस्जिद के पास इंटीग्रेटेड रोटरी बनाने के निर्देश दिये हैं।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पक्का पुल (हर्डिंग ब्रिज) से डालीगंज रोटरी के मध्य बना यह 2-लेन फ्लाईओवर 1.1 किलोमीटर लंबा है। रेलवे ब्रिज के ऊपर बने इस फ्लाईओवर की जमीन से ऊंचाई लगभग 25 मीटर है। फ्लाईओवर के स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा हो चुका है और मौके पर डामरीकरण एवं स्ट्रीट



● 1.1 किलोमीटर लंबा यह 2-लेन फ्लाईओवर जमीन से 25 मीटर की ऊंचाई पर बना है

लाइट्स का कार्य करवाया जा रहा है। अक्टूबर माह के अंत तक समस्त अवशेष कार्य पूर्ण कराकर इसे दीपावली से पहले चालू करने की योजना है। इस फ्लाईओवर के शुरू होने से पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक सीधा आवागमन सुनिश्चित होगा और पुराने लखनऊ की लगभग 10 लाख की आबादी को बड़ा लाभ मिलेगा।

निरीक्षण में पीआईयू के प्रभारी एके सिंह सेंगर, जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। फ्लाईओवर पर चढ़ने व उतरने वाले ट्रैफिक को सुरक्षित और सुगम रास्ता देने के लिए इंटीग्रेटेड रोटरी बनायी जाएगी। इसके अंतर्गत टीले वाली मस्जिद के पास एक नयी रोटरी बनेगी। वहीं, मरी माता मंदिर के पास पूर्व निर्मित रोटरी को री-मॉडल करके वाहनों के लिए 4-लेन पैसेज तैयार किया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 व वी0एन0आई0टी0 नागपुर की संयुक्त टीम की ओर से सर्वे कराकर इंटीग्रेटेड रोटरी की ड्राइंग तैयार करायी गयी है।

पक्का पुल बनेगा पेडेस्ट्रियन ब्रिज : एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सेतु निगम द्वारा पक्का पुल के पास गोमती नदी पर नया ब्रिज बनाया जा रहा है। इस ब्रिज के बनकर चालू होने के बाद पक्का पुल पर वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पक्का पुल को पैदल यात्रियों के लिए पेडेस्ट्रियन ब्रिज के रूप में उपयोग में लाने का प्रस्ताव है।

73 भूखण्डों का लॉटरी से हुआ आवंटन

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को अनंत नगर आवासीय योजना के 73 भूखण्डों का लॉटरी से आवंटन किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में हुये इस आयोजन में 1,414 आवेदकों के मध्य लॉटरी ड्रा की पर्चियां निकाली गयीं। लॉटरी में अपने नाम की पर्ची निकलने पर आवेदकों के चेहरे खिल उठे। इसे मिलाकर योजना के पांचवें चरण में कुल 520 भूखण्डों का सफलतापूर्वक आवंटन किया गया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि मोहान रोड स्थित अनंत नगर योजना का विकास 785 एकड़ क्षेत्रफल में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है। जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछायी जा रही हैं। योजना में बड़े हिस्से में एडुटेक सिटी विकसित की जाएगी। वहीं, लगभग 130 एकड़ भूमि पर पार्कों व ग्रीन स्पेस का विकास किया जाएगा।

बाढ़ का कहर, प्रमुख स्थलों में घुसा पानी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नदी के बढ़े जलस्तर से राजधानी लखनऊ में बाढ़ का असर लगातार गंभीर होता जा रहा है। रिहायशी इलाकों के साथ प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। लेटे हनुमान मंदिर में करीब 15 फुट पानी भरने से हनुमान जी की प्रतिमा जलमग्न हो गई। मंगलवार को जलभराव के कारण भक्त सिंदूर अभिषेक नहीं कर सके। इस दौरान 51 लीटर दूध से हनुमान जी का अभिषेक किया गया।

गोमती के बढ़े जलस्तर से लेटे हनुमान मंदिर जलमग्न, चंद्रिका देवी मंदिर के चारों ओर पानी, पक्का और मेहंदी घाट पुल का निर्माण भी प्रभावित

फैजुल्लागंज में सांपों का खतरा

पौराणिक चंद्रिका देवी मंदिर के चारों ओर भी पानी भर गया है। मंदिर तक पहुंचने वाले तीन प्रमुख मार्गों में मुख्य मार्ग पिछले करीब एक सप्ताह से जलमग्न है, जबकि पीछे से आने वाली सड़क पर भी तेज बहाव के साथ पानी भर गया है। हनुमान गढ़ी के सामने टीन शेड में घुटनों तक पानी पहुंच गया है।

मंदिर परिसर चारों ओर से पानी से घिरकर टापू जैसा हो गया है। सामान्य दिनों में भक्तों से गुलजार रहने वाले परिसर में अब सन्नाटा पसरा है। मंदिर समिति के महामंत्री अनुराग तिवारी ने बताया कि स्थिति सामान्य होने तक श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में नहीं आने की अपील की गई है।

फैजुल्लागंज में बाढ़ का पानी अब लोगों के लिए परेशानी के साथ सुरक्षा का खतरा भी बन गया है। गंदे और दूषित पानी के बीच सांप और अन्य जहरीले जीव-जंतु निकलकर घरों में पहुंच रहे हैं। इससे लोगों में दहशत है। फैजुल्लागंज, घैला समेत कई इलाकों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

गोमती की बाढ़ से हनुमंत धाम, गोमती रिवरफ्रंट, लेटे हनुमान मंदिर, प्राचीन शनिदेव मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, हैदरी मस्जिद और मरीन ड्राइव की फूड वैली समेत कई प्रमुख स्थल प्रभावित हुए हैं। शहर का प्रमुख भैंसा कुंड श्मशान घाट भी बाढ़ की चपेट में है। लगातार बढ़ते जलस्तर से शहर के कई इलाकों में आवागमन और सामान्य गतिविधियां प्रभावित हैं।

पुल निर्माण की रफ्तार थमी : गोमती के बढ़े जलस्तर का असर निमार्णाधीन पक्का पुल और मेहंदी घाट पुल पर भी पड़ा है। दोनों पुलों का करीब 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और सेतु निगम दिसंबर तक निर्माण पूरा करने की तैयारी में था। हालांकि, नदी का पानी बढ़ने से काम प्रभावित हुआ है। पक्का पुल के अंतिम डेक का कुछ मीटर काम बाकी है। निर्माण सामग्री नदी किनारे रखी है, जिसे क्रेन से ऊपर पहुंचाया जाना था, लेकिन पानी बढ़ने से क्रेन का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। मेहंदी घाट पुल में 11 खंभे बनाए जा रहे हैं और अंतिम खंभे पर काम चल रहा था, जो अब प्रभावित है।

पार्षद अरुण राय ने पटरी दुकानदारों के साथ किया प्रदर्शन

जोन चार के अधिकारियों पर अवैध वसूली का लगाया आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर नगर निगम और रेहड़ी-पटरी दुकानदारों के बीच शुरू हुआ विवाद मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। चिनहट प्रथम वार्ड के पार्षद अरुण राय मंगलवार को पटरी दुकानदारों और समर्थकों के साथ नगर निगम जोन-4 कार्यालय पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। पार्षद ने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों पर पटरी दुकानदारों से कथित अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाया।

विवाद की शुरूआत सोमवार को चिनहट तिराहे पर नगर निगम के प्रवर्तन दल की कार्रवाई के दौरान हुई थी। टीम फल मंडी और सड़क किनारे लगी रेहड़ी-पटरी तथा ठेलों को हटाने पहुंची थी। कार्रवाई शुरू होते ही दुकानदारों ने विरोध जताया, जिसके बाद मौके पर विवाद की स्थिति बन गई। सोमवार की कार्रवाई से नाराज

● हनुमान चालीसा पाठ कर देर रात तक डटे रहे प्रदर्शनकारी



पार्षद अरुण राय मंगलवार दोपहर करीब दो बजे रेहड़ी-पटरी दुकानदारों और समर्थकों के साथ जोन-4 कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। पार्षद का आरोप है कि दुकानदारों के खिलाफ नगर निगम की ओर से अनुचित तरीके से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कथित अवैध वसूली की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। देर शाम धरना स्थल पर पार्षद ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। उन्होंने कहा कि दोपहर से धरना चल रहा है, लेकिन अभी तक नगर निगम का कोई अधिकारी उनसे वार्ता करने नहीं पहुंचा है। पार्षद ने चेतावनी दी कि मांगों पर अधिकारियों से बातचीत और कार्रवाई होने तक धरना जारी रहेगा। उधर, नगर निगम की कार्रवाई और पार्षद के विरोध के चलते चिनहट में अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर विवाद और गहराता नजर आ रहा है। देर रात तक डटे रहने की जानकारी होने पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव जोन चार कार्यालय पहुंचे। देर रात पार्षद के साथ उनकी वार्ता हुई उन्होंने उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। हालांकि, पार्षद की ओर से लगाए गए अवैध वसूली के आरोपों को लेकर नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई अधिकारिक जवाब नहीं दिया गया।

लविवि के 12 शोधार्थियों ने लहराया परचम

विशेष संवाददाता (vol)

● प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में सर्वाधिक चयन के साथ शीर्ष स्थान

आईसीएसएसआर डॉक्टोरल फेलोशिप

लखनऊ। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा वित्तीय वर्ष की प्रतिष्ठित डॉक्टोरल फेलोशिप की चयन सूची जारी कर दी गई है। जारी परिणामों में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी शोध गुणवत्ता का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुल 12 शोधार्थियों ने इस राष्ट्रीय फेलोशिप में स्थान बनाया है, जिनमें 10 शोधार्थियों का चयन 'फुल-टर्म डॉक्टोरल फेलोशिप' तथा 02 शोधार्थियों का चयन 'शॉर्ट-टर्म डॉक्टोरल फेलोशिप' के लिए हुआ है।

आईसीएसएसआर द्वारा घोषित आधिकारिक सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में सबसे ज्यादा शोधार्थी लखनऊ विश्वविद्यालय से चयनित हुए हैं। विश्वविद्यालय ने राज्य विश्वविद्यालयों के स्तर पर सर्वाधिक 12 शोधार्थियों का चयन सुनिश्चित कराकर प्रदेश में अपना वर्चस्व और अकादमिक नेतृत्व स्थापित किया है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बधाई देते हुए कहा कि आईसीएसएसआर डॉक्टोरल फेलोशिप में लखनऊ विश्वविद्यालय के 12 शोधार्थियों का चयन और उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में सबसे अधिक चयन दर्ज करना पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। शासन द्वारा शिक्षण और अनुसंधान को वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रोत्साहित करने का ही परिणाम है कि आज हमारे शोधार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान प्राप्त कर रहे हैं।

बिजली कटौती होने से पहले मिलेगी सूचना

बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अब निर्धारित बिजली कटौती से पहले उपभोक्ताओं को सूचना देने की व्यवस्था को प्रभावी किया जा रहा है। विद्युत विभाग की ओर से अनुरक्षण, मरम्मत, लाइन शिफ्टिंग अथवा अन्य तकनीकी कार्यों के चलते जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होगी, वहां के उपभोक्ताओं को पहले से इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, विद्युत उपकेंद्रों और फीडरों पर होने वाले अनुरक्षण कार्यों के लिए क्षेत्रवार शटडाउन की योजना तैयार की जाती है। इसके तहत संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली बंद होने का संभावित समय और आपूर्ति बहाल होने की जानकारी पहले से देने का प्रयास किया जाएगा। इससे उपभोक्ता अपने जरूरी कार्यों की योजना बना सकेंगे और अचानक बिजली कटौती से होने वाली परेशानी कम होगी। अधिकारियों का कहना है कि अनुरक्षण कार्यों का उद्देश्य विद्युत वितरण प्रणाली को मजबूत करना और फाल्ट तथा ट्रिपिंग की घटनाओं में कमी लाना है।

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप भागिया के निर्देशन में मंगलवार को लखनऊ के विभिन्न विद्युत वितरण क्षेत्रों में बिजली चोरी की रोकथाम, राजस्व वसूली और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटने के साथ बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। अमौसी क्षेत्र में विभागीय एवं विजिलेंस टीम ने चयनित सक्सेस स्टोरी फीडरों पर मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। 16 कनेक्शनों की जांच में एक उपभोक्ता मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करता मिला। गुलाबखेड़ा कनार, मलिहाबाद निवासी रामबाबू के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई। गोमतीनगर क्षेत्र में ग्वारी उपकेंद्र के अंतर्गत 21 परिसरों की जांच की गई, जहां कोई अनाधिकृत विद्युत उपयोग नहीं मिला। वहीं लवकुश नगर और मनोज पांडे फीडर पर पेड़ों की कटाई-छंटाई, ट्रांसफार्मर मरम्मत और जम्फरिंग जैसे अनुरक्षण कार्य किए गए। इन कार्यों से करीब 450 उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग रहित आपूर्ति मिलने में मदद मिलेगी। जानकीपुरम क्षेत्र में विभिन्न उपकेंद्रों पर अनुरक्षण, सफाई, पेड़ों की छंटाई, ट्रांसफार्मरों के रखरखाव और बकायेदारों के कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई। गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से दाउदनगर और फैजुल्लागंज के निचले क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए सुरक्षा कारणों से 12 ट्रांसफार्मरों की आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद की गई। लखनऊ मध्य क्षेत्र में न्यू कैंट, राजाजीपुरम और दारूलशफा सहित विभिन्न उपकेंद्रों पर विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करने और उपकरणों के अनुरक्षण का कार्य जारी रहा।

ब्रजेश पाठक के विरुद्ध कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों पर क्षेत्रवासियों ने जतायी आपत्ति

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कूड़ा घर की भूमि पर पार्क निर्माण को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में क्षेत्रवासियों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के संबंध में सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जतायी। क्षेत्रवासियों ने कहा कि उपलब्ध जानकारी और प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार यह मामला रेलवे और नगर निगम के बीच भूमि उपयोग तथा पार्क निर्माण से संबंधित है। इसमें ब्रजेश पाठक की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भूमिका का कोई प्रमाण उनके संज्ञान में नहीं है।

क्षेत्रवासियों ने कहा कि किसी जनप्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगाने अथवा उनके विरुद्ध आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने से पहले तथ्यों और आधिकारिक अभिलेखों की जांच आवश्यक है। उन्होंने जगदेई यादव से अपील की कि यदि उनके पास भूमि, पार्क निर्माण या स्वामित्व से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या दावा है, तो उसे प्रशासन, रेलवे, नगर निगम और अन्य सक्षम प्राधिकरणों के समक्ष प्रस्तुत करें। क्षेत्रवासियों ने कहा कि विवाद का समाधान व्यक्तिगत आरोपों या सोशल मीडिया टिप्पणियों से नहीं, बल्कि विधिक और प्रशासनिक प्रक्रिया से होना चाहिए।



रेलवे और नगर निगम के बीच एमओयू

पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने बताया कि उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार संबंधित भूमि रेलवे की है और उसका खसरा संख्या 515 बताया गया है। उनके अनुसार, तत्कालीन डीआरएम ने अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और जनहित तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भूमि को पार्क के रूप में विकसित करने पर विचार किया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम में संबंधित प्रस्ताव पारित हुआ और रेलवे के डीईएन तथा नगर आयुक्त द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में शिलान्यास कर विकास कार्य शुरू किया गया। पार्क की चारदीवारी, सड़क और सीवर से संबंधित कुछ कार्य पूरे किए जाने की जानकारी दी गई। इन कार्यों की स्वीकृति और वर्तमान स्थिति का सत्यापन संबंधित विभागों के अभिलेखों से किया जा सकता है। प्रेस वार्ता में राम कुमार वर्मा, प्रेम कृपलानी, बीबी रविन्दर कौर, दिलप्रीत सिंह विर्क, राजेन्द्र सिंह बग्गा लक्की, औकांर सिंह पनेसर, रतपाल सिंह गोल्डी, भूपिन्दर सिंह पिन्दा, इकबाल सिंह, परविन्दर सिंह तथा अनेक क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया।

उप मुख्यमंत्री को विवाद में घसीटने पर सवाल

लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतबीर सिंह राजू ने कहा कि पार्क निर्माण से संबंधित उपलब्ध जानकारी के अनुसार भूमि रेलवे की बताई गई है और नगर निगम के साथ एमओयू के आधार पर इसे जनहित में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की भूमिका से संबंधित कोई आधिकारिक दस्तावेज या प्रमाण सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को भूमि या पार्क निर्माण को लेकर आपत्ति है, तो वह संबंधित विभागों के समक्ष अपना पक्ष रख सकता है लेकिन किसी संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि के विरुद्ध अपमानजनक और कथित रूप से भ्रामक टिप्पणियां करना उचित नहीं है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से भी अनुरोध किया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित बयानों और आरोपों की तथ्यात्मक जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। वर्तमान पार्षद गिरीश मिश्रा ने कहा कि भूमि संबंधी किसी भी दावे, आरोप या विवाद का समाधान सरकारी अभिलेखों, राजस्व रिकॉर्ड, रेलवे दस्तावेजों और न्यायालयीन प्रक्रिया के आधार पर किया जाना चाहिए।

कूड़ा की समस्या के समाधान के लिए पार्क निर्माण

■ गुरुद्वारा अध्यक्ष निर्मल सिंह ने बताया कि क्षेत्रवासी लंबे समय से कूड़े, जलभराव, दुर्गंध और प्रदूषण की समस्या से परेशान थे। बारिश के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता था, जबकि सर्दियों में कूड़ा जलाये जाने से धुएं और प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती थी। बच्चों और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भी कठिनाई होती थी। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों ने तत्कालीन महापौर संयुक्ता भाटिया से समस्या के स्थायी समाधान का अनुरोध किया। उनके सहयोग से तत्कालीन डीआरएम सापरा से संपर्क कर स्थल निरीक्षण और पार्क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

पीएम सूर्य घर योजना में प्रदेश की बड़ी उपलब्धि

लखनऊ। पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत संचयी रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में अब तक 8.67 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल क्षमता 2,911 मेगावाट से अधिक है। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्रीन एनर्जी और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के विजन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा को जनभागीदारी से जोड़कर प्रदेश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



डॉ. सिंह के अनुसार, सितंबर 2026 में ही उत्तर प्रदेश में 74,796 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन किए गए, जो देश में सर्वाधिक हैं। इस दौरान प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 2,493 इंस्टॉलेशन हुए, जबकि 30 सितंबर को एक दिन में 3,389 इंस्टॉलेशन का रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

सितंबर में देशभर में हुए 4,38,815 इंस्टॉलेशन में यूपी की हिस्सेदारी करीब 17 प्रतिशत रही। सौर ऊर्जा के विस्तार के साथ प्रदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रदेश में 8,000 से अधिक सोलर वेंडर्स सूचीबद्ध किए गए हैं और इससे एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का दावा किया गया है। सोलर सिस्टम की डिजाइन, स्थापना, सर्विस और रखरखाव से जुड़े कार्यों में युवाओं के लिए नए ग्रीन स्किल्स और रोजगार के अवसर तैयार हो रहे हैं। सरोजनीनगर क्षेत्र में भी 60 मेगावाट से अधिक सौर क्षमता, आठ आरडब्ल्यूए में कम्युनिटी सोलर प्लांट, पांच सोलर ट्री, 1,900 से अधिक सोलर लाइट और सात ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी पहलें की गई हैं।

साइबर सुरक्षा में छात्रों के पास अवसर की ढेरों संभावनाएं

सीआई हब, आईआईटी कानपुर व रीयलमी इंडिया के सहयोग से आयोजित हुआ विशेष प्रशिक्षण सत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में मंगलवार को सीआई हब, आईआईटी कानपुर व रियलमी इंडिया एवं एकेटीयू के सहयोग से साइबर सुरक्षा साइबर सिक्योरिटी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें इस तेजी से उभरते क्षेत्र में आवश्यक तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल से परिचित कराया गया।

कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के दस हजार छात्रों ने पंजीकरण कराया। जिसमें मूल्यांकन के आधार पर 2,496 विद्यार्थियों का चयन किया गया। सत्र के दौरान सीआईहब, आईआईटी कानपुर के मुख्य



परिचालन अधिकारी डॉ. आनंद हांडा, अमन, ट्रेनर तथा गौरव त्रिपाठी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए साइबर सुरक्षा, बढ़ते साइबर खतरों, डिजिटल सुरक्षा तथा साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में उपलब्ध करियर एवं रोजगार के अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से पूरा करने तथा प्रमाणन प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है और विद्यार्थियों के लिए इस क्षेत्र में व्यापक करियर और संभावनाएं हैं। इस अवसर पर डॉ. आनंद हांडा एवं डीन, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. अरुणिमा वर्मा के बीच हुई वार्ता के क्रम में यह तय किया गया कि प्रत्येक बैच में असेसमेंट के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष अवसर प्रदान किया जाएगा। सफलतापूर्वक असेसमेंट पूरा करने वाले चयनित शीर्ष विद्यार्थियों को सीआईहब, आईआईटी कानपुर का भ्रमण करने तथा वहां स्थापित वास्तविक साइबर सिक्योरिटी सेटअप का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं हैंड्स-ऑन अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में एकेटीयू की डीसीओई नेहा श्रीवास्तव ने धन्यवाद दिया।

एकेटीयू की नवनियुक्त कुलसचिव ने कार्यभार किया ग्रहण

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलसचिव अर्चना गहरवार ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के बारे में भी जानकारी ली।

इंडिया गठबंधन के हल्ला बोल से घबरायी भाजपा : सुनील सिंह

लखनऊ। लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के हल्ला बोल आंदोलन से भाजपा में बेचैनी साफ दिखाई दे रही है। लोकतंत्र में जनता के वोट का अधिकार सर्वोच्च है लेकिन आज इसी अधिकार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि चुनाव आयोग की सफाई के लिए भाजपा नेता क्यों दे रही है? क्या चुनाव आयोग वही कर रहा है, जो भाजपा चाहती है? यदि चुनाव आयोग वास्तव में स्वतंत्र और निष्पक्ष है तो उसे किसी बीजेपी दल के बचाव की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल-फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "www.ldalucknow.in"

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड/भवन/फ्लैट संख्या	योजना का नाम व सेक्टर/खण्ड	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री ओम प्रकाश मिश्रा	भवन संख्या-एम-2/151	सेक्टर-बी सीतापुर रोड योजना, लखनऊ	03.08.2020	1. श्रीमती पवित्रा पाठक 2. श्रीमती सुजन्मा मिश्रा	———	पुत्री पुत्री
2.	रमेश चन्द्र कश्यप	भूखण्ड सं0-B-1288 सेक्टर-आई	कानपुर रोड	26.05.2021	लव कुमार कश्यप, कुश कुमार कश्यप, चन्दन कुमार कश्यप	———	पुत्र, पुत्र पुत्र
3.	श्री देवी प्रसाद बाजपेई, श्रीमती राज कुमारी बाजपेई एवं श्री रूचिर बाजपेई	भवन संख्या-बी-10/3	पेपर मिल कालोनी योजना निशातगंज	16.11.2025 13.02.2022	श्री रूचिर बाजपेई	———	पुत्र
4.	स्व0 राजकुमारी गुप्ता	भूखण्ड सं0-एसएस-639	सेक्टर-एन, अलीगंज	30.04.2021	श्री जवाहर लाल गुप्ता, श्रीमती अर्चना वैश्य श्री अंकुर वैश्य, श्री राहुल वैश्य, श्रीमती प्रियंका वैश्य वारिसान प्रमाण पत्र के आधार	———	पति, पुत्री, पुत्र, पुत्री
5.	स्व0 गोपीनाथ वर्मा	भवन संख्या-ई-3/539	सेक्टर-जे अलीगंज	21.06.2018	श्रीमती हारवती, श्रीमती शशी प्रभा श्रीमती विजय लक्ष्मी, श्रीमती सुमन, श्रीमती संगीता, श्रीमती स्नेहलता, श्रीमती प्रियंका, श्री अजीत सिंह, श्री महेन्द्र प्रताप, मोहिनी, वारिसान प्रमाण पत्र के आधार	———	पत्नी, पुत्रीगण पुत्रगण, पुत्री

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

कैफे में हुक्का पीते 42 गिरफ्तार

- हाईकोर्ट के आदेशों की खुलेआम हो रही है अनदेखी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। कैसरबाग थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार देर रात सिटी होटल के ऊपर संचालित कैफे टेल्स कैफे में छापा मारा। लोगों को अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस ने मौके से हुक्का पीने और परोसने वाले 42 लोगों को हिरासत में लिया। मौके से 14 हुक्के, छह भरी चिलम, 20 खाली चिलम, 10 पाइप और 11 फ्लेवर पैकेट बरामद किए हैं।

कैफे संचालक सैय्यद जिया अली उर्फ दाऊद, बिलाल और सारिक पुलिस को देखकर पीछे के रास्ते से भाग निकले। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि 5 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि सिटी होटल के ऊपर स्थित कैफे टेल्स कैफे में ग्राहकों को अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है। सूचना पर कैसरबाग पुलिस टीम ने कैफे में छापा मारा।

चौथी मंजिल पर पहुंचने पर कई लोग टेबल के आसपास बैठे हुक्का पीते मिले। हुक्के का धुआं कैफे के हॉल और सीढ़ियों तक फैला था। पुलिस को देखकर कैफे संचालकों में से एक ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया और अंदर दाखिल हुई। वहां 11 टेबलों पर 14 हुक्के रखे मिले। पुलिस को देखते ही कैफे संचालन से जुड़े तीन लोग पीछे के रास्ते से भाग निकले।

पुलिस ने घेराबंदी कर हुक्का पीने और परोसने वाले 42 लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने किचन की तलाशी ली तो छह क्षतिग्रस्त हुक्के, छह भरी चिलम, 20 खाली चिलम, 10 पाइप और 45-45 ग्राम के 11 फ्लेवर पैकेट मिले। काउंटर से तीन मोबाइल फोन और 2,420 रुपए भी बरामद हुए।

ज्यादा मुनाफे के लालच में चलाते हैं हुक्का बार : पूछताछ में पकड़े गए कर्मचारी शाहरूख अंसारी ने बताया कि कैफे में चोरी-छिपे हुक्का परोसा जाता था। उसने पुलिस को बताया कि कैफे संचालक सैय्यद जिया अली उर्फ दाऊद, बिलाल और सारिक ने उसे काम पर रखा था। अधिक पैसे कमाने के लालच में वह हुक्का परोसता था। हुक्के परोसे जाने पर प्रतिबंध की जानकारी होने के बावजूद वह काम कर रहा था। पुलिस ने हुक्का बार संचालन का लाइसेंस मांगा, लेकिन कर्मचारी कोई लाइसेंस नहीं दिखा सका।

ये हुए गिरफ्तार : दबिश के दौरान मौके पर गिरफ्तार लोगों में शाहरूख अंसारी, अल्तमश, कबीर अब्बास उर्फ अली, खिज रहमान, गजेन्द्र सिंह उर्फ अमन, उमैर हलीम खान, फरजान खान, दमनप्रीत सिंह, सिमरत सिंह, हर्षदीप सिंह, सनीकेत वर्मा, यश रस्तोगी, शुभम, अंश चित्रवंशी , अमन वर्मा, मोहम्मद उमर, सैय्यद माजिद, मोहम्मद साहिद, कृष पहुजानी, मोहम्मद मकसूद, करमवीर सिंह, अमीन अहमद, अब्दुल कादिर उर्फ समीउल्लाह, अमन वर्मा, रितिक कश्यप, इम्तियाज, गौरव रावत, शशांक त्रिपाठी, आरिश खान, नफीश अली, मोहम्मद आदिल तेली, जतिन बाल्मिकी, मोहम्मद अफजल, शैलेन्द्र कश्यप, ज्ञान, शहनवाज, बिलाल खान, मोहम्मद युसुफ, मोहम्मद हारून, मोहम्मद फरान, निजाम और शाह फहद शामिल हैं।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र में सोमवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना पारा थाना क्षेत्र में नहरिया तिकुनिया मार्ग पर जयपुरिया मोड़ के पास हुइ। काकोरी क्षेत्र के प्यारेपुर मौदा निवासी अतुल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े भाई संदीप यादव (30) सोमवार रात करीब आठ बजे काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। वह नहरिया तिकुनिया मार्ग स्थित जयपुरिया मोड़ के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और एंबुलेंस से घायल संदीप को रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वह फुटेज के जरिए टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

परिजनों के मुताबिक संदीप की शादी करीब दस साल पहले साहिलामऊ निवासी अंजू देवी से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। वैवाहिक विवाद के चलते करीब सात वर्ष से पति-पत्नी के बीच न्यायालय में मुकदमा चल रहा है और अंजू देवी मायके में रह रही थीं।

ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी शारदा नगर रजनीखंड रेलवे क्रॉसिंग के निकट मंगलवार सुबह एक अधेड़ ट्रेन की चपेट में कार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस में अधेड़ के शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन पहचान न होने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशियाना थाने में तैनात उपनिरीक्षक शुभम मेहंदियान ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से मिली सूचना के आधार पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल अधेड़ को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल भिजवाया, जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। काफी प्रयास के बाद शिनाख्त न होता देख शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया।

चारपाई में उतरा करंट, चपेट में आये तीन मासूम बच्चे

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के टाड़खेड़ा गांव में मंगलवार सुबह लोहे की चारपाई में करंट उतरने से पास में खेल रहे तीन बच्चे उसकी चपेट में आ गए। हादसे में आराध्या (6), मयंक (5) और दुर्गेश (डेढ़ वर्ष) घायल हो गए। बच्चों की चीख सुनकर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मलिहाबाद ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद आराध्या और मयंक को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। तीनों बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

टाड़खेड़ा गांव निवासी किसान संदीप ने बताया कि उनकी बेटी आराध्या और बेटा मयंक केजी में पढ़ते हैं। मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होने के कारण दोनों घर पर थे। सुबह करीब नौ बजे घर में बनी दुकान में लोहे की चारपाई खड़ी थी। चारपाई के पास ही दोनों बच्चे और काकोरी निवासी उनके साले का बेटा दुर्गेश खेल रहा था।

संदीप के मुताबिक, जमीन पर रखा पंखे का तार चारपाई के नीचे दबकर कट गया था। कटे हुए तार के चारपाई के संपर्क में आने से उसमें करंट उतर गया। पास में खेल रहे तीनों बच्चे चारपाई के संपर्क में आते ही करंट की चपेट में आ गए। हादसे के समय बच्चों की मां मालती घर की छत पर थीं। सामने काम कर रहे संदीप के भाई अमन ने बच्चों की चीख सुनी तो तत्काल पंखे का कनेक्शन बंद किया और तीनों बच्चों को चारपाई से अलग कराया।

उपचार के दौरान घायल साइकिल सवार की मौत

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के कुराखर गांव के पास बीते रविवार को देर शाम नशेड़ी बाइक सवार युवक ने साइकिल सवार वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे साठ वर्षीय वृद्ध गंभीररूप से घायल हो गए थे।जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए माल सीएचसी पहुंचाया था। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था।

बीते रविवार को सायं बघोलवा गांव निवासी संदीप कुमार नशे में धुत बाइक से माल की तरफ से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर कुराखर गांव के पास पहुंचा ही था कि कुराखर गांव निवासी बुजुर्ग दरगाही गद्दी(60) साइकिल से सैदापुर चौराहा से घर वापस लौट रहे थे। संदीप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे दरगाही गंभीररूप से घायल हो गए थे। जिन्हें पुलिस ने सीएचसी भेजा था। जहां से डाक्टर ने गंभीर हालत देख ट्रामा सेंटर भेज दिया था लेकिन परिवार जनों ने उन्हें कैरियर हॉस्पिटल चैला में भर्ती कराया था। जहां उन्होंने लगभग चार बजे दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी चुन्नी बानो, पुत्र नसीमवली, शमीमवली, वसीम अली और शमशाद अली हैं। शमीम वाली की तहरीर पर पुलिस ने संदीप के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के लोकबंधु चौराहे के निकट बाइक सवार दंपत्ति को अज्ञात वाहन टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। हादसे में दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

कृष्णानगर थाना क्षेत्र के पंडित खेड़ा में रहने वाले अखिलेश त्रिपाठी के छोटे भाई विपिन त्रिपाठी के अनुसार सोमवार उनके भाई अखिलेश और भाभी अर्चना त्रिपाठी संग उनके घर आलमबाग स्थित कैलाशपुरी आए थे और रात लगभग 10 बजे पत्नी अर्चना त्रिपाठी संग बाइक से कैलाशपुरी से पंडित खेड़ा स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान लोकबंधु चौराहे के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया। टक्कर से अखिलेश का हांथ टूट गया और अर्चना के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने पुलिस व परिजनों को सूचना देकर दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मंगलवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

भस्त्रिका प्राणायाम से कराया परिचित



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने मंगलवार को हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी में एमए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए मेंटर-मेंटी ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रो. सपना वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रिधिमा शुक्ला के परिचयात्मक वक्तव्य से हुई, जिसमें उन्होंने विभाग की मेंटर-मेंटी व्यवस्था की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। डॉ. शुक्ला ने कहा कि स्नातकोत्तर जीवन की शुरूआत में तेजी से बदलाव आते हैं और सब कुछ अकेले संभालना कठिन हो सकता है, जिससे यह पहल विशेष रूप से प्रासंगिक हो जाती है। इसके बाद प्रो. सपना वर्मा ने तनाव प्रबंधन के साधन के रूप में ध्यान पर एक सत्र लिया, जिसमें उन्होंने ऐसी व्यावहारिक तकनीकें बताईं जिन्हें विद्यार्थी अपनी दैनिक दिनचर्या में अपना सकते हैं। उन्होंने सबसे पहले नाड़ी शोधन प्राणायाम का प्रदर्शन किया।

बुजुर्ग के खाते से उड़ाये 3.48 लाख रुपये

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग के बैंक खाते से साइबर जालसाजों ने लाखों रुपये पार कर दिए। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर सेल हेल्पलाइन समेत स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी। बुजुर्ग की तहरीर पर सोमवार रात मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। कृष्णानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर रोड स्थित सौभाग्य नारायण एन्क्लेव में रहने वाले 76 वर्षीय विजय कुमार खुराना पुत्र स्व० चुन्नी लाल खुराना के अनुसार बीते 23 सितंबर की रात साइबर ठगों ने उनके बचत खाते से करीब 3 लाख 49 हजार रुपये निकाल लिए।

पानी में डूबे 6 दोस्त, एक की मौत और 5 बचा लिये गये

लखनऊ। इटौंजा क्षेत्र के लासा गांव में मंगलवार सुबह दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। 6 दोस्त बाढ़ के पानी में डूब गए। इसमें 5 दोस्तों को तो सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन युवक विमल की मौत हो गई। घंटों की मशक्कत के बाद प्रशासन ने उसका शव बरामद किया। उधर, गोमती का जलस्तर बढ़ने से मड़ियांव, घैला, फैजुल्लागंज, दौलतगंज और गोमती नगर विस्तार के निचले इलाकों में भारी जलभराव से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। फैजुल्लागंज, मल्लाही टोला और आसपास के बाढ़ प्रभावित इलाकों में गोमती का पानी सिर्फ घरों में नहीं घुसा, बल्कि हजारों परिवारों की बरसों की मेहनत और सपनों को भी बहा ले गया। हालात ऐसे हैं कि एक लाख से अधिक आबादी पलायन को मजबूर हो गई है। करोड़ों रुपए की गृहस्थी, वाहन, दुकानें और घरेलू सामान पानी में डूबे पड़े हैं। लोगों की सबसे बड़ी चिंता अब यह नहीं रह गई है कि नुकसान कितना हुआ, बल्कि यह है कि आने वाले दिनों में दो जून की रोटी और सिर पर छत कैसे बचेगी।

राज्यपाल ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनकी हौसला-अफजाई करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय की कक्षा-6 की छात्रा अंशिका ने स्केटिंग की 1000 मीटर स्पर्धा में प्रथम तथा 500 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-6 के छात्र आलोक ने 500 मीटर में तृतीय स्थान, कक्षा-6 के ही छात्र कार्तिक ने 500 मीटर में तृतीय स्थान तथा कक्षा-7 के छात्र अनमोल ने 500 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। राज्यपाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को स्केटिंग का और बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं, ताकि वे भविष्य में इस क्षेत्र में और आगे बढ़ सकें। जन भवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भाषण, चित्रकला एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी राज्यपाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत्त आईपीएस त्रिनाथ मिश्रा को दी गयी श्रद्धांजलि



लखनऊ। पुलिस मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को रिटायर आईपीएस अफसर डॉ. त्रिनाथ मिश्रा के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। डीजीपी राजीव कृष्ण समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. त्रिनाथ मिश्रा का जन्म 30 दिसंबर 1942 को रांची में हुआ था। वह 1965 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी थे। सेवाकाल में उन्होंने लखनऊ में सहायक पुलिस अधीक्षक और मेरठ में अपर पुलिस अधीक्षक के अलावा गाजीपुर, बुलंदशहर व आजमगढ़ में पुलिस अधीक्षक तथा कुंभ मेला इलाहाबाद, मेरठ और वाराणसी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी संभाली।

प्रतिनियुक्ति के दौरान उन्होंने सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, सीबीआई और एसपीजी में महत्वपूर्ण दायित्व निभाए। वह सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के निदेशक और मणिपुर के पुलिस महानिदेशक भी रहे। 31 दिसंबर 2002 को महानिदेशक, सीआरपीएफ के पद से सेवानिवृत्त हुए। 37 वर्ष से अधिक के सेवाकाल में उनके योगदान के लिए उन्हें 1975 में राष्ट्रपति का वीरता पदक, 1984 में पुलिस पदक और 1990 में विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान किया गया। उनका एक अक्टूबर 2026 को निधन हो गया।

फोरेंसिक साइंस, कानून व विज्ञान का संगमः डा. जीके गोस्वामी

- प्रांतीय सिविल सेवा 2025 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों ने संस्थान का किया भ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ । उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में मंगलवार को प्रांतीय सिविल सेवा 2025 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों ने संस्थान का भ्रमण किया। अधिकारियों ने डीएनए और ड्रोन लैब का निरीक्षण कर फोरेंसिक जांच की तकनीकों और उनके उपयोग की जानकारी ली।

संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फोरेंसिक विज्ञान कानून और विज्ञान का संगम है। वैज्ञानिक साक्ष्यों के जरिए सच्चाई को कानून के सामने लाकर न्याय दिलाने में मदद करना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि साइबर और फोरेंसिक विज्ञान आधुनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। तकनीक पर बढ़ती निर्भरता के कारण व्यक्ति हर स्तर पर अपना डिजिटल फुटप्रिंट छोड़ रहा है। डॉ. गोस्वामी ने नए कानूनों के संदर्भ में न्याय, सत्य और साक्ष्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को मृत्यु कालिक बयान (डाइंग डिक्लेरेशन) की कानूनी प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि यदि किसी पीड़ित की हालत ऐसी हो कि उसकी मृत्यु की आशंका हो और बयान दर्ज करने में देरी से महत्वपूर्ण साक्ष्य नष्ट हो सकता हो तो उसका बयान तत्काल दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट को पीड़ित की अपनी भाषा में बयान दर्ज करना चाहिए, ऐसा बयान कानूनी रूप से ग्राह्य होता है। संभव हो तो बयान की डिजिटल रिकॉर्डिंग भी कराई जानी चाहिए। बोलने में असमर्थ लेकिन लिखने में पीड़ित का लिखित बयान भी मृत्यु कालिक बयान माना जा सकता है।

अपर निदेशक संजीव सुमन ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संस्थान की गतिविधियों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इस दौरान एएसपी चिरंजीव मुखर्जी, अतुल यादव, पलक अनेजा, सेंथिल शिव सुब्रमण्यम, जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी और आरआई शैलेन्द्र सिंह समेत संस्थान के अधिकारी व संकाय सदस्य मौजूद रहे।

सूचना

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र संदीप कुमार को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **मुन्नीलाल पुत्र लालता प्रसाद निवासी-ग्राम करपिया, थाना मसौली, बाराबंकी।**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र अब्दुल्ला को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रईस अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद नि.- मोहल्ला बस्ती धनवन्तराय कस्बा व थाना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र ऋषभ शुक्ला को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से 24.09.2026 को बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **बैजनाथ पुत्र सुरेश चन्द्र शुक्ला नि.- ग्राम राही परगना व तहसील लहरपुर जनपद सीतापुर।**

न्यायालय सूचना

एच0सी0जे0 फार्म नं0-33 भाग-7
न्यायालय एस.डी.एम.(जे) स्थान नवाबगंज जिला बाराबंकी
वाद सं. टी20140412012488 सन 2014 ई.
तारीख पेशी - 14/10/2026

सरकार ....वादी

बनाम

श्रीकान्त शुक्ला आदि
1. राम सिंह पुत्र राजपाल सिंह
2. दीपक कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद
3. ज्योतिश कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद

....प्रतिवादी

चूँकि उपरिनामांकित को इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 ई. के माह 10 दिवस 14 को पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20... ई0 के ..... के दिवस को निकाली गई।

न्यायाधीश

जस्टिस डीके उपाध्याय के शपथ ग्रहण पर अवध बार ने बांटे लड्डू

विधि संवाददाता

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति के रूप में जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय के शपथ ग्रहण पर मंगलवार को अवध बार एसोसिएशन में खुशी का माहौल रहा। एसोसिएशन ने 51 किलो लड्डू बांटकर अधिवक्ताओं के साथ इस गौरवपूर्ण अवसर का जश्न मनाया। जस्टिस उपाध्याय अवध बार एसोसिएशन के सदस्य रह चुके हैं। अध्यक्ष पंडित एस. चंद्रा के नेतृत्व और महासचिव ललित किशोर तिवारी के आह्वान पर हाईकोर्ट परिसर स्थित बार भवन में मिठाई वितरण हुआ। अध्यक्ष ने कहा कि जस्टिस उपाध्याय का सुप्रीम कोर्ट का न्यायमूर्ति बनना अवध बार और लखनऊ पीठ के लिए गर्व का विषय है। महासचिव ने कहा कि न्याय के प्रति उनका समर्पण और योगदान अधिवक्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहेगा।

बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 सितंबर को जस्टिस उपाध्याय के नाम की अनुशंसा की थी। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद मंगलवार को मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उन्हें शपथ दिलाई। जस्टिस सुनीता अग्रवाल और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने भी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति के रूप में शपथ ली।

लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी करने के



बाद जस्टिस उपाध्याय ने लखनऊ पीठ में वकालत शुरू की थी। 2007 में वह हाईकोर्ट के मुख्य स्थायी अधिवक्ता नियुक्त हुए और 2011 में न्यायमूर्ति बने। मार्च 2023 में लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायमूर्ति, जुलाई 2023 में मुंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति और जनवरी 2025 में दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति बने। मंगलवार को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति के रूप में शपथ ली।

इस अवसर पर हाईकोर्ट परिसर और अवध बार एसोसिएशन भवन में उत्सव जैसा माहौल रहा। अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मध्य हरिओम पांडेय, उपाध्यक्ष कनिष्ठ राघवेंद्र पांडेय, संयुक्त सचिव अंगद शुक्ला, संयुक्त सचिव आशुतोष सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य नीलिमा जायसवाल, रंजना श्रीवास्तव, राम सुफल राजन समेत कई वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

विधानसभा व पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में अंतर पर मांगा जवाब

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रायबरेली की मखदूमपुर ग्राम पंचायत में विधानसभा और पंचायत चुनाव के लिए तैयार मतदाता सूचियों में अंतर के मामले में केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। न्यायालय ने दोनों पक्षों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने मखदूमपुर निवासी रोहित की याचिका पर दिया।

याची की ओर से दलील दी गयी थी कि ग्राम पंचायत चुनाव के लिए तैयार मतदाता सूची और विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची में 468 मतदाताओं का अंतर है। पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में जहां 1987 मतदाता दर्ज हैं, वहीं विधानसभा चुनाव की सूची में केवल 1519 मतदाता हैं। सुनवाई के दौरान केंद्रीय निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि दोनों चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने के मानक अलग हैं।चुनाव की मतदाता सूची में ऐसे व्यक्ति का नाम हटाया जा सकता है, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र में तीन या अधिक वर्षों से निवास नहीं कर रहा हो।

लविवि : छात्रों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लविवि के विभिन्न छात्रावासों में छात्रों को लंबे समय से खराब एवं गुणवत्ताहीन भोजन मिलने की शिकायतों को लेकर मंगलवार को समाजवादी छात्रसभा के छात्रों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

छात्रों का कहना है कि छात्रावासों के मेस में भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। खराब भोजन के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। छात्रों ने मांग की कि सभी छात्रावासों के मेस का तत्काल निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच कराई जाए। छात्रनेता आदित्य पाण्डेय ने कहा कि छात्रावासों में रहने वाले छात्रों से मेस के भोजन के लिए शुल्क लिया जाता है, ऐसे में उन्हें खराब और गुणवत्ताहीन भोजन उपलब्ध कराया जाना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रहित में तत्काल सभी मेस का निरीक्षण कराकर भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि जांच में लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। छात्रों के स्वास्थ्य और उनके अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मेस के भोजन की तत्काल गुणवत्ता जांच, भोजन की स्वच्छता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने, छात्रों की शिकायतों के लिए नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी शिकायत व्यवस्था बनाने तथा दोषी पाए जाने वाले मेस संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस मामले में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए और छात्रों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए।

ज्ञापन देने वालों में छात्रनेता रोहित यादव, छात्रनेता आदित्य पाण्डेय, प्रदेश सचिव अक्षय वर्मा, रवि नंदन यादव, अक्षय पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, वैभव यादव, आर्यन कुशवाहा सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

अवध संध्या में शास्त्रीय गायन और कथक के साथ मलखम्भ ने समां बांधा







● प्रख्यात लोकगायिका एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि रहीं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक राज कुमार जी की कुशल परिकल्पना एवं संयोजन में संस्कृति विभाग के उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश और राज्य संग्रहालय, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से अवध संध्या का भव्य आयोजन मंगलवार 06 अक्टूबर को अकादमी के संत गाडगेजी ऑडिटोरियम में किया गया।

इस अवसर पर प्रख्यात एवं वरिष्ठ लोकगायिका एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम में निदेशक उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान अतुल द्विवेदी तथा निदेशक बौद्ध शोध संस्थान डॉ0 राकेश सिंह भी उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी स्थल पर पेंटिंग कर रहे कलाकार द्वारा पद्मश्री मालिनी अवस्थी जी की अपने हाथ से बनाई हुई पेंटिंग भी भेंट की। समारोह में दीप प्रज्वलन के उपरांत मुख्य अतिथि का स्वागत अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह और निदेशक राज कुमार ने किया। पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने छह वर्ष उपरांत अवध संध्या को पुनः शुरू करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इसे लखनऊ की धरोहर बताया वहीं सलाह भी दी कि इसे सोशल साइट्स के माध्यम से अधिक लोकप्रिय किया जाए। अकादमी उपाध्यक्ष विभा सिंह ने बताया कि उनकी परिकल्पना में किस तरह अवध संध्या को अधिक वृहद स्वरूप प्रदान किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यशालाओं और संगीत प्रतियोगिता की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अलका निवेदन ने किया। सर्वप्रथम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गाजियाबाद के शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायक डॉ. इन्द्रेश कुमार मिश्रा ने धीरे धीरे से झुलाओ मोरे प्यारे ललना रचना को मधुर कंठ स्वरों में सुना कर श्रोताओं का हृदय जीत लिया।

इस क्रम में लखनऊ कथक नृत्य की प्रस्तुति ने भी दर्शकों की प्रशंसा हासिल की। कजरी के रंग शीर्षक की इस प्रस्तुति में कलाकारों ने सबसे पहले बादल गरज नभ घोर शोर पेश किया। यह रचना तीन ताल तीवरा और राग मेघ में निबद्ध थी। इसकी रचना बनारस घराने के प्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित बड़े रामदास जी ने की थी। कजरी के रंग की दूसरी प्रस्तुति, लखनऊ घराने के प्रसिद्ध नर्तक पंडित बिंदादीन महाराज जी द्वारा रचित झूला थी।

इसके बोल थे झूलत राधे नवल किशोर, रही। यह ताल-रूपक और राग देश में निबद्ध थी। इसके उपरांत कलाकारों ने मिजार्पुरी कजरी घेरि घेरि आयी सावन की बदरिया पेश की। यह रचना ताल दादरा में निबद्ध थी। कथक केन्द्र की अंतिम प्रस्तुति नाथद्वारा परंपरा का हवेली संगीत रहा। रंग रंगीली छैल छबीलो को कलाकारों ने ताल-दीपचंदी में प्रभावी रूप से पेश किया। इन सभी प्रस्तुतियों का नृत्य निर्देशन श्रुति शर्मा, नीता जोशी और रजनी वर्मा द्वारा किया गया था। इस प्रस्तुति में श्रुति शर्मा, नीता जोशी, रजनी वर्मा प्रशिक्षकों के साथ प्रियम यादव, ऐशिनी पाठक, मानवी वर्मा, एकता कश्यप, सृष्टि पाण्डेय, अंशिका, नंदिनी श्रीवास्तव, स्वरा त्रिपाठी, कनक कश्यप, आरती भार्या, भूमि चौहान ने सुंदर नृत्य कर तालियां अर्जित की। कमलाकांत के संगीत निर्देशन एवं गायन में हुई इस प्रस्तुति में तबला एवं पढ़न्त पर डा. राजीव शुक्ला, बाँसुरी पर दिगन्त सैकिया, ढोलक एवं ऑक्टोपैड पर दीपक कुमार ने संगत दी वहीं रुपसज्जा का दायित्व शहीर एवं बबीता ने संभाला।

इस अवसर पर झांसी के रवि प्रकाश परिहार एवं दल ने शक्ति और संतुलन की अद्भुत प्रतिभा मलखम्भ के हुनर में पेश की। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान की यह प्रस्तुति यादगार रही। अकादमी परिसर में अवध थीम पर उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश और राज्य संग्रहालय की प्रदर्शनी भी आगंतुकों द्वारा खासी सराही गई।

अन्नप्राशन के लिए अक्तूबर-नवंबर और दिसंबर में कई योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में अन्नप्राशन संस्कार का विशेष महत्व माना जाता है, क्योंकि यह 16 संस्कारों में से एक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बच्चे के जन्म के करीब छठे या सातवें महीने में उसे पहली बार अन्न ग्रहण कराया जाता है। इसे अन्नप्राशन संस्कार कहते हैं। इस शुभ कार्य को पूरे विधि-विधान और शुभ संयोग में किया जाता है। अन्नप्राशन के खास मौके पर सभी बड़े-बुजुर्ग बच्चे की सुख-समृद्धि और अच्छी सेहत की कामना करते हुए उसे आशीर्वाद देते हैं। वहीं, अन्नप्राशन के समय बच्चे को सात्विक और पौष्टिक भोजन कराया जाता है। इससे बच्चे की अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना पूरी होती हैं। भारतीय संस्कृति में वर्णित सोलह संस्कार मनुष्य के जीवन को जन्म से लेकर मृत्यु तक शुद्ध, संस्कारित और अनुशासित बनाने की पवित्र प्रक्रिया हैं। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण संस्कार है अन्नप्राशन संस्कार। शिशु के जन्म के छठे या सातवें महीने में शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चारण के साथ उसे पहली बार शुद्ध, सात्विक, हल्का और पौष्टिक अन्न चटाया जाता है। यह केवल अन्न ग्रहण करने की शुरूआत नहीं, बल्कि जीवन में शुद्ध आहार और शुद्ध विचारों के बीजारोपण का आध्यात्मिक अवसर है।

सोलह संस्कारों में अन्नप्राशन का महत्व: अन्नप्राशन संस्कार शिशु के जीवन का वह चरण है जब वह माता के दूध के अतिरिक्त पहली बार बाह्य अन्न ग्रहण करता है। यह संस्कार इस भावना को पुष्ट करता है कि जीवन में जो भी ग्रहण किया जाए, वह पवित्र, सात्विक और स्वास्थ्यवर्धक हो। परिवारजन इस अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि बालक का जीवन तेजस्वी, स्वस्थ और सद्गुणों से परिपूर्ण हो।

अन्न का दार्शनिक और आध्यात्मिक स्वरूप: शास्त्रों में कहा गया है—अन्नं ब्रह्म। अन्न को प्राणियों का प्राण माना गया है। भगवद्गीता में उल्लेख मिलता है कि अन्न से ही प्राणी जीवित रहते हैं और अन्न से ही मन की उत्पत्ति होती है। शुद्ध एवं सात्विक अन्न से शरीर स्वस्थ रहता है, मन निर्मल होता है और बुद्धि स्थिर रहती है। जब आहार शुद्ध होता है, तब अंतःकरण भी शुद्ध होता है और सत्वगुण की वृद्धि होती है। स्वस्थ मन ही ईश्वरानुभूति का माध्यम बनता है, इसलिए अन्न का चयन केवल स्वाद के आधार पर नहीं, बल्कि संस्कार और सात्विकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

तन-मन की शुद्धि का आधार है आहार अन्न : केवल शरीर का पोषण नहीं करता, बल्कि मन, बुद्धि, तेज और चेतना का भी निर्माण करता है। मनुष्य के विचार, भावनाएं और आकांक्षाएं उसके आहार से गहराई से जुड़ी होती हैं। सात्विक भोजन से संयम, करुणा और धैर्य जैसे गुण विकसित होते हैं, जबकि तामसिक भोजन से मन में अशांति और असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। इसी कारण अन्नप्राशन संस्कार के माध्यम से यह संकल्प लिया जाता है कि जीवन में सदैव शुद्ध, सात्विक और पौष्टिक अन्न को ही ग्रहण किया जाएगा।

संस्कारित जीवन का प्रारंभ अन्नप्राशन: संस्कार यह संदेश देता है—जैसा अन्न, वैसा मन। बचपन से ही यदि शुद्ध और सात्विक आहार की आदत डाली जाए, तो जीवन में संतुलन, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नति सहज संभव हो जाती है। अन्न ही जीवन धारण करने की शक्ति देता है। इसलिए उसे केवल भोजन नहीं, बल्कि ईश्वर का प्रसाद समझकर ग्रहण करना चाहिए। यही भावना अन्नप्राशन संस्कार के माध्यम से शिशु के जीवन में स्थापित की जाती है, ताकि उसका तन और मन दोनों पवित्र, स्वस्थ और संस्कारित बन सकें।

अक्तूबर 2026

12 अक्तूबर, सोमवार – सुबह 06:50 से 07:19 बजे तक।
12 अक्तूबर, सोमवार– सुबह 11:57 से दोपहर 02:01 बजे तक।
21 अक्तूबर, बुधवार – सुबह 06:56 से 07:30 बजे तक।
21 अक्तूबर, बुधवार – सुबह 11:22 से दोपहर 01:26 बजे तक।
26 अक्तूबर, सोमवार – सुबह 06:59 से 08:44 बजे तक।
30 अक्तूबर, शुक्रवार – सुबह 07:03 से 08:27 बजे तक।

अन्नप्राशन मुहूर्त: नवंबर 2026

11 नवंबर, बुधवार – सुबह 07:11 से 07:41 बजे तक।
11 नवंबर, बुधवार – सुबह 09:59 से दोपहर 12:03 बजे तक।
11 नवंबर, बुधवार – दोपहर 12:03 से 12:08 बजे तक।
16 नवंबर, सोमवार – सुबह 07:15 से 07:21 बजे तक।
16 नवंबर, सोमवार – सुबह 09:40 से 11:43 बजे तक।

दिसंबर 2026

14 दिसंबर, सोमवार – सुबह 07:49 से 09:42 बजे तक।
14 दिसंबर, सोमवार – सुबह 11:36 से दोपहर 01:03 बजे तक।
16 दिसंबर, बुधवार– सुबह 07:42 से 09:46 बजे तक।
16 दिसंबर, बुधवार– सुबह 09:46 से 10:38 बजे तक।

ब्रजेश पाठक ने किया विवेक की 'कर्मयोगी' का विमोचन

बलरामपुर गार्डन में 23वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला : छठा दिन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आध्यात्मिक जीवन हमें दुनिया से दूर नहीं करता, बल्कि हमें और गहराई में ले जाता है। 23वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में इस तथ्य को चरितार्थ करती धार्मिक आध्यात्मिक किताबें आम जन को अपनी ओर खींच रही हैं। मेला बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग पर 11 अक्टूबर तक जारी है। आज मेले का छठा दिन था।

रामकृष्ण मठ के स्टाल पर रामकृष्ण परमहंस व स्वामी विवेकानंद के साहित्य के संग स्वामी अपूर्वानन्द की गीता व्याख्या, क्रोध पर विजय, स्वामी अभेदानन्द की योगदर्शन एवं योग-साधना, निखिलेश्वरानन्द की एकाग्रता और ध्यान जैसी कम कीमत मगर उच्च आध्यात्मिक स्तर की किताबें हैं। अन्य स्टालों पर भी धर्म अध्यात्म की किताबें बहुत हैं। मेला मंच पर आज शाम विवेक शुक्ल की पिता जस्टिस उमेश दत्त शुक्ल पर लिखी पुस्तक 'कर्मयोगी' का विमोचन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने कहा- अपने अध्ययन के दौरान मैंने न्यायाधीश उमेश दत्त जी को विभिन्न पदों पर काम करते उनकी कर्मठता को देखा है। लेखक विवेक ने



बताया कि लेखन में मुझे मां वीना शुक्ला और पत्नी नीना शुक्ला का बहुत सहयोग मिला। कार्यक्रम में डीएस शुक्ल, डा. अमिता दुबे, अलका प्रमोद, हरिमोहन बाजपेयी माधव, अजय कुमार मिश्र व मेला संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने विचार व्यक्त किये। मंच पर आज अरशाना अज्मत की दास्तानगोई के स्वर गूंजे। अरशाना ने उर्दू साहित्यकार इस्मत चुगताई के व्यक्तित्व, जीवनगाथा और कृतित्व को दास्तां को समेटा। इसमें कुछ बातें मण्टो जैसे रचनाकारों की भी शामिल थीं। जल संरक्षण के मीनू खरे के संयोजन में हुए ब्लू ड्रप के कार्यक्रम में मेले की थीम के अनुरूप डा. जया तिवारी के महिलाओं के मेरी जिंदगी बैण्ड ने वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी। यहां आरजे देवेन्द्र सिंह, डा. कुमुद, शोभित गुप्ता, स्वाति मालवीय, अमित कुमार को पूर्व प्रसार भारती अधिकारी डा. सतीश ग्रोवर, डा. मिथिलेश व सुशील सीतापुरी ने सम्मानित किया। मीनू खरे और देवेन्द्र ने यहां गोमती और सहायक आठ नदियों कुकरैल, सई आदि नदियों के साथ मोतीझील, जमुना झील, टिकैत राय तालाब, छाछी कुंआ, बड़े इमामबाड़े की शाही बावली, छतर मंजिल की जल व्यवस्था और बक्शी का तालाब के बारे में बताया। इससे पहले सुबह सुंदरम साहित्य संस्थान और नवोदय साहित्यिक संस्थान के काव्य समारोहों के साथ वरिष्ठ कविजन समिति का सम्मान समारोह हुआ। शाम को कामिनी श्रीवास्तव के जैसा और कुण्डलियों के संग्रह दिव्य सरोवर का विमोचन नरेंद्र भूषण और महेंद्र भीष्म ने किया। निः शुल्क प्रवेश वाला ये मेला रोज सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक जारी इस मेले में खरीदी गई हर पुस्तक पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। फोर्स वन द्वारा आयोजित पुस्तक मेले के सहयोगी संस्थान यूपी मेट्रो, रेडियोसिटी, ओरिजिंस, किरण फाउंडेशन, ज्वाइन हैंड्स फाउंडेशन, लोकआंगन, विश्वम्फा फाउंडेशन, विजय स्टूडियो, गोल्डेन ग्रास और कविता किस्से कहानियां हैं।

धर्म जीवन की दिशा बदलने वाला ओटीपी : सागर जी महाराज



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ भ्रमण के अंतर्गत आज पूज्य उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ने चौक दिगंबर जैन मंदिर से प्रातः साढ़े सात बजे पदयात्रा करते हुए सहादतगंज दिगंबर जैन मंदिर, चूड़ी वाली गली के लिए प्रस्थान किया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पूज्य गुरुदेव की आरती उतारी तथा जयकारों के साथ उनका स्वागत करते हुए सहादतगंज दिगंबर जैन मंदिर तक अगवानी की। सहादतगंज दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूज्य उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ने कहा कि तकनीकी ओटीपी तो बस कुछ पलों का काम करता है, मगर धर्म का ओटीपी जीवन ही बदल देता है। सफलता की चमक से कहीं अधिक महत्वपूर्ण धर्म का नूर है। यही वह द्वार है, जिससे मनुष्य का जीवन सार्थक बनता है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य को धर्म का सही मार्ग मिलता है, तब उसे अपने कर्मों का लेखा-जोखा समझ में आने लगता है। उसे ज्ञात होने लगता है कि कौन से कर्म उसे आगे बढ़ा रहे हैं और कौन से कर्म बंधन का कारण बन रहे हैं। धर्म आत्म-जागरण का वह ओटीपी है, जो मनुष्य को उसके वास्तविक स्वरूप की पहचान कराता है। जो व्यक्ति समय रहते धर्म को अपना लेता है, वह अपने जीवन की दिशा बदल देता है और केवल सफलता ही नहीं, बल्कि सार्थकता की ओर भी आगे बढ़ता है।

बीजाक्षर प्राणिक हीलिंग से हुआ उपचार

लखनऊ। जैन समाज, लखनऊ द्वारा आयोजित भक्तामर बीजाक्षर प्राणिक हीलिंग शिविर के दूसरे दिन 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। देशभर से आए 25 से अधिक विशेषज्ञ हीलरों ने बीजमंत्रों, औरा एनर्जी और वास्तु उपायों के माध्यम से लोगों का उपचार किया। प्रक्रिया के बाद ऊर्जा स्तर के परीक्षण में आभामंडल में चमत्कारिक सकारात्मक बदलाव देखे गए। आचार्य सुबल सागर जी महाराज ने अपने आशीर्वाद में कहा, सकारात्मक जीवन के लिए सोच को स्वस्थ रखना, क्रोध पर नियंत्रण और क्षमा के सिद्धांत को अपनाना आवश्यक है। वहीं जैन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि लखनऊ के इतिहास में पहली बार ऐसा अनूठा शिविर आयोजित किया गया है।

पीढ़ियों की तूलिका में जीवंत बनारस घराने की लघुचित्र विरासत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर स्थित कोकोरो आर्ट गैलरी, लखनऊ में बनारस घराने की बरसों पुरानी समृद्ध लघुचित्र परंपरा को केंद्र में रखते हुए बनारस घराना कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने किया। प्रदर्शनी की क्यूरेटर वंदना सहगल हैं।


इस प्रदर्शनी में बनारस की लघुचित्र परंपरा से जुड़ी कई पीढ़ियों—उस्ताद मुलचंद प्रसाद, उस्ताद राम प्रसाद, उस्ताद शारदा प्रसाद, उस्ताद मुकुंद प्रसाद, उस्ताद गोपाल प्रसाद, वंश श्री यादव और अंकित प्रसाद—की प्राकृतिक रंगों से बनी कुल 39 कृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से एक ऐसी गुरु-शिष्य परंपरा की निरंतरता सामने आती है,



जिसमें मुगल लघुचित्र की पारंपरिक तकनीक स्थानीय धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन से संवाद करते हुए समय के साथ विकसित होती रही है। क्यूरेटर वंदना सहगल ने बताया कि लघुचित्रकला केवल छोटे आकार में बनाए गए चित्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महीन रेखांकन, सूक्ष्म तूलिका-कर्म, प्राकृतिक रंगों, नियंत्रित रंग-संयोजन, घुटी हुई सतह, सपाट अथवा सीमित परिप्रेक्ष्य और अत्यंत बारीक विवरणों पर आधारित विशिष्ट कलाभाषा है। भारतीय कला में इसकी परंपरा बौद्ध और जैन पांडुलिपियों से लेकर मुगल, राजस्थानी, पहाड़ी और दक्कनी चित्रकला तक विस्तृत है। मुगल काल में विकसित सूक्ष्म तकनीकी अनुशासन ने विभिन्न क्षेत्रीय कला-केंद्रों को प्रभावित किया, जिसके स्थानीय रूपांतरणों से अनेक विशिष्ट शैलियों का विकास हुआ। बनारस की लघुचित्र परंपरा भी इसी सांस्कृतिक आदान-प्रदान की महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके विकास को मुगल दरबारी चित्रकला से जुड़ी गुरु-शिष्य परंपरा से जोड़ा जाता है। शाह आलम द्वितीय के शासनकाल में कुछ मुगल राजकुमार बनारस में निरुद्ध रहे और उनके साथ कुछ शाही चित्रकार भी आए। इन्हीं से अहीर समुदाय के युवा सिखी ने लघुचित्रकला सीखी और आगे की पीढ़ियों तक इस कला-परंपरा को पहुँचाया। इसी परंपरा में उस्ताद बतोही और उस्ताद मुलचंद जैसे कलाकार हुए। मुलचंद ने लघुचित्रकला के साथ भित्तिचित्र, पुस्तक-चित्रण, कंपनी शैली और लिथोग्राफी में भी कार्य किया। बनारस के गोपाल मंदिर और बागेश्वरी मंदिर में उनके भित्तिचित्रों का उल्लेख मिलता है।

शांत व्यक्ति ही जीवन में सच्चा सुख प्राप्त करता है: डॉ विष्णु दास जी महाराज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी मंदिर पर आयोजित श्रीराम कथा के पांचवें दिन विष्णु दास जी महाराज ने रावण के चरित्र और सीता हरण का मंत्र मुक्त करने का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा जब मन, परिवार और समाज सब में परस्पर शांति का माहौल होता है तो जीवन सार्थक हो जाता है ...उन्होंने कहा रावण महान ज्ञानी था पराक्रमी था भगवान शिव का परम भक्त था परंतु बहन सूपनखा ने उसकी मति हर ली और वह सीता जी को लंका की पटरानी बनाने का ख्वाब देखने लगा.... रावण विचारों के चक्रव्यूह में फस गया... विनाश काल विपरीत बुद्धि इसीलिए कहा गया है कि जब विनाश आता है तब बुद्धि में सोचने और समझने की परख खत्म हो जाती है ....प्रभु राम के चरित्र को समझने से पहले रावण के चरित्र को समझाना पड़ेगा क्योंकि उजाले की परख तभी होती है जब अंधकार प्रवेश करता है ...साधु की समझ तभी आती है जब शैतान सामने होता है ...उन्होंने कहा की राजा अगर अहंकारी हो जाए और कामवासना उसकी बुद्धि पर हावी हो जाए तो उसके पाप का फल उसकी प्रजा परिवार और पूरे राज्य को मिलता है कथा संयोजक डॉक्टर पंकज सिंह भदोरिया ने बताया कि गोमती मैया का आंचल हनुमान जी को पूर्ण रूप से स्नान करा रहा है गोमती मैया का रौद्र रूप कम हो इसके लिए बुधवार को सुबह 10:30 बजे गोमती मैया का दुग्ध अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा .....श्री राम कथा के अवसर पर डॉ डी के मेहरोत्रा जी द्वारा रचित पुस्तक रामचरितमानस के प्रबंध सूत्र का विमोचन भी किया गया। कथा में प्रमुख रूप से श्री जे के सिंह भदोरिया, कमलनाथ मल्होत्रा, अजय त्रिपाठी मुन्ना, अखिलेश कुमार, प्रहलाद अग्रवाल, लवली खोसला, गरिमा टंडन एवं सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने अपनी उपस्थित दी।

श्रीमद्भागवत और कृष्ण भक्ति धारा पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन



लखनऊ। विद्यांत हिन्दू पी.जी. कॉलेज, लखनऊ के हिन्दी विभाग ने आज महाविद्यालय की प्राचार्या शिक्षक श्री प्रो. धर्म कौर के मार्गदर्शन में श्रीमद्भागवत एवं कृष्ण भक्ति धारा विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता एवं संसाधन व्यक्ति डॉ. ऋषि कुमार मिश्रा, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, क्रिश्चियन कॉलेज, लखनऊ थे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. बृजेश श्रीवास्तव, सह-संयोजक एवं संचालनकर्ता प्रो. श्रवण गुप्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजीव शुक्ला ने किया। प्राचार्या प्रो. धर्म कौर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत की गहरी समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत और कृष्ण भक्ति परंपरा आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

गांधीधाम की रामलीला में लखनऊ के कलाकारों के अभिनय का दिखा जलवा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर के कलाकार इन दिनों गुजरात के गांधीधाम में आयोजित रामलीला में अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।

पिछले चार वर्षों से लगातार गांधीधाम की रामलीला में प्रमुख भूमिकाएँ निभाते आ रहे लखनऊ के इन कलाकारों ने अपने अभिनय, संवाद अदायगी और मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। संस्था के नाट्य निर्देशक चंद्रभाष सिंह रामलीला में राजा दशरथ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ निर्देशन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे रामलीला के निर्देशक उमेश वर्मा के साथ मिलकर प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दे रहे हैं। रामलीला में लखनऊ के कलाकार विभिन्न महत्वपूर्ण पात्रों को जीवंत कर रहे हैं। चंद्रभाष सिंह राजा दशरथ, बृजेश पंडित भरत और श्रवण कुमार, विवेक यादव अंगद और शांतनु,



करन दीक्षित परशुराम और शिव, आयुष मिश्रा इंद्र और खर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। वहीं प्रियंका माता सीता, मुस्कान सोनी कैकेयी और पायल कौशल्या एवं मंदोदरी के चरित्र को मंच पर साकार कर रही हैं। बहुमुखी अभिनय प्रतिभा की धनी अनामिका इस रामलीला में सुमित्रा, श्रवण कुमार की माता, सती सुलोचना, पृथ्वी, सती अहिल्या और शूर्पणखा जैसे विविध चरित्रों को निभा रही हैं।

अलग-अलग भाव, व्यक्तित्व और चरित्रों को मंच पर प्रस्तुत करना उनकी अभिनय क्षमता और रंगमंच के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस भव्य रामलीला की मंचीय प्रस्तुति को आकर्षक बनाने में भी लखनऊ के रंगकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है। अमित बेनवंशी प्रकाश परिकल्पना (लाइट डिजाइन) की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जबकि सचिन जायसवाल मेकअप के माध्यम से पात्रों को प्रभावशाली रूप प्रदान कर रहे हैं। इस प्रकार अभिनय से लेकर प्रकाश व्यवस्था और रूप सज्जा तक, लखनऊ के कलाकार रामलीला की संपूर्ण प्रस्तुति में अपनी प्रतिभा का योगदान दे रहे हैं। गुजरात के गांधीधाम में लगातार चार वर्षों से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे विजय बेला के कलाकारों की यह सहभागिता लखनऊ की समृद्ध रंगमंचीय परंपरा और कलाकारों की पेशेवर दक्षता का परिचायक है।

संक्षेप

एसएसपी ने फरियादियों की सुनी फरियाद

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को प्रभावी न्याय दिलाया जाए।

एसडीएम ने बूथों को किया निरीक्षण, दिए निर्देश

आजमगढ़। विधानसभा लालगंज के मतदाता पुनरीक्षण कार्य के तहत एसडीएम नेहा मिश्रा ने बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बूथों पर बीएलओ उपस्थित मिले। एसडीएम ने बीएलओ को प्रत्येक बूथ के जेंडर रेशियो पर विशेष ध्यान देने, अधिक से अधिक नए मतदाताओं के फार्म-6 भरवाने और 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का मतदाता पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के लिए भी कहा। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बीएलओ के पास औसतन 10 से 15 फार्म भरे हुए पाए गए।

चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

मीरजापुर। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली कटरा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिना नंबर प्लेट की चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को उपनिरीक्षक कृष्ण कान्त त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ नटवा तिराहे के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दीपक पुत्र पप्पू निवासी भटेवरा, थाना चिल्ह को चोरी की बाइक के साथ पकड़ लिया।

ट्रक ने कार में मारी टक्कर, महिला की मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही कार में पीछे टक्कर मार दी। कार में सवार महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज जिले के मेजा थाना क्षेत्र के शुकुलपुर निवासी 50 वर्षीया उषा देवी पत्नी चंद्रमा प्रसाद मिश्र अपने 24 वर्षीय पुत्र अंबुज मिश्र व परिवार के सदस्य 25 वर्षीय अंकित मिश्र तथा 19 वर्षीय आयुष के साथ अपने पिता के श्राद्ध में शामिल होने के लिए अपने मायके मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के छतना गांव गई थी। सोमवार को देर शाम घर वापस लौटते समय जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचे तो पीछे से कपड़ा लादकर आ रहे ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक कार में पीछे से टक्कर मारते हुए खाई में जाकर रूक गया। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार ने सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां पीएचसी हलिया के चिकित्सक अवधेश कुमार ने गंभीर रूप से घायल उषा देवी को देखते ही मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही कार में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में कार में सवार महिला की मौत हो गई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

खाता आधार से जरूर लिंक करा लें : डीएसडब्ल्यूओ

जौनपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शासनादेश द्वारा कन्याओं के खाते में प्रेषित की जाने वाली सहायता राशि 64000 उनके बैंक खाते में पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक खाते में अंतरित किये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये है। आवेदनकर्ता अपना खाता अनिवार्य रूप से बैंक में जाकर आधार से लिंक करा लें, जिससे कि अनुमन्य सहायता राशि खाते में अंतरित की जा सके।

मंडलायुक्त ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की



सोनभद्र। विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त एवं जनपद के नोडल अधिकारी राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को योजना की रूपरेखा तैयार कर बेहतर समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा सके। इसी प्रकार फैमिली आईडी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने फैमिली आईडी की प्रगति में तेजी लाने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के माध्यम से पात्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभान्वित करने तथा उन्हें अधिक से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि मंडलायुक्त द्वारा दिए गए निदेशों का सभी संबंधित अधिकारी नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चंद्र सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दुद्धी कचहरी रोड को कब मिलेगी अव्यवस्था से मुक्ति



दुद्धी (सोनभद्र)। कस्बे का सबसे अति-विशिष्ट और वीआईपी माना जाने वाला कचहरी मार्ग इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता और घोर अव्यवस्था का सजीव जीवंत उदाहरण बन चुका है। जिस मार्ग से प्रतिदिन क्षेत्र की न्याय व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को संचालित करने वाले आला अधिकारी गुजरते हैं, वही सड़क खुद अतिक्रमण और बेतरतीब ट्रैफिक के श्महाजामश के चंगुल में कराह रही है। स्थानीय नागरिकों और अधिवक्ताओं के बीच प्रशासन की यह अनदेखी अब तीखी चर्चा और भारी आक्रोश का विषय बन चुकी है।

हैरानी की बात यह है कि इसी कचहरी मार्ग से हर रोज न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित उपजिलाधिकारी (एसडी), पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) और तहसीलदार जैसे शीर्ष अधिकारियों की गाड़ियाँ और काफिले रेंगते हुए निकलते हैं। अधिकारियों के आवासीय क्षेत्र और महत्वपूर्ण कार्यालयों से जुड़े होने के बावजूद इस मार्ग को जाम से मुक्त कराने के लिए आज तक कोई ठोस या दूरगामी कदम नहीं उठाए गए। वीआईपी मूवमेंट के दौरान कुछ पलों के लिए होमगार्ड या सिपाही हरकत में आते हैं, लेकिन उनके जाते ही स्थिति जस की तस हो जाती है। तस्वीरें गवाही देती हैं कि सड़क के दोनों किनारों पर दुकानदारों का अवैध कब्जा, फुटपाथ पर सजे ठेले और बेतरतीब ढंग से खड़े दोपहिया व चारपहिया वाहन इस भीषण जाम की मुख्य वजह हैं। कचहरी आने वाले दूर-दराज के फरियादियों, महिला वादकारियों और गंभीर मरीजों को इस तपती धूप और संकरी हो चुकी सड़क पर घंटों फंसे रहना पड़ता है। स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग का कहना है कि जब खुद जिम्मेदार अफसर इस समस्या को रोज अपनी आंखों से देखते हैं, तो आखिर इसे दूर करने के लिए कोई बड़ा और कड़ा ह्यअतिक्रमण हटाओ अभियानह्न क्यों नहीं चलाया जा रहा? दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय का कहना है कि यदि समय रहते यहाँ एक स्थाई पार्किंग जोन विकसित नहीं किया गया और सड़कों को अतिक्रमणकारियों से मुक्त नहीं कराया गया, तो यह जाम आने वाले दिनों में किसी बड़े हादसे या गंभीर आपातकालीन संकट (जैसे एम्बुलेंस का फंसना) का सबब बन सकता है।

सीडीओ नरेंद्र बहादुर सिंह ने संभाला कार्यभार



जौनपुर। जिले के नवागत मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नरेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने विकास कार्यों और शासन की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। सीडीओ के कार्यभार ग्रहण करने के दौरान विकास भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों से जिले में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति और प्राथमिकताओं की जानकारी लेते हुए कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने की दिशा में काम करने की बात कही।

होटल में कमरा देने से मना करने पर युवकों ने की मारपीट

आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के सरायमंदराज गांव स्थित एक होटल में कमरा देने से मना करने पर कुछ युवकों ने दो दिन पूर्व संचालक व स्टाफ के साथ मारपीट की और होटल पर पथराव किया। होटल संचालक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के कटघर गांव निवासी आनंद सोनकर की सरायमंदराज में होटल है। उनका आरोप है कि चार अक्तूबर की रात करीब नौ बजे अंकित यादव उर्फ जोनी, पिंटू यादव, मगानू यादव के साथ सात-आठ अन्य लोग उसके होटल पर आए। उन्होंने चखना मांगने के साथ कमरा देने को कहा। पीड़ित होटल संचालक का आरोप है कि सभी लोगों ने अधिक शराब पी रखी थी। इसी कारण होटल में कमरा देने से मना कर दिया। आरोप है कि इससे नाराज होकर आरोपियों गाली-गलौज करने के साथ संचालक संग होटल के अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की।

विंध्याचल मेले को लेकर डीआईजी पूनम ने दिए सख्त निर्देश



मीरजापुर। शारदीय नवरात्रि मेला विंध्याचल 2026 को लेकर डीआईजी विंध्याचल परिक्षेत्र पूनम ने पुलिस अधिकारियों के साथ गूगल मीट के जरिए समन्वय बैठक की। 10 से 21 अक्टूबर तक चलने वाले मेले में भारी भीड़ के मद्देनजर रूट डायवर्जन, पार्किंग, बैरियर और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर, भदोही समेत अन्य जिलों व राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए अलग पार्किंग व डायवर्जन व्यवस्था लागू करने के निर्देश। मुख्य मार्गों पर जाम रोकने, पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और आपात स्थिति में एंबुलेंस के लिए निर्बाध रास्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में था। रत्नाकर चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ता अंबेडकर तिराहे पर धरने पर बैठे। सुरक्षा के लिए दो थानों की पुलिस तैनात की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी तथा ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो के नारे लगाए। रत्नाकर चौबे ने कहा कि अखिलेश यादव को सांकेतिक कार्यक्रम के दौरान गिरफ्तार किया गया। सपा ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रही है। ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी और ईवीएम जलवाने का आरोप लगाया, इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता के अधिकार छीन रही है। प्रदर्शन में निजामुद्दीन अंसारी, अमित यादव, पूनम मौर्या, प्रदीप यादव, अनवारुल हक गुड्डू, रमेश मौर्या, दिलीप प्रजापति, विकास यादव, राजीव यादव, धर्मेंद्र सोनकर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



पेड़ में बांधकर पीटने पर तीन गिरफ्तार

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस ने मंगलवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। लाइनबाजार थाना क्षेत्र के चकराजेपुर पचोखर निवासी नाजमा पत्नी शमशेर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनका बेटा रोहित अपने दोस्तों छोटू और गोदीवाले के साथ मोपेड से गौराबादशाहपुर जा रहा था। इसी दौरान उन्हें रोककर पेड़ से बांध दिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी थी। मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक अवधेश कुमार पुलिस टीम के साथ केशवपुर गांव में अभियुक्तों से पूछताछ कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी आपस में कहासुनी करने लगे और पेड़ में बांधकर पीटा। शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने मौके से तीन अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान केशवपुर निवासी अबुल कश्यप, पवन मौर्य और दिलीप मौर्य के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों का चालान कर न्यायालय भेज दिया गया है।

सेवा संकल्प अभियान : आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन



मीरजापुर। सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती शिखा अग्रवाल रहीं।

आंगन मिलन सेवा के अन्तर्गत जनपद के नगर सहित कुल 13 परियोजनाओं में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हेल्दी बेबी प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। जनपद स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित 26 बच्चों को हेल्दी बेबी प्रमाण पत्र का वितरण एवं उनकी माताओं का सम्मान मुख्य अतिथि शिखा अग्रवाल द्वारा किया गया, जिसमें क्रमशः कीर्ति पुत्री आरती, आंचल पुत्री प्रिया, माही पुत्री प्रियंका एवं शिवांश पुत्र ज्योत्सना आदि कार्यक्रम में शामिल रहे। इसके अतिरिक्त पोषण अभियान सहित आंगन मिलन सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री क्रमशः कंचन शुक्ला, दीपा मोदनवाल, अंजली शर्मा, करीना, काजल, आरती, खुशबू एवं शालिनी अवस्थी आदि रहीं। आंगन मिलन सेवा के अन्तर्गत जनपद स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 48 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट पोषण रंगोली, पोषण मटका एवं विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन रंगोली बनाकर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सरकार द्वारा सभी वर्गों, बच्चों एवं महिलाओं को बराबर सम्मान देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर द्वारा किया गया।

आंधी-पानी ने धान की फसल पर ढाया कहर



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। बीती रात तेज आंधी और बारिश ने क्षेत्र के किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। तेज हवा के झोंकों के साथ हुई बारिश से धान की तैयार फसल खेतों में गिरकर बिछ गई। अचानक बदले मौसम से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

केराकत तहसील के नदौली, डेढ़वाने, अकबरपुर, मुर्की, डेहरी और सूरतपुर समेत आसपास के कई गांवों में धान की फसल को काफी नुकसान होने की बात सामने आई है। किसानों के अनुसार अधिकांश खेतों में धान की फसल तैयार होने के करीब पहुंच गई थी। इसी बीच तेज आंधी आने से फसल जमीन पर गिर गई। खेतों में फसल के गिर जाने से अब उसकी कटाई में भी परेशानी होगी। वहीं लगातार बारिश होने की स्थिति में गिरी हुई फसल के सड़ने और दाने खराब होने की आशंका बनी हुई है। इससे उत्पादन पर भी सीधा असर पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि धान की खेती में बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी समेत काफी खर्च हो चुका है। फसल तैयार होने के समय मौसम की मार पड़ने से उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। कई किसानों ने बताया कि खेतों में धान की बालियां जमीन से सट गई हैं, जिससे फसल को संभालना मुश्किल हो गया है। किसानों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द सर्वे कराने और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है।

पुत्र की तहरीर पर बिजली विभाग के कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के चकाली गांव में एक सप्ताह पूर्व बिजली पोल के स्टे वायर में करंट उतरने से वृद्ध की मौत हो गई थी। इस घटना के संबंध में निजामाबाद पुलिस ने मृत वृद्ध के पुत्र की तहरीर पर बिजली विभाग के कर्मियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चकाली गांव में बिजली पोल के स्टे वायर में उतर रहे करंट से 29 सितंबर की दोपहर को गांव निवासी सुरेंद्र की मौत हो गई थी। मृत सुरेंद्र के पुत्र दीपक सिंह का आरोप था कि हादसे से पहले बिजली विभाग के जेई, एसडीओ और एसएसओ से स्टे वायर में करंट उतरने की शिकायत की गई थी। शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते उसके पिता सुरेंद्र करंट से झुलस कर मौत हो गई।

साइबर सुरक्षा तकनीकी दक्षता विकसित करें विद्यार्थी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सिक्योर एप्लीकेशन डेवलपमेंट विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला के द्वितीय दिवस में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यशाला में मुख्य विषय विशेषज्ञ के रूप में देश के प्रख्यात साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. अनूप गिरधर ने विद्यार्थियों को सुरक्षित एप्लीकेशन डेवलपमेंट के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा और सिक्योर एप्लीकेशन डेवलपमेंट के क्षेत्र में भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की रुचि और सहभागिता इसी प्रकार बनी रही तो विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में और भी अधिक प्रायोगिक एवं इंडस्ट्री ओरिएंटेड कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा के साथ व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान प्राप्त हो सके। सत्र की प्रमुख कड़ी हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग रही। डॉ. गिरधर ने विद्यार्थियों को लाइव प्रोग्रामिंग के माध्यम से वर्चुअल मशीन सेटअप करने तथा कोड में आवश्यक सुरक्षा मानकों को लागू करने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं तकनीकी गतिविधियों में भाग लेते हुए सुरक्षित एप्लीकेशन डेवलपमेंट की बारीकियों को समझा।

सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

जौनपुर। जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार शशि, के निर्देशन में सर्वाईकल कैंसर के प्रति जागरूक करने हेतु बीआरपी इण्टर कालेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर सुशील कुमार सिंह, सिविल जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी तक न्याय पहुंचाने के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होने के बारे में विस्तार से बताया और समस्याओं के निराकरण हेतु प्राधिकरण की सहायता लेने का आवाहन किया और कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सुविधा और न्याय पहुंचना चाहिए जिसके लिए वैकल्पिक न्याय प्रणाली का जिला प्रदेश और देश स्तर पर विकास किया गया है। देश को आगे बढ़ाने के लिए अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुंचना और उसको न्याय मिलना आवश्यक है। सोशल मीडिया, इंटरनेट, मोबाइल, टेलीविजन और किस प्रकार के चैनलों का सावधानी से और रचनात्मक उपयोग करें। देवेंद्र कुमार यादव डॉक्टर सीमा सिंह एवं उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी व डॉक्टर एस के जायसवाल नीम मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य अनमोल है इसके लिए सरकार



और विधि में तथा संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन में विस्तृत प्रावधान दिया गया है कि मानसिक रोगियों के साथ कोई भेदभाव ना हो यदि कोई व्यक्ति दोष है तीन सप्ताह तक लगातार उदास रहे तनाव ग्रस्त रहे चिंतित और अवसाद से भरा हुआ रहे तो उसकी परीक्षा अवश्य करनी चाहिए हम प्राचीन धर्म नैतिकता सदाचार और संयुक्त परिवार एवं मानव मूल्यों को अपनाकर इसे मुक्ति पा सकते हैं मानसिक रोगी व्यक्ति को उचित चिकित्सा देखरेख और मनोचिकित्सक की सलाह लेकर पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

संक्रामक रोग से बचाव के लिए कर रहे जागरूक



जिला संवाददाता

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में 1 अक्टूबर 2026 से संचारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत गांव में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैण्डपम्प का चिन्हिकरण, नालियों की सफाई, बुखार, कुष्ठ, फाइलेरिया, क्षय, के रोगियों का चिन्हिकरण इत्यादि कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार उच्च जोखिम वाले ग्रामों में भी माइक्रोप्लान के अनुसार विशेष साफ-सफाई कार्यक्रम चलाया जा रहा है, तथा लोगों को संक्रामक रोग से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है।

संचारी अभियान प्रगति रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न स्तरों पर निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष युद्धस्तर पर कार्य संचालित हैं। विद्यालयों में संचारी जागरूकता रैली के कुल 2075 के लक्ष्य के सापेक्ष 83 की दैनिक प्रगति के साथ अब तक 365 की क्रमिक प्रगति हासिल कर ली गई है। ग्राम स्तर पर प्रभात फेरी के 621 के लक्ष्य में 28 की दैनिक प्रगति के साथ कुल 155 फेरियां निकाली गई हैं, तथा ग्राम सभा बैठक के 621 के लक्ष्य के सापेक्ष 24 की दैनिक प्रगति के साथ 157 बैठकों का आयोजन पूरा किया जा चुका है। वातावरणीय स्वच्छता हेतु झाड़ियों की कटाई के 4204 के लक्ष्य के सापेक्ष 112 की दैनिक प्रगति के साथ कुल 937 स्थलों पर कटाई की गई है। पेयजल सुधार के तहत हैण्डपम्प मरम्मत के 2890 के लक्ष्य के मुकाबले 87 की दैनिक प्रगति के साथ 637 हैण्डपम्प दुरुस्त किए गए हैं तथा हैण्डपम्प के चबूतरे की मरम्मत के 1184 के लक्ष्य में 56 की दैनिक प्रगति के साथ 285 चबूतरे ठीक कराए गए हैं।

स्वच्छता सुदृढ़ीकरण हेतु शौचालय निर्माण के 615 के लक्ष्य के सापेक्ष 24 की दैनिक प्रगति के साथ कुल 140 शौचालयों का निर्माण किया गया है। जल निकासी व्यवस्था बेहतर करने के लिए नालियों की सफाई (ग्रामीण) के 1889 के लक्ष्य के सापेक्ष 67 की दैनिक प्रगति के साथ 456 नालियां तथा नालियों की सफाई (शहरी) के 1440 के लक्ष्य के सापेक्ष 33 की दैनिक प्रगति के साथ 183 नालियों की सफाई संपन्न हो चुकी है। इसके अतिरिक्त, नगरीय वार्डों में फॉगिंग के 144 के लक्ष्य के सापेक्ष 4 की दैनिक प्रगति के साथ 17 वार्डों में फॉगिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। संक्रामक रोगों के प्रसार पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से सूकर पालकों का संवेदीकरण के 255 के लक्ष्य के सापेक्ष 9 की दैनिक प्रगति के साथ 40 पालकों का संवेदीकरण किया गया है, तथा कृंतक नियंत्रण हेतु गोष्ठी के 621 के लक्ष्य के सापेक्ष 22 की दैनिक प्रगति के साथ कुल 113 गोष्ठियों का सफल आयोजन किया जा चुका है।

कसया में चोरी का केस पहुंचा एसपी दरबार

करमा, सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कसया गांव का मामला एसपी दरबार में पहुंचा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एस पी ने थाने को लगाई फटकार लगाते हुए चोरी के मामले की खुलासा करने के लिए कहा । बता दें पिछली एक अक्टूबर को भुकत भोगी द्वारा थाने पर प्रार्थना पत्र के माध्यम से जान माल की गुहार लगाते हुए चोरी की खुलासा करने की बात कही। चर्चा की मानें तो नामजद आरोपी रात घर में घुसा और महिला को धक्का देकर 20 हजार और जेवर लेकर फरार हो गया। ईधर आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर गांजा के केस में जेल दिया। चोरी का खुलासा आज तक नहीं होने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल। क्षेत्र में दर्जनों चोरी की घटनाओं का आज तक खुलासा नहीं हुआ। हौसला बुलंद चोर का रात हुई सनसनीखेज चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। एक सप्ताह का दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरी का खुलासा करने में नाकाम है, जबकि पीड़ित परिवार ने नामजद आरोपी तक का नाम पुलिस को दिया है।

मामला करमा थाना क्षेत्र के ग्राम कसया खुर्द है। पीड़िता पुष्पलता पत्नी तेजबली के अनुसार घटना 02 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे की है। पुष्पलता का आरोप है कि गांव का ही निवासी बाबुनन्दन यादव पुत्र श्याम लाल यादव आधी रात को उनके घर में घुस गया। घर में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 20 हजार रुपये नकद और चांदी के आभूषण निकाल लिए। इसी दौरान पुष्पलता की नींद खुल गई और उसकी नजर चोर पर पड़ गई। पुष्पलता ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसे जोरदार धक्का देकर मौके से फरार हो गया। महिला की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े, अंदर जाकर देखा तो बक्से का ताला टूटा पड़ा था और नकदी-जेवर गायब थे। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच का आश्वासन देकर लौट गई इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल बोले-देखवाया जा रहा है एक सप्ताह का दिन बीत जाने के बाद भी खाली हाथ पुलिस। पीड़िता के पति तेजबली का आरोप है कि उन्होंने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट रूप से नामजद आरोपी बाबुनन्दन यादव का नाम दिया था। करमा पुलिस ने उसे पकड़ा भी, लेकिन चोरी के मामले में कार्रवाई करने के बजाय गांजा के केस में जेल भेज दिया। तेजबली ने कहा, हमने चोर का नाम बताया, पुलिस ने पकड़ा भी लेकिन चोरी का सामान बरामद करने के बजाय दूसरे केस में चालान कर दिया।

मक्का और मदीना में उमरा की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए ग्रामीण

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के हलिया खम्हरिया गांव से मुस्लिम परिवार के लोग सऊदी अरब के मक्का और मदीना में उमरा की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर गांव में काफी उत्साह का माहौल था। खम्हरिया गांव और आसपास के स्थानीय लोग बड़ी संख्या में जायरीनों को विदा करने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने गुलबहार अली व उनकी माता हजरतिया को परिवार के सदस्यों ने फूल-मालाएं पहनाईं। लोगों ने गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद दी और उनकी सुरक्षित यात्रा के लिए दुआएं मांगीं। विदाई के दौरान पूरा माहौल 'अल्लाह-हू-अकबर' और धार्मिक नारों से गूंज उठा। यात्रा पर जा रहे लोगों ने देश और क्षेत्र में अमन, चैन और खुशहाली के लिए दुआ करने की बात कही। इनमें कई बुजुर्ग भी शामिल थे।

शिक्षामित्र शारदा पटेल को भावुक विदाई

दुद्धी (सोनभद्र) प्राथमिक विद्यालय बावंझरिया (बीड़र) में शिक्षामित्र श्री शारदा पटेल जी का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह बेहद भावुक माहौल में संपन्न हुआ। शिक्षा विभाग को अपने जीवन के अनमोल 20 वर्ष समर्पित करने वाले शारदा जी की विदाई के साक्षी बनने पूरा गाँव उमड़ पड़ा। शिक्षकों और ग्रामीणों ने उनके योगदान को सराहते हुए कहा कि उन्होंने कभी वेतन या सुविधाओं की चिंता नहीं की और उनका एकमात्र ध्येय बच्चों को शिक्षित करना रहा। विदाई की इस बेला पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुसई राम, सहायक अध्यापक चंद्रेश मौर्य, अनिल यादव, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे, जिन्होंने उनके सुखद व स्वस्थ भविष्य की कामना की।

निरीक्षण में चिकित्सक सहित तीन गायब मिले

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 गंगाराम गौतम ने प्राथमिक स्वास्थ

संक्षेप

17 शिकायतों में एक का मौके निस्तारण

मथुरा। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शों के अनुपालन में मंगलवार को नगर निगम द्वारा संभव कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सुनीता सिंह एवं अपर नगर आयुक्त प्रियंका सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनीं। वहीं वृंदावन जोन में सहायक नगर आयुक्त नीरज शर्मा और सिटी जोन (जनरल गंज) कार्यालय में अवर अभियंता अजय कुमार द्वारा जनसुनवाई की गई। भूतेश्वर जोन में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 सफाई, 5 अतिक्रमण और 1 प्रकाश विभाग से संबंधित थी। सफाई से जुड़ी 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं वृंदावन जोन में कुल 07 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 5 जलकल, 1 निर्माण और 1 प्रकाश विभाग से संबंधित थीं। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्तों ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए।

संत प्रेमानंद आश्रम के बाहर लापता बेटों की तलाश में जुटे परिवार, साध्वी को मिली धमकी

मथुरा। संत प्रेमानंद महाराज के वृंदावन नगर स्थित श्रीराधा केलिकुंज आश्रम पर अपने लापता बच्चों की तलाश में परिजनों के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। साधक रसिक दुलारी शरण उर्फ दीपक लोधी की आत्महत्या के बाद हाथरस, कासगंज और मेरठ के परिवारों के अलावा अब बिहार के गोपालगंज से भी एक परिवार अपने बेटे की खोज में वृंदावन पहुंचा है। सोमवार और मंगलवार को मेरठ के परतापुर निवासी नेत्रपाल अपने 20 वर्षीय पुत्र प्रिंस की फोटो लेकर आश्रम के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे। विरोध की स्थिति को देखते हुए पुलिस उन्हें रमणरेती पुलिस चैकी ले गई और बेटे की शीघ्र तलाश का आश्वासन दिया। इसी दौरान बिहार के गोपालगंज (थाना भोर, कल्याणपुर कुंभी टोला) निवासी विनोद यादव भी अपने परिवार के साथ 18 वर्षीय बेटे अभिनंदन यादव की तलाश में आश्रम पहुंचे। विनोद यादव के अनुसार, वे 25 जुलाई को परिवार संग वृंदावन दर्शन और संत प्रेमानंद के दर्शन करने आए थे, जिसके बाद से उनका बेटा लापता है। वृंदावन कोतवाली पुलिस ने अभिनंदन यादव की गुमशुदगी के पोस्टर जारी कर तलाश शुरू कर दी है।

एसपी ग्रामीण और एएसपी सम्मानित

मथुरा। जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने और गंभीर अपराधों के त्वरित एवं सफल अनावरण में उत्कृष्ट भूमिका निभाने पर एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत तथा एएसपी आशना चैधरी को सम्मानित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन मथुरा स्थित सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत और एएसपी आशना चैधरी को उनकी उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता, पूर्ण मनोयोग और प्रतिबद्धता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत और एएसपी आशना चैधरी के संयुक्त नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा विभिन्न गंभीर मामलों के त्वरित एवं सफल अनावरण के लिए पुलिस टीमों द्वारा किए गए कार्यों की जमकर सराहना की गई। स

विराट कोहली को 5 करोड़ देकर संत प्रेमानंद के दरबार में बुलाने का दावा



मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज के एक बयान से विवाद खड़ा हो गया है। दिनेश फलाहारी ने आरोप लगाया है कि भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को संत प्रेमानंद महाराज के दरबार में लाने के लिए कथित तौर पर 5 करोड़ रुपये दिए गए थे, जिसके बाद संत प्रेमानंद की प्रसिद्धि देशभर में तेजी से बढ़ी। दिनेश फलाहारी महाराज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर संत प्रेमानंद महाराज की सुरक्षा बढ़ाने (जेड प्लस सुरक्षा) और आश्रम से जुड़ी गतिविधियों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि आश्रम परिसर के आसपास साधु के वेश में कुछ भूमाफिया और संदिग्ध लोग सक्रिय हैं, जो यमुना डूब क्षेत्र की जमीनों की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। इसके साथ ही पत्र में गायब बच्चों और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर सीबीआई जांच की मांग भी की गई है। फलाहारी महाराज ने संत प्रेमानंद से विवादों से दूर रहकर गोवर्धन में निवास करने की अपील की है। इन आरोपों और बयानबाजी के बाद ब्रज के कई प्रमुख संत और कथावाचक प्रेमानंद महाराज के समर्थन में उतर आए हैं। भागवताचार्य चित्रलेखा ने कहा कि बिना पूरी जानकारी के किसी महापुरुष पर टिप्पणी करना गलत है। अधूरा ज्ञान खतरनाक होता है और ऐसे में लोगों को मौन रहना चाहिए। वहीं महंत राजेंद्र दास महाराज (मलूक पीठ) का कहना है कि समाज संतों का योगदान देखे बिना उन पर कीचड़ उछालने में देर नहीं लगाता तथा भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य ने मीडिया और आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि बिना सच्चाई जाने संत प्रेमानंद महाराज को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल, इन गंभीर दावों के बाद ब्रज क्षेत्र में धार्मिक और प्रशासनिक हलकों के बीच चचाएं गर्म हैं।

नीलगाय से टकराकर गड्ढे में पलटी कार

गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इटकौली-जयसिंहपुर मार्ग पर जोली मीरगंज के पास मंगलवार नीलगाय से टकराने के बाद एक कार अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार चालक सचिन विश्वकर्मा निवासी सैफुल्लागंज बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

भाजपा की एमएलसी चुनाव तैयारी बैठक संपन्न

मथुरा। बलदेव विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से आगामी शिक्षक खण्ड एवं स्नातक खण्ड विधान परिषद चुनावों की तैयारियों को लेकर एक विस्तृत संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक डॉ. देवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

डॉ. देवेंद्र शर्मा ने कहा शिक्षक और स्नातक वर्ग समाज का सबसे




जागरूक वर्ग है। यह वर्ग ही समाज को दिशा देता है। हमें प्रत्येक मतदाता तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचना होगा। भाजपा ने हमेशा शिक्षकों के सम्मान के लिए कार्य किया है। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा संगठन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सभी कार्यकर्ता मंडलवार सूची बनाकर प्रत्येक शिक्षक एवं स्नातक मतदाता से संपर्क करें। इस बार हम दोनों सीटों पर रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री सतपाल चैधरी, आकाश चैधरी, जिला उपाध्यक्ष जगमोहन पाठक, अनिल चैधरी, जिला मंत्री मनीषा पाराशर, अजय परखम, सुरेश तरकर, भानु प्रताप सिंह, रनवीर ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुवेर्दी, जिला सह मीडिया प्रभारी नारायण पांडे, बलदेव नगर पंचायत अध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल, राया के पूर्व अध्यक्ष राकेश बंसल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष निहाल सिंह आर्य, जिला उपाध्यक्ष वीरपाल भरंगर, चंद्रवीर सिंह, संजय तरकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।-

एमएसपी खरीद केंद्रों पर किसानों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं



फिरोजाबाद। मूल्य समर्थन योजना वर्ष 2026-27 के तहत धान एवं श्रीअन्न मक्का, बाजरा और ज्वार की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर पारदर्शी एवं सुचारू खरीद को लेकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और सभी क्रय केंद्र प्रभारी मौजूद रहे। डीएम ने जिले में स्थापित सभी क्रय केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ अंतिम किसान तक पहुंचना चाहिए। अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़कर उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना प्राथमिकता रहे। उन्होंने सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए पेयजल बैठने, छांव, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, पर्याप्त बारदाना और साफ-सफाई की व्यवस्था समय से पूर्ण रखने के निर्देश दिए। खरीदे गए खाद्यान्न की सुरक्षा को लेकर राज्य भंडारण निगम के मैनेजर को निर्देशित किया गया कि खरीद के बाद खाद्यान्न का तत्काल उठान और सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जाए। सभी गोदामों में पर्याप्त भंडारण क्षमता, कीटनाशक छिड़काव और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने खरीद प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरतने तथा बिचौलियों की भूमिका पर पूरी तरह अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीद में लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं क्रय केंद्र प्रभारियों को जिलाधिकारी के निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पंडित दीनदयाल स्मृति मेला महोत्सव की आज, 21 महामंडलेश्वर जुटेंगे, कल आ सकते हैं सीएम



मथुरा। फरह पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मेला महोत्सव का बुधवार से शुरू होने जा रहा है। 21 महामंडलेश्वरों के समागम से मेला महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसमें स्वदेशी स्वावलंबन और संस्कृति की थीम पर कार्यक्रम होंगे। दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना है। आसपास के गांवों में स्मृति पर बधाई गीतों का सिलसिला शुरू हो गया है। मेला मंत्री मनीष रावी ने बताया, चार दिवसीय मेला का शुभारंभ सात अक्टूबर की सुबह नौ बजे कलशयात्रा, विद्यालय घोष व हवन यज्ञ में आहुति देकर संतों के समागम से शुरू होगा। नोएडा की टीम द्वारा राष्ट्रीय स्तर का नृत्य नाटक का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर दो बजे रंगोली, लोकगीत सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। रात्रि 10 बजे से रसिया दंगल का आयोजन किया जाएगा। आठ अक्टूबर को सुबह दस बजे बधाई गीत लोक गायन प्रस्तुति होगी। दोपहर 12 बजे युवा किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल धाम पहुंचकर संबोधन करेंगे। तीसरे दिन नौ अक्टूबर को गोपूजन व स्वस्थ गोवंश प्रतियोगिता होगी, जिसमें कई जिलों के गोपालक भाग लेंगे। महिला लोकगीत होंगे। दोपहर दो बजे से विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। अंतिम दिन 10 अक्टूबर को नए भारत की निमार्ता नारी शक्ति सम्मेलन, विशेष डांडिया नृत्य, ब्रज के फूलों की होली, अंतिम पायदान का सच नाटक की प्रस्तुति होगी। प्रसिद्ध नृत्य नाटक जैसे आयोजन के साथ मेला महोत्सव का समापन किया जाएगा।

पराली जलायी तो लगेगा 30 हजार तक जुर्माना

फिरोजाबाद। फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गोष्ठी आयोजित की गई। डीएम ने धान की कटाई से पहले तहसील और ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स सक्रिय कर पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को ग्राम स्तर पर ग्राम एवं धरती माता बचाओ समितियों की बैठकें आयोजित कर किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और उसके प्रबंधन के प्रति जागरूक करने को कहा। बीडीओ को एक सप्ताह के भीतर ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में ग्राम स्तर पर पराली प्रबंधन संबंधी बैठकें कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पराली का उपयोग गौशालाओं में पशु बिछावन, पशु चारे और कंपोस्ट के रूप में किया जाए। कार्ययोजना बनाकर सीबीजी प्लांट में भी पराली की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। एसडीएम को अपने निर्देशन में प्रवर्तन की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने कहा कि सभी कंबाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम और बेलिंग मशीन का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। नगरीय क्षेत्रों में कूड़ा जलाने की घटनाओं को भी शून्य करने के निर्देश दिए गए। उप कृषि निदेशक एसपी सिंह ने बताया कि फसल अवशेष जलाने पर शासन द्वारा अर्थदंड का प्रावधान है। दो एकड़ से कम भूमि वाले किसान पर पांच हजार दो से पांच एकड़ तक 15 हजार और पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसान पर 30 हजार रुपये प्रति घटना अर्थदंड लगाया जा सकता है। अर्थदंड की वसूली संबंधित तहसील के माध्यम से की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल, एसडीएम ऋषभ पुंडीर, उपायुक्त एनआरएलएम तूलिका श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी सुमित चौहान सहित संबंधित अधिकारी कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि, कंबाइन हार्वेस्टर संचालक एवं प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

- डीएम ने तहसील और ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स सक्रिय करने के दिये निर्देश, जागरूकता वाहन रवाना

किसान मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती मनायी

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के संस्थापक और किसानों के मसीहा बाबा महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की 91वीं जयंती मंगलवार को बरौली (बलदेव, मथुरा) स्थित प्रदेश प्रवक्ता कार्यालय पर बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान भाकियू पदाधिकारियों और स्थानीय किसानों ने बाबा टिकैत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्गों पर चलने तथा किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन भाकियू उ.प्र. के प्रदेश मीडिया प्रभारी ललित शर्मा ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता उ.प्र. व प्रभारी (म.प्र.) गजेंद्र सिंह परिहार ने केंद्र व प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने किसानों की तीन प्रमुख ज्वलंत समस्याएं उठाईं। फसल बुवाई के समय डीएपी खाद और बीज की भारी किल्लत है। किसान लंबी-लंबी लाइनों में लगने को मजबूर हैं।

बलदेव क्षेत्र में निजी नलकूपों के ट्रांसफॉर्मर आए दिन चोरी हो रहे हैं, लेकिन पुलिस-प्रशासन कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा। अंश निर्धारण की जटिल प्रक्रिया के कारण किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पा रही, जिससे वे सरकारी योजनाओं से वंचित हैं।

कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार महावन और थानाध्यक्ष बलदेव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। किसान नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की। गजेंद्र सिंह परिहार ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हुआ तो भाकियू एक बड़े जनव्यापी आंदोलन की शुरूआत करेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय शासन-प्रशासन की होगी। जयंती के अवसर पर तहसील अध्यक्ष (महावन) नीरेश कोयड़ ने संगठन का विस्तार करते हुए कई नए सदस्यों को जोड़ा। इस दौरान अबैरनी (बलदेव) निवासी सूरजभान पुत्र भगवान सिंह को तहसील महावन का नया तहसील उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रचार मंत्री गिर्राज सिंह परिहार, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कैप्टन बच्चू सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेश अस्थाना, आगरा महानगर अध्यक्ष मनीष वर्मा, जिला महासचिव धीरी सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान व भाकियू पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- किसानों की समस्याओं को लेकर उग्र आंदोलन की चेतावनी

पद्मश्री संत रमेश बाबा, ब्रजमंडल में शोक की लहर



मथुरा। ब्रज की भक्ति, निष्काम गो-सेवा और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले महान संत पद्मश्री रमेश बाबा महाराज का गोलोक गमन हो गया है। उनके निधन की खबर फैलते ही बरसाना सहित पूरे ब्रजमंडल और संत समाज में शोक की लहर दौड़ गई। मान मंदिर, श्री माताजी गोशाला और श्री लाडली जी (राधा रानी) मंदिर में उनके अंतिम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं और संतों का तांता लगा हुआ है।

रमेश बाबा जी के गोलोकवास पर संत समाज के साथ-साथ प्रशासनिक व राजनीतिक जगत में भी गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने उनके निधन को ब्रजमंडल के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत पुण्यात्मा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय मंत्रियों ने भी उनके निधन पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। रमेश बाबा का जन्म वर्ष 1938 में तीर्थराज प्रयागराज में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित बलदेव प्रसाद शुक्ल के परिवार में हुआ था। बाल्यकाल से ही वैराग्य और अध्यात्म की ओर झुकाव होने के कारण उन्होंने युवावस्था में ही गृह त्याग कर ब्रजभूमि को अपनी कर्मभूमि बना लिया। बरसाना आगमन के बाद उन्होंने राधा-कृष्ण भक्ति का प्रसार करते हुए मान मंदिर की स्थापना की। रमेश बाबा जी महाराज ने बरसाना में श्री माताजी गोशाला की स्थापना की, जो आज देश की सबसे बड़ी गोशालाओं में से एक है। इस गोशाला की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ बिना किसी सरकारी अनुदान के 60,000 से अधिक निराश्रित, बीमार और वृद्ध गोवंश का लालन-पालन व इलाज किया जाता है। बाबा महाराज का मानना था कि गो-सेवा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का नैतिक दायित्व है। केवल गो-सेवा ही नहीं, रमेश बाबा ने ब्रज के प्राकृतिक स्वरूप की रक्षा के लिए भी ऐतिहासिक संघर्ष किया। ब्रज की पवित्र पहाड़ियों और पौराणिक स्थलों को अवैध खनन से बचाने के लिए उन्होंने लंबा आंदोलन चलाया। यमुना जी को प्रदूषण मुक्त कराने और उसमें अविरल जलधारा के प्रवाह के लिए उन्होंने वृहद जनजागरण अभियान चलाए। समाज, पर्यावरण और अध्यात्म के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2019 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। बाबा महाराज के शिष्य ब्रजशरण महाराज और मान मंदिर से जुड़े अन्य संतों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार बरसाना धाम में वैष्णव परंपरा एवं वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार किया जाएगा।

पद्मश्री संत रमेश बाबा जी के गोलोकवास से ब्रज क्षेत्र की अपूरणीय छति : मथुरा। बरसाना के मान मंदिर के विरक्त संत, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रसिद्ध गौसेवक पूज्य श्री श्री 108 श्री रमेश बाबा जी महाराज का गोलोकवास हो गया है। उनकी गोलोकगमन की सूचना मिलते ही श्री द्वारकाधीश मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज को अवगत कराया गया। सूचना प्राप्त होते ही पूज्य महाराज श्री ने इसे पूरे ब्रजमंडल के लिए अपूरणीय और बहुत बड़ी क्षति बताया तथा कहा कि उनके स्थान की पूर्ति किसी भी प्रकार संभव नहीं है। द्वारकाधीश मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि पूज्य रमेश बाबा जी द्वारा ब्रज की सेवा, पर्यावरण संरक्षण, नदियों के उद्धार और विशाल गौशाला के माध्यम से हजारों गायों की सेवा में जो योगदान दिया गया है, वह अत्यंत सराहनीय और अतुलनीय है। श्री तिवारी ने कहा कि द्वारकाधीश मंदिर प्रशासन व समाज के सभी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में रमेश बाबा जी का सहयोग हमेशा सराहनीय और प्रेरणादायी रहा है।

पं.दीनदयाल पशु आरोग्य मेले में 429 पशुओं का पंजीकरण

टूंडला। राजकीय पशु चिकित्सालय टूंडला के अंतर्गत ग्राम गढ़ी भक्ति में मंगलवार को पं.दीनदयाल पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान मीरा देवी एवं प्रधान पति बनवारी लाल ने किया। आयोजन उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी टूंडला डॉ.सत्येंद्र निगम के निर्देशन में हुआ। मेले में गौ पूजन के साथ पशुपालकों को पशुओं के टीकाकरण और पशुधन बीमा के लिए जागरूक किया गया। डॉ.अरविंद शंखो ने पशुओं में बांझपन की समस्या के कारण एवं निदान की जानकारी दी, जबकि डॉ. सुरेंद्र सिंह ने पशुओं में होने वाले कृमि एवं जीवाणु संक्रमण से बचाव के उपाय बताए। पशुपालकों को बताया गया कि दैवीय आपदा सहित विभिन्न परिस्थितियों में पशुओं की क्षति होने पर शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए पशुओं का पंजीकरण अनिवार्य है। कृषि विभाग के एडीओ कृषि विनोद कुमार ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 264 बड़े और 165 छोटे, कुल 429 पशुओं का पंजीकरण किया गया तथा पशुओं को आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी छविराम, प्रमोद बाबू सहित विभागीय कर्मचारी एवं पशु चिकित्सक मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि से हटे अवैध कब्जा, मूल गर्भ-गृह में विराजेंगे कन्हैया : स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ महाराज



मथुरा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के ट्रस्टी एवं उडुपी पेजावर मठ के पीठाधीश्वर पूज्य स्वामी श्री 1008 विश्वप्रसन्न तीर्थ महाराज ने मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुँचकर भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने लगभग 800 वर्ष पुराने पूजित चल-विग्रह के साथ द्वैत वेदांत परंपरा के अनुसार समस्थान पूजन किया और श्रीगर्भ-गृह में विष्णु सहस्रनाम पाठ एवं पुष्पार्चन किया। पूजा के उपरांत स्वामी जी ने कहा कि आताताइयों द्वारा सनातन के पवित्र स्थलों को तोड़कर बनाए गए ढाँचे करोड़ों सनातनियों को आहत करते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा में सांस्कृतिक पुनरुत्थान का समय आ गया है। अन्याय के प्रतीक हटेंगे और सत्य की विजय होगी। उन्होंने 13.37 एकड़ भूमि पर सनातनी गौरव की पुनर्स्थापना के लिए सभी सनातनियों को एकजुट होने का आह्वान किया। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने महाराजश्री का स्वागत तुलसी-माला और अंगवस्त्र भेंटकर किया तथा परिसर की व्यवस्थाओं व सौंदर्यीकरण के लिए उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया।

डेढ़ करोड़ की चरस जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

फिरोजाबाद। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रामगढ़ पुलिस ने ममता डिग्री कॉलेज के अंडरपास के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 21.476 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की है। जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये बताई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत थाना रामगढ़ प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे और उपनिरीक्षक रोहित तोमर पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति थैलों में चरस लेकर ममता डिग्री कॉलेज के अंडरपास के नीचे खड़े हैं और किसी का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुन्तियाज निवासी आकाशवाणी रोड, फईम निवासी नूरनगर और मौ.शोएब निवासी दीदामई, रामगढ़ रोड के रूप में हुई। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से कुल 21.476 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान आरोपियों का एक साथी इंतजार पुत्र शमशुल हसन मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी मुन्तियाज के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों और फरार आरोपी के खिलाफ थाना रामगढ़ में मु.अ.सं. 592/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की गई है।

श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का हुआ शुभारंभ



मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के निदेशों पर जनपद के औद्योगिक प्रतिष्ठानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए 6 से 8 अक्टूबर तक तीन दिवसीय श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य कार्यस्थल के समीप ही श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कार्यजनित और अन्य बीमारियों की समय से पहचान करना है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन मथुरा रिफाइनरी के 207 श्रमिकों की जांच डॉ. सुनील कुमार, जितेन्द्र यादव, भूरी सिंह ने की जबकि आर.ई.डब्ल्यू. कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. (साइट ए, इंडस्ट्रियल एरिया) से आए 225 श्रमिकों की जांच डॉ. भरत सिंह, गोविन्द शर्मा, प्रेम सिंह ने की। इसके अलावा पेप्सीको इंडिया होल्डिंग्स (छाता) से आए 135 श्रमिकों की जांच डॉ. मनोज सागवान, सुनील कुमार, चन्द्रसेन और सर्वोदय अस्पताल की टीम ने की। शिविरों में जीएम अभिनव गोस्वामी ने बताया कि आगामी 7 अक्टूबर को रिफाइनरी एसोसिएशन (के-92, साइट बी) एवं यूपीएसआईडीए कार्यालय (कोसी कोटवन)।, 8 अक्टूबर को जैनकॉर्ड इंडस्ट्रीज (दौताना चंदौरी रोड, छाता एवं वेकमेट इंडिया लिमिटेड यूपीएसआईडीसी, छाता में होगा। अंत में सहायक श्रमायुक्त द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त कार्यक्रमों मैसर्स इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मथुरा रिफानरी) एन0एच0-19 मथुरा में अभिनव गोस्वामी (जी०एम०), नीरज जायसवाल (एच०आर० मैनेजर), राजकुमार सहायक श्रमायुक्त, हंस राज, प्रकाश चन्द्र, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मैसर्स आर0ई0डब्लू कॅस्ट्रक्शन प्रा०लि०, डी-5 साइट ए०, इण्डस्ट्रियल एरिया, मथुरा आरपी० सिंघल (अध्यक्ष आई०आई०ए०), अंकित वंसल (अध्यक्ष लघु उद्योग भारती), अजय सक्सैना (एम०डी० आर०ई०डब्लू०), चन्द्रभान सिंह, उपायुक्त उद्योग, राज कुमार (सहायक श्रमायुक्त) एवं हंसराज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मथुरा तथा मैसर्स पैप्सीको इण्डया हॉल्डिंग्स प्रा०लि०, छाता, मथुरा में नितिन राणा (एचआर) आलोक श्रीवास्तव (प्लांट हैड), कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, स्वास्थ्य विभाग की टीम, सर्वोदय हॉस्पिटल की टीम आदि उपस्थित रहे।

महंगाई की मार

महंगाई के जो आंकड़े आये हैं उनसे स्पष्ट है कि अब युद्धों और तनावों का असर आम ग्राहकों पर पड़ने लगा है। अगस्त माह में सीपीआई महंगाई का आंकड़ा पांच फीसद से बस कुछ ही नीचे है जबकि डब्ल्यूपीआई अर्थात थोक मुद्रास्फीति 9.9 फीसद के शिखर पर पहुंच गयी है। जब थोक महंगाई खुदरा कीमतों में परिवर्तित होगी तो आगामी महीनों में खुदरा महंगाई भी पांच फीसद से ऊपर पहुंच जायेगी। भारत में त्यौहारों का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में शिखर पर पहुंच चुकी यह महंगाई आम ग्राहकों को बहुत परेशान करेगी। अगस्त 2026, में खुदरा मुद्रास्फीति 4.82 फीसदी रही, जबकि थोक मूल्य सूचकांक 9.9 फीसदी दर्ज किया गया। महंगाई की यह स्थिति आठ माह में सर्वोच्च स्तर पर रही। भारतीय रिजर्व बैंक की तय सीमा से भी अधिक मुद्रास्फीति है। त्योहारों के मौसम में महंगाई और भी बढ़ सकती है। आम आदमी दर और प्रतिशत के इस अर्थशास्त्र को नहीं समझता। उसके लिए आटा, गेहूं, चावल, चीनी, दालें, खाद्य तेल, हरी सब्जियां, प्याज, टमाटर, अदरक, लहसुन और दूध आदि की कीमतें बढ़ती हैं, तो वह महंगाई की स्थिति है। उसकी जेब सीमित है, लिहाजा घर का बजट भी तय है। जब ये हदें टूटने लगती हैं, तो आम आदमी महंगाई से कराहने लगता है। एक वह महंगाई भी है, जो युद्ध हमें देते हैं और हम मजबूर हैं। बीते छह माह से अधिक समय से ईरान का होर्मुज जलडमरूमध्य या तो बाधित है अथवा बंद है या मिसाइल, ड्रोन के हमले जारी हैं। भारत का 50 फीसदी से अधिक कच्चा तेल, एलपीजी, खाद आदि इसी समुद्री मार्ग से आते रहे हैं। दुनिया में करीब 20 फीसदी तेल-गैस की आपूर्ति इसी मार्ग के जरिए की जाती रही है। अब लाल सागर और बाब-अल-मंदेब पर हूती लड़ाकों ने कब्जा कर लिया है। हालांकि उन्होंने ऐलान किया है कि वे सऊदी अरब के जहाजों को निशाना बनाएंगे। यहां से गुजरने नहीं देंगे। भारत समेत शेष विश्व के जहाज, तेल-टैंकर आदि की आवाजाही निर्बाध रहेगी। दुनिया की करीब 12 फीसदी आपूर्ति इस जल-मार्ग के जरिए होती रही है। सऊदी अरब जिस 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' के जरिए यूरोप और एशिया में कच्चे तेल का निर्यात कर रहा था, इस पर हूती लड़ाकों ने मिसाइल हमले कर उसका एक हिस्सा तबाह कर दिया है। सोमवार, 14 सितंबर, की रात तक पाइपलाइन धू-धू कर जल रही थी, लिहाजा उसे बंद करना पड़ा है। इस पेट्रोलाइन से 40-50 लाख बैरल कच्चा तेल रोजाना सप्लाई किया जाता था। जाहिर है कि भारत सहित कई एशियाई और यूरोपीय देशों की तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है। कच्चे तेल का एक और निश्चित रास्ता ठप हो गया है। चूंकि महत्वपूर्ण जल-मार्गों से आपूर्ति बाधित या ठप है, नतीजतन कच्चे तेल की कीमत भी 108 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई है। बीती 11 सितंबर को भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत 119 डॉलर से अधिक थी। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के आकलन हैं कि कच्चा तेल जल्द ही 120 डॉलर प्रति बैरल को छूलेगा। इससे भारत का आयात बिल बढ़ेगा। हम अर्थव्यवस्था पर यह अनावश्यक बोझ समझना चाहिए, नतीजतन रोजमर्रा की हरेक वस्तुएं, सेवाएं, परिवहन आदि सभी महंगे हो जाएंगे। तेल कंपनियों के घाटे का रुदन तो शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि भारत की तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 5 रुपये, डीजल पर 23 रुपए प्रति लीटर और एलपीजी के एक सिलेंडर पर 200 रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ईरान में युद्धविराम खत्म होने के बाद 100 देशों में पेट्रोल-डीजल औसतन 5-7 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। कच्चा तेल 17-20 फीसदी तक और एलपीजी, एलएनजी 20-25 फीसदी तक महंगी हुई हैं। भारत क्या कर सकता है? उसे 88 फीसदी कच्चा तेल आयात करना पड़ता है। अमरीका तो तेल-गैस का निर्यातक देश है, फिर भी वहां पेट्रोल-डीजल के दाम ऐसे स्तर पर पहुंच गए हैं कि जनता सड़कों पर आंदोलित हो गई है। बहरहाल भारत के संदर्भ में यदि तेल-गैस, उर्वरक आदि के संकट बढ़ता है तो हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत घातक होगा।



जिस तरह खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े आये हैं उससे स्पष्ट है कि महंगाई अब तेजी से बढ़ रही है और त्योहारी सीजन में यह परेशान करेगी।

ड्रोन के खेल के पीछे क्या है अमेरिकी मंशा



संजय श्रीवास्तव



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटों से जुड़ी पॉवरस कंपनी का पाकिस्तान में ड्रोन प्रोडक्शन यूनिट लगाना संबंधित देशों का अपना मामला है और सामान्यतया कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में जब पॉवरस भारत में एक निजी रक्षा उत्पादन कंपनी से ड्रोन के बावत करार करती है और वही पाकिस्तान में भी इसके निर्माण का मंसूबा रखती है, तब इसे इतना सामान्य मानना रणनीतिक भूल होगी। इस आसन्न समझौते से तमाम ऐसे सवाल उठे हैं, जिनका जवाब मुश्किल मालूम होता है। जून में पॉवरस ने भारत की पारस डिफेंस को ह्यगार्डियन-1ह्ल काउंटर-ड्रोन सिस्टम का एक्सक्लूसिव प्रोडक्शन लाइसेंस दिया। केवल तीन महीने बाद उसका पाकिस्तानी सेना के साथ ड्रोन सिस्टम और निर्माण सहायता उपलब्ध कराने का समझौता करना मात्र संयोग है अथवा सुनियोजित रणनीतिक पैंतरा? क्या पॉवरस ने यूक्रेन युद्ध में परखी गई तकनीक को 'अमेरिकी ब्रांड' में पैक करके भारत को काउंटर-ड्रोन इंटरसेप्टर सिस्टम के तौरपर ढाल और पाकिस्तान को हमलावर ड्रोन और इंटरसेप्शन तकनीक का ढांचा सौंपकर भाला नहीं बेचा है?

पावरस के सह-संस्थापक जीव मोरॉम इजरायली सैन्य खुफिया सेवा से जुड़े रहे हैं। पाकिस्तान इजरायल को मान्यता नहीं देता। फिर भी उसने महज एक साल पहले बनी इस कंपनी के साथ समझौता क्या व्यौहारिक सैन्य हित वैचारिक विरोध पर भारी पड़ना है अथवा वजहें कुछ दूसरी भी हैं? पाकिस्तान को यह भी मालूम होगा कि पॉवरस ने भारत के साथ भी करार किया है, फिर इस समझौते के प्रति वह इतना उत्साही क्यों? सवाल यह भी है कि चीन की आंखों के नीचे अमेरिका से इस तरह के समझौते का क्या मतलब है? क्या चीन ने सीपैक को लेकर कोई समझौतावादी नजरिया अपनाया है या भारत विरोध इसकी जड़ में है? पाकिस्तानी जीआईडीएस कंपनी शापुर ब्लॉक-प्पजैसे सशस्त्र ड्रोन बनाती है, जिसमें स्वायत्त उड़ान, विभिन्न हथियारों का एकीकरण और लंबी अवधि की निगरानी जैसी क्षमताएं हैं। इसके अलावा अनेक सामरिक यूएवी, कामिकाजे ड्रोन, लूटेरिंग म्यूनिशन और एंटी-यूएवी घरेलू प्रणालियां भी उसके पास हैं। उसके पास तुर्किए के बायरेक्टर टीबी 2 और एकिंसी, चीन के विंग लांग 2 जैसे प्लेटफॉर्म हैं। वह चीन और तुर्किए से बड़े पैमाने पर ड्रोन लेता जा रहा है। अमेरिका भी उसे ड्रोन बेचने को उतारू है। ड्रोन का बड़ा जखीरा मौजूद हैं, पाकिस्तान को आखिर इतने ड्रोन क्यों चाहिए कि उसकी अमेरिकी फैक्ट्री लगाई जाए? अगर बात है संख्या, विविधता, गति और तकनीकी प्रयोग का तो क्या तुर्किए और चीनी ड्रोन पर उसका विश्वास डिग रहा है वे, उतने कारगर और कारआमद नहीं जितनी उसकी मंशा है? पाकिस्तान को भी पता है कि भविष्य के युद्ध में मंहगे लड़ाकू विमान से ज्यादा कारगर सैकड़ों सस्ते ड्रोन होंगे जिन्हें निगरानी, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, लक्ष्य निर्धारण, वायु रक्षा को बल और सहायता देने तथा आत्मघाती हमलों में इस्तेमाल किए जा सकेगा।

सामरिक

भारत के विदेश मंत्रालय ने मई 2025 में बताया था कि पाकिस्तान की ओर से लगभग 400 ड्रोन भेजे गए लेकिन भारतीय प्रणालियों ने उन्हें आसानी से बेकार कर दिया। संभव है इस अनुभव ने पाकिस्तान को संदेश दिया हो कि बड़े पैमाने पर ड्रोन उत्पादन और लगातार उपलब्धता बहुत आवश्यक है। यूक्रेन का युद्ध ड्रोन नवाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। वहां एफपीवी ड्रोन, स्वायत्त प्रणालियां, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, एआई-सहायित लक्ष्य पहचान और कम लागत वाले इंटरसेप्टर लगातार विकसित हुए हैं। पॉवरस यूक्रेनी ड्रोन तकनीक के साथ काम कर रही है और उसके पास विभिन्न स्वायत्त प्रणालियों से जुड़े अधिकार हैं। इसलिए पाकिस्तान शायद किसी एक प्लेटफॉर्म से अधिक सीधे युद्ध से निकली तेजी से बदलती तकनीक तक पहुंच चाहता है। कंपनी ने पाकिस्तान के साथ संयुक्त तकनीकी सहयोग और स्थानीय उत्पादन की भी बात की है इसीलिए अपनी निर्माण क्षमता होते हुए और चीनी, तुर्की ड्रोन रखते हुए, अमेरिकी ड्रोन के सौदों के बावजूद पाकिस्तान ने अपेक्षाकृत नई अमेरिकी कंपनी के साथ संभावित संयुक्त तकनीकी सहयोग और स्थानीय उत्पादन को उद्धत है, उसे भारी संख्या में ड्रोन ही नहीं 'एक और ड्रोन' तकनीकी पारिस्थितिकी की भी आवश्यकता है।

पाकिस्तान की ड्रोन रणनीति का एक मकसद भू-राजनीतिक हेजिंग, बाड़बंदी का भी है। चीन रक्षा आयात का करीब 80 प्रतिशत आपूर्ति करता है, तुर्की पाकिस्तान में लड़ाकू ड्रोन असेंबली प्लांट लगाने की योजना बना रहा है और अब अमेरिका पॉवरस के जरिए प्रवेश कर रहा है। चीन भारी संख्या में ड्रोन देता है लेकिन अधिकतर सर्वेक्षण और हमला करने वाले, तुर्की उच्च स्तरीय लड़ाकू ड्रोन तकनीक मुहैय्या कराता तो है लेकिन अमेरिका यूक्रेन मैदान में परखी हुई कम लागत वाली इंटरसेप्शन तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अनुभव देगा, जो चीन और तुर्की फिलहाल नहीं दे सकते। इसके अलावा पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ट्रंप परिवार को मुनाफा देकर इस्लामाबाद महत्वपूर्ण क्षणों में अमेरिका की 'सद्भावनापूर्ण तटस्थता' और भविष्य के भारत-पाक संकट में कूटनीतिक छतरी सुरक्षित करना चाहता है तो साथ ही अमेरिका के साथ रक्षा संबंधों को पुनर्जीवित करके वह चीन पर अत्यधिक निर्भरता को कुछ हद तक कम करना भी चाहता है।

पाकिस्तान द्वारा पॉवरस के ड्रोन तकनीक इस्तेमाल करने का मतलब है एक ही तकनीक के दो संस्करण युद्धक्षेत्र में आमने-सामने हो सकते हैं। प्रश्न है कि यदि भारत-पाक संघर्ष बढ़ा, तो क्या अमेरिका तकनीकी बैकडोर, सप्लाई चेन प्रतिबंध या डेटा लिंक निर्भरता के जरिए 'पक्षपात' करेगा? ड्रोन के मामले में पाकिस्तान चीन से मिली संख्या, तुर्की से प्राप्त गुणवत्ता और यूक्रेनी युद्ध के अनुभव से परिपूर्ण तकनीक, इन तीनों आयामों में एक साथ आगे बढ़ रहा है।

ड्रोन को लेकर पाकिस्तान की तेजी से यह बदलती रणनीति, उस पर निरंतर तेज कारगुजारियां और दक्षिण एशिया में ड्रोन युद्ध को लेकर बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ अमेरिका की उभरती रक्षा-तकनीकी कंपनियों का वैश्विक विस्तार इनके मद्देनजर भारत को वायु रक्षा प्रणाली पर पुनर्विचार करना ही होगा। इस स्थिति में हमें स्वदेशी काउंटर-ड्रोन उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र को तेज करने के साथ टिकाऊ रक्षा हेतु काउंटर-ड्रोन सिस्टम की प्रति-इकाई लागत को पाकिस्तानी हमलावर ड्रोन की लागत के बराबर या उससे कम करना होगा। हमें स्तरीय इंटरसेप्शन आर्किटेक्चर बनाना होगा, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग कम-स्तरीय खतरों के लिए, मध्य-स्तरीय के लिए डायरेक्टेड-एनर्जी हथियार और उच्च स्तरीय काइनेटिक इंटरसेप्टर शामिल हों। यदि गार्डियन-1 के मुख्य घटक अमेरिकी आपूर्ति पर निर्भर रहेंगे, तो पाकिस्तान के साथ संघर्ष में भारत को 'अपनी ही ढाल दूर से निष्क्रिय होने' का खतरा हो सकता है। ऐसे में पूर्ण स्वदेशी विकल्प ही एकमात्र रास्ता है। भारतीय खुफिया एजेंसियों को यह गहनता से आंकना होगा कि पॉवरस के आने से पाकिस्तान की इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रतिरोध, स्वायत्त समन्वय और बड़े पैमाने पर कम लागत वाले ड्रोन उत्पादन में कितनी वृद्धि होगी। खतरे के इस पुनर्मूल्यांकन के अनुरूप काउंटर-ड्रोन खरीद के तकनीकी मानकों और बजट आवंटन तय होगा।

भारत की कंपनी से करार के तीन महीने बाद पाकिस्तान के हरीपुर, रावलपिंडी तथा तक्षशिला में ड्रोन उत्पादन संयंत्रों का अमेरिकी प्रस्ताव, भारत-प्रशांत क्षेत्र की सामरिक भू-राजनीति में एक नया मोड़ है। एशिया में रणनीतिक संतुलन और कॉरपोरेट कूटनीति के गहरे विरोधाभास उजागर हुए हैं।

सोशल मीडिया



आ.प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में कैबिनेट द्वारा आज लघु एवं मध्यम उद्यमों को नयी शक्ति प्रदान करने के लिए दस हजार करोड़ के पैकेज की स्वीकृति सराहनीय है। सीएमयोगी.



हम लोग संविधान और लोकतंत्र के सिपाही हैं। वोट चोर हमको क्या रोक पायेंगे! जिसने भी भारत से गद्दारी की है सभी लोग इसमें पकड़े जायेंगे। वोट चोर, गद्दी छोड़। राहुल गांधी



कांग्रेस नेता एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिना किसी वजह से लोकतांत्रिक मर्यादा को लांघते हुए भाजपा को बर्बाद करने की खुलेआम धमकी दे रहे हैं। केशव मौर्य

भौतिक आवश्यकताएं

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये को अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि।

आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

अंतर्दृष्टि

मैं ठगा सा रह गया!

व्यंग्यलोक

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा-अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूमकर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा? मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।



पूरन सरमा

पितृ ऋण से मुक्ति का पर्व है सर्व पितृ अमावस्या



पर्व/त्योहार

आर.सी.शर्मा

मनुष्य जब इस संसार में आता है तो वह केवल अकेला नहीं आता। उसके साथ आते हैं, उसके पूर्वजों के संस्कार, परिवार की स्मृतियां, परंपराएं, भाषा, जीवनमूल्य और इसके साथ ही वह अदृश्य विरासत, जिसे किसी तिजोरी में बंद नहीं किया जा सकता। हम अपने माता-पिता से केवल शरीर नहीं पाते, उनके माध्यम से पीढ़ियों का अनुभव भी हमारे भीतर उतरता है। भारतीय चिंतन ने इसी गहरे संबंध को पितृ ऋण की संकल्पना में देखा है। सर्वपितृ अमावस्या को इसी ऋण को याद करने का विशेष अवसर है। पितृ पक्ष का अंतिम दिन होने के कारण इसका धार्मिक महत्व तो है ही, इसकी आध्यात्मिक गहराई इससे कहीं आगे जाती है। क्योंकि यह उस स्मृति को प्रणाम करने का दिन है, जिसके कारण आज हमारा अस्तित्व संभव हुआ है।

भारतीय दर्शन में ऋण शब्द को केवल आर्थिक देनदारी के अर्थ में नहीं देखा गया। मनुष्य के जीवन को अनेक अदृश्य योगदानों का परिणाम माना गया है। माता-पिता और पूर्वजों ने हमें जीवन दिया, हमारा पालन-पोषण किया और अपने समय की कठिनाईयों से जूझकर अगली पीढ़ी के लिए रास्ता बनाया। इसलिए पितृ ऋण वास्तव में कृतज्ञता ऋण है। इसी भाव को श्राद्ध की परंपरा में अभिव्यक्ति मिलती है। श्राद्ध शब्द को श्रद्धा से जोड़कर देखा जाता है अर्थात जिस कर्म के मूल में श्रद्धा न हो, उसका बाहरी विधान कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसकी आध्यात्मिक आत्मा अधूरी रह जाती है। सर्वपितृ अमावस्या हमें इसी मूल भावना की ओर लौटाती है। आखिर पितरों को श्राद्ध और तर्पण की परंपरा में जल, तिल, पिंड, अन्न और दान का विशेष महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक इन माध्यमों से पितरों का स्मरण और तृप्ति की कामना की जाती है। अलग-अलग परंपराओं और क्षेत्रों में इसके विधि-विधान में अंतर मिलता है, लेकिन इन सभी कर्मों के भीतर एक सामान भाव दिखायी देता है, जो यह होता है- जिसने मुझे दिया, मैं उसे विचलित न करूं। तर्पण में जल की कुछ बूंदें अर्पित करते हुए व्यक्ति केवल किसी अदृश्य लोक की ओर नहीं देखता, उसे याद आता है कि जिस जीवन को वह अपना समझकर जी रहा है, उसकी नींव, उससे पहले जी चुकी पीढ़ियों ने रखी थी। यह बोध श्राद्ध को केवल कर्मकांड नहीं रहने देता बल्कि इसे आध्यात्मिक अनुभव बना देता है। हमारे समय की सबसे बड़ी विडंबनाओं में एक यह है कि हम भविष्य की चिंता में अतीत को भूलते जा रहे हैं। नई पीढ़ी के पास नई तकनीक है, नये सपने हैं और जीवन की गति पहले से कहीं तेज, लेकिन इस गति में अपने परिवार की पुरानी स्मृतियों के लिए जगह कम होती जा रही है। पितृ पक्ष इस विस्मृति के विरुद्ध एक सांस्कृतिक विराम है। सर्वपितृ अमावस्या इन सभी प्रश्नों को और व्यापक कर देती है, क्योंकि जिन पूर्वजों की मृत्यु तिथि हमें ज्ञात नहीं होती, उन सबके लिए यह दिन श्राद्ध करने की सबसे पवित्र तिथि मानी जाती है। इसलिए यह दिन किसी एक व्यक्ति के बजाय समस्त ज्ञात, अज्ञात पितरों का स्मरण अवसर बन जाता है। धार्मिक परंपरा कर्मकांड का अपना महत्व बताती है। लेकिन उसकी आत्मा इससे आगे जाती है। पूर्वजों का सम्मान केवल उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाने में नहीं है बल्कि उनके अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में उतारने में भी है। यदि किसी पिता ने ईमानदारी सिखायी थी, तो ईमानदारी से जीना उनके प्रति श्रद्धांजलि है। यदि मां ने करुणा सिखायी थी तो किसी जरूरतमंद की सहायता करना, उस संसार को आगे बढ़ाना है। यदि पूर्वजों ने परिवार को जोड़कर रखा था तो अगली पीढ़ी के बीच प्रेम बनाये रखना भी पितृ स्मरण का भी एक रूप है। इस अर्थ में पितृ ऋण कभी पूरी तरह समाप्त नहीं होता। वह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जिम्मेदारी बनकर चलता रहता है। हिंदू धार्मिक परंपरा में पितरों के आशीर्वाद को परिवार के कल्याण से जोड़ा गया है। यह आस्था, भारतीय परिवार व्यवस्था में गहरे तक मौजूद है। लेकिन इस विश्वास का आध्यात्मिक अर्थ केवल यह नहीं है कि पितृ कोई अदृश्य शक्ति बनकर हमारी इच्छाएं पूरी करेंगे। इसका गहरा अर्थ यह भी हो सकता है कि जिस परिवार को अपनी जड़ों का बोध रहता है, वह अपने वर्तमान को अधिक जिम्मेदारी से जीता है। पितृ अमावस्या में जीवन के अंधकार में स्मृति का दीप है। अमावस्या को चंद्रमा दिखायी नहीं देता। भारतीय प्रतीक चिंतन में अंधकार के बीच प्रकाश की खोज का अपना ही महत्व है।

विचार

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांव तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

जब कोई प्रतिभाशाली हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

आपकी बात

योजनाओं के लाभ

सरकारी योजनाएं गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसलिए सरकार को अधिक से अधिक गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना चाहिए। प्रदेश सरकार जन कल्याण के अनेक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन जनता को उससे विशेष लाभ नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है।

सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट रही है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता।

सुनील कुमार वर्मा, लखनऊ.

न्यूनतम समर्थन मूल्य

एमएसपी का दायरा बढ़ाकर सभी किसानों को उससे आच्छादित करना चाहिए। हालांकि केन्द्र सरकार ने खरीफ का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। यह जरूरी भी है कि क्योंकि किसानों को बहुत सी चुनौतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। भारत सरकार फिलहाल डॉ. स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले के अनुसार लागत पर पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय करती है। लेकिन रबी और खरीफ सीजन से पूर्व न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने से पहले कृषि लागत और मूल्य आयोग कृषि इन्पुट्स की लागत को लेकर जो गणना करता है, उसकी दरअसल वास्तविक लागत से कोई बहुत साम्यता नहीं है। एक तरह से कह सकते हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग फसली सीजन से पहले सरकार को एक रिपोर्ट सौंपता है जिसमें फसलों की लागत का जिक्र होता है और इसी आधार पर सरकार पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय कर देती है। एमएसपी सभी किसानों को मिलती है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है। इसके लाभार्थी किसानों की संख्या बहुत सीमित है। हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलता है और यही कारण है कि जब सरकार ने तीन नये कृषि कानूनों के जरिए कृषि विपणन व्यवस्था में आमूल चूल बदलाव के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये, तो इसका सबसे अधिक विरोध पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के किसानों ने किया। दरअसल इन किसानों को यह समझाकर भड़काया गया था कि इससे परम्परागत मंडियां खत्म हो जायेंगी और किसान पूरी तरह बाजार के हवाले हो जायेगा। वैसे अगर कृषि को लाभकारी व्यवसाय से जोड़ना है तो खेती को बाजार से जोड़ना ही होगा। जब कृषि और किसान सीधे बाजार से जुड़ेंगे, बाजार की जरूरतों के अनुसार खेती करेंगे, तो उनको अधिक से अधिक फायदा होगा। एक तरह से तीनों कृषि कानून खेती को न्यूनतम समर्थन मूल्य अर्थात एमएसपी से आगे बढ़ाते हुए अधिकतम खुदरा मूल्य अर्थात एमआरपी की तरफ ले जाने का ऐतिहासिक प्रयास था लेकिन 'नकारात्मक राजनीति और टू-मच डेमोक्रेसी' ने सरकार के प्रयास को सफल नहीं होने दिया। बहरहाल यह सब एक अलग मुद्दा है और जहां तक एमएसपी की बात है तो भले यह न्यूनतम समर्थन मूल्य हो लेकिन वास्तव में जब फसल तैयार होती है।

योगेश चन्द्र उपाध्याय, लखनऊ.

संक्षेप

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

ललितपुर। औद्योगिक क्षेत्र चन्देरा में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) ललितपुर द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान द्वारा की गयी। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी वीरेन्द्र सिंह, सहायक चिकित्साधिकारी राजेश भारती, चिकित्सा अधीक्षक गजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, नीरज दुबे, पारूल शिवहरे व राहुल, सहित मौके पर उपस्थित रहे, लगभग 250 मजदूरों का चिकित्सीय परीक्षण कर प्राथमिक परामर्श उपलब्ध कराया गया, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) द्वारा निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं के अन्तर्गत 20 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गए एवं असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा बनाये जा रहे ई-श्रम कार्ड व प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना ट्रेडर्स के कार्ड वितरित किये गए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत 17 अक्टूबर तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें निर्माण श्रमिकों के ऑनलाइन पंजीयन/नवीनीकरण एवं संचालित योजनाओं की जानकारी श्रमिकों को दी जा रही है साथ ही असंगठित क्षेत्र के कामगारों को भी श्रम अधिनियम हेतु जागरूक किया जा रहा

युवक ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट मिलने से मचा हड़कम्प

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम खितवांस में एक युवक ने घर के अंदर टीनशेड के नीचे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के लोग खेत पर काम करने गए हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर की तलाशी के दौरान कथित रूप से मृतक द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट मिलने तथा मोबाइल की कॉल रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद परिजनों ने प्रताड ?ा और वैवाहिक विवाद से जुड़े गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम खितवांस निवासी नीतूराम पुत्र मठोले उर्फ बन्दे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई मन्टू अहिरवार ने 4 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब एक बजे अपने घर में टीनशेड के नीचे फांसी लगा ली। घटना के समय परिवार के सदस्य खेतों पर काम करने गए हुए थे। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद खितवांस पुलिस चैकी को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों के मुताबिक घर की तलाशी के दौरान दादा के दवा के पर्चे के पीछे मन्टू द्वारा लिखा हुआ एक सुसाइड नोट मिला। तहरीर के अनुसार, नोट में मृतक ने अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी, घर के सामने रहने वाले साहिल पुत्र मुन्ना खां और साहिल की पत्नी आस्मा को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। इसके अलावा मृतक के मोबाइल में मौजूद कॉल रिकॉर्डिंग का भी पुलिस के समक्ष उल्लेख किया गया है।

मेडिकल कॉलेज की कार्यप्रणाली पर लगाये सवालिया निशान

ललितपुर। जनपद के लिए जब शासन ने मेडीकल कॉलेज की घोषणा की थी तो जनपदवासियों समेत समीपवर्ती मध्यप्रदेश के जिलों से लेकर जनपदवासी खुशी से भर उठे थे कि अब मेडीकल कॉलेज मिलने से उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन इसका उल्टा हो रहा है। मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। नई बिल्डिंग से संचालित मेडीकल कॉलेज में आने वाले नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है, कहां पर्चा बनेगा और कहां ओपीडी समेत अन्य संस्थान हैं, उनको बताने वाला कोई नहीं है, यदि पर्चा बनवा भी लिया तो डॉक्टरों को दिखाने के लिए उन्हें चार से लेकर पांच घण्टे का समय वहीं पर बिताना पड रहा है, कारण है अव्यवस्था। इसी अव्यवस्था को लेकर बुन्देलखण्ड विकास सेना ने रोष व्यक्त करते हुये गहरी चिंता जाहिर की है।

दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

राजघाट के जंगल में हुई मुठभेड़, पंकज सहरिया पैर में गोली लगने से घायल



ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में बी-फार्मा के छात्र भूपेंद्र अहिरवार की हत्या के मामले में वांछित चल रहे 25-25 हजार रुपये के दो इनामी अभियुक्तों को पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। राजघाट क्षेत्र के जंगल में हुई पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त मोहल्ला रावतयाना निवासी पंकज सहरिया पुत्र कोमल सहरिया के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी ग्राम रघुनाथपुरा निवासी अजय अहिरवार पुत्र राधेलाल को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, हत्या में प्रयुक्त चाकू तथा 700 रुपये नकद बरामद हुए हैं। वहीं अजय अहिरवार के कब्जे से 315 बोर का एक जिंदा कारतूस और 1120 रुपये नकद बरामद किए गए। बताया गया है कि बीती 28 सितंबर 2026 को भूपेंद्र अहिरवार की हत्या के संबंध में कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 1022/2026 दर्ज किया गया था। मामले में धारा 191(2), 191(3), 61(2), 103(1) बीएनएस एवं 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अजय अहिरवार नामजद अभियुक्त था, जबकि साक्ष्यों के आधार पर पंकज सहरिया भी प्रकाश में आया। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमें लगातार दोनों की तलाश में जुटी थीं। मंगलवार को पुलिस टीमों को दोनों के राजघाट क्षेत्र के जंगल में मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड ?का प्रयास किया तो अभियुक्तों की ओर से फायरिंग किए जाने की बात पुलिस ने बताई। जवाबी कार्रवाई के दौरान पंकज सहरिया के पैर में गोली लगी और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अजय अहिरवार को भी मौके से दबोच लिया गया। मुठभेड़ के दौरान पंकज के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू और अवैध असलहा भी बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी हत्या के मुकदमे में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त प्रताप उर्फ रोली उर्फ प्रहलाद को भी 4 अक्टूबर 2026 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया जा चुका है। मंगलवार की कार्रवाई के बाद मामले में अब तक कई वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। यह कार्रवाई एडीजी कानपुर जोन और आईजी झांसी परिक्षेत्र के निर्देश पर एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में की गई।

मेडिकल कॉलेज में शॉर्ट सर्किट से जोरदार धमाका

दो दिन में तीसरी बार बिजली घर में फॉल्ट

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में सोमवार देर रात विद्युत शॉर्ट सर्किट से जोरदार धमाका हो गया। पैथोलॉजी लैब के पास स्थित बिजली घर के कमरे में अचानक हुए फॉल्ट के बाद देखते ही देखते पूरा कमरा धुएं से भर गया। धमाके की आवाज सुनकर वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और वे तत्काल कमरे से बाहर निकल आए। गनीमत रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया गया कि सोमवार रात करीब 11.30 बजे तक पैथोलॉजी लैब के आसपास सब कुछ सामान्य था। इसी दौरान लैब के पास बने बिजली घर में अचानक



विद्युत शॉर्ट सर्किट हुआ और तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। कुछ ही देर में बिजली घर का कमरा धुएं से भर गया। घटना से मेडिकल कॉलेज परिसर में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों के अनुसार, बिजली घर में शॉर्ट सर्किट की यह घटना दो दिनों के भीतर तीसरी बार हुई है। इससे पहले रविवार दोपहर करीब 3 बजे तथा सोमवार सुबह भी इसी स्थान पर विद्युत फॉल्ट हो चुका था। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर कर्मचारियों में चिंता बढ़ गई है। मेडिकल कॉलेज जैसे संवेदनशील संस्थान में बिजली व्यवस्था में बार-बार फॉल्ट होने से कर्मचारियों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते विद्युत व्यवस्था की तकनीकी जांच और आवश्यक मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी समय बड़ा हादसा हो सकता है। शॉर्ट सर्किट के कारण मेडिकल कॉलेज में लगे कीमती विद्युत एवं चिकित्सकीय उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने का भी खतरा बना हुआ है। कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारियों से बिजली घर की तत्काल जांच कराने, बार-बार हो रहे फॉल्ट के कारणों का पता लगाने तथा विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके।

जीआईसी ऑडिटोरियम में होगा सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन आज



बाराबंकी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में संचालित सेवा ज्योति कलश यात्रा कार्यक्रम 7 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 9 बजे से जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न ग्रामों एवं विकास खण्डों से पैदल, साइकिल एवं बाइक रैलियों के माध्यम से जनमानस जीआईसी पहुंचेगा। मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा ने बताया कि सेवा ज्योति कलश यात्रा के माध्यम से सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रा के समापन अवसर पर जनमानस की सहभागिता से विकसित भारत 2047 के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। जनपद के प्रमुख स्थल जीआईसी ऑडिटोरियम पर सेवा कलश की स्थापना भी की जाएगी। जो सेवा, समर्पण और राष्ट्र सेवा की भावना का प्रतीक बनेगा। समापन कार्यक्रम में आम जनमानस के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधिगण तथा विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोग सहभागिता करेंगे। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली पैदल, साइकिल एवं बाइक रैलियां अपने-अपने स्थानीय मुख्य चैराहों से होते हुए जीआईसी ऑडिटोरियम पर पहुंचेंगी। सीडीओ ने आगे बताया कि कार्यक्रम स्थल पर बड़ी एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया एवं सुनाया जाएगा। इस दौरान उपस्थित जनसमूह द्वारा विकसित भारत 2047 के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। संबंधित विभागों को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सेवा ज्योति कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं।

डीएम ने की ग्राम विकास, पंचायती राज, गौ आश्रय स्थलों एवं स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में ग्राम विकास, पंचायती राज, गौ आश्रय स्थलों एवं स्वच्छता योजनाओं की जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने समीक्षा बैठक की। ग्रामों में जलभराव की समस्या की समीक्षा कर जिलाधिकारी ने समस्या वाले ग्रामों को चिन्हित कर बीबीजी रामजी योजना अथवा पंचायत निधि से नालों की साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आगामी सामान्य निर्वाचन-2027 के दौरान प्रस्तावित मतदान केंद्रों पर एएमएफ आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों पर जिन भी व्यवस्थाओं अथवा कार्यों की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर समय से पूर्ण करने, गौ आश्रय स्थलों में चारा, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ बनाने, निमार्णाधीन अन्नपूर्णा भवनों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के शेष कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण कराने, ग्रामीण परिवेश की अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने व शेष बचे महिला स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते भी संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र खुलवाने तथा समूहों को योजनाओं का प्रभावी लाभ उपलब्ध कराने, ग्रामों में साफ-सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा ग्राम पंचायतों की परिसंपत्तियों के समुचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के सम्बधित अधिकारियो को निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए राकेश कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर बहराइच से दिल्ली जा रहे एआईएसएफ कार्यकर्ताओं का स्वागत



बाराबंकी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेने के लिये बहराइच से दिल्ली जा रहे आल इंडिया स्टूडेन्ट फेड्रेशन के पदाधिकारियो अरुण प्रकाश, सर्वेश मौर्या, अंकित मौर्या, अनूप कुमार पाल, अभिषेक वर्मा का जनपद के नाका सतरिख स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर पार्क पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन, प्रवीण कुमार, महेन्द्र यादव, करण राजपूत, आदित्य वर्मा, भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की ने माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान एआईएसएफ पदाधिकारियो ने नारेबाजी कर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफा की पुरजोर मांग की।

पाइप योजना का बकाया मांगने पर धमकी का आरोप, 10 किसानों पर मुकदमा

ललितपुर। उद्यान विभाग की पाइप वितरण योजना के तहत किसानों को दिए गए पाइपों की बकाया राशि और अनुदान का भुगतान नहीं किए जाने को लेकर विवाद सामने आया है। तालबेहट क्षेत्र में यादव एजेंसी संचालक ने 10 किसानों पर बकाया रकम का भुगतान न करने तथा रकम मांगने पर मारपीट, झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। व्यापारी की तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने सभी 10 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कडेसरा बांसी निवासी रामायण सिंह पुत्र अतर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी यादव एजेंसी से उद्यान विभाग की योजना के तहत किसानों को पाइप उपलब्ध कराए गए थे।

फर्जी रजिस्ट्री के मामले में दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। थाना पूराकलां पुलिस ने जमीन की कथित फर्जी रजिस्ट्री एवं धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। थाना पूराकलां में दर्ज मु.अ.सं. 107/2026 में धारा 420, 120बी, 504, 352, 419, 467 एवं 471 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने इस मामले में वांछित ग्राम भुचेरा व हाल निवासी झांसी के थाना बबीना अंतर्गत अम्बेडकर नगर सिमरावारी भेल राजू ढीमर पुत्र नथुआ ढीमर तथा भुचेरा निवासी मनोज पुत्र सुनुवा ढीमर को गिरफ्तार किया। मुकदमे के वादी राजू यादव ने थाना पूराकलां में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए उसकी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इसी मुकदमे में दोनों आरोपी वांछित चल रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 6 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की और न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल विष्णु प्रताप सिंह, कांस्टेबल नृपत सिंह एवं कांस्टेबल सचिन सैलानी शामिल रहे।

गूंजी सायरन की आवाज, मलबे में दबे लोगों का हुआ रेस्क्यू

भूकंप जैसी आपदा से निपटने का हुआ वृहद मॉक ड्रिल

ललितपुर। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल घंटाघर चैक पर वृहद मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में हुए इस आपदा प्रबंधन अभ्यास में एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिविल डिफेंस, आपदा मित्र, एनसीसी, एनएसएस, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित विभिन्न विभागों ने हिस्सा लेकर आपात स्थिति में अपने-अपने दायित्वों का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप के झटकों से बहुमंजिला इमारत ढहने और उसके मलबे में लोगों के फंसने का वास्तविक जैसा परिदृश्य तैयार किया गया। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और एनडीआरएफ की टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से मलबे में दबे लोगों को तलाशकर सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन किया। इस दौरान बचाव अभियान में अपनाई जाने वाली तकनीकों और टीमों के बीच समन्वय को भी परखा गया। मॉक ड्रिल में आपदा के दौरान बिजली के शॉर्ट सर्किट से इमारत में आग लगने का भी परिदृश्य बनाया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाने और इमारत में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और राहत-बचाव के तौर-तरीकों का प्रदर्शन किया। आपदा के बाद घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मौके पर ही ट्रियाज एरिया यानी तंबू अस्पताल स्थापित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच, प्राथमिक उपचार और उपचार के लिए आगे भेजने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। गंभीर रूप से घायल एवं अचेत मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट देने तथा सीपीआर के जरिए जीवन बचाने की प्रक्रिया भी व्यावहारिक रूप से दिखाई गई। आपदा की स्थिति में राहत कार्यों के दौरान भीड़ बढ ?और अफरा-तफरी की आशंका को देखते हुए पुलिस बल एवं सिविल डिफेंस ने भीड़ प्रबंधन का अभ्यास किया। राहत एवं बचाव दलों के लिए रास्ता साफ रखने, लोगों को सुरक्षित क्षेत्र में ले जाने और मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई, एएसपी कालू सिंह, एडीएम दिनेश कुमार, एसडीएम हेमंत पटेल, आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह सहित अन्य अधिकारी, आपदा मित्र, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, बार अध्यक्ष की बिगड़ी तबीयत

विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओ ने किया प्रदर्शन



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन ाम नेतृत्व में विभिन्न समस्याओ को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा आज कलमबंद हड़ताल की गई। जिला सत्र न्यायालय के गेट पर नारेबाजी के साथ जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमनलाल द्विवेदी के नेतृत्व मे आयोजित प्रदर्शन में अधिवक्ताओ ने गेट संख्या 1 से वाहनों के प्रवेश पर रोक, टूटी कुर्सियों और मेजों की मरम्मत, पुराने टीन शेड की मरम्मत की अनुमति, परिसर में सफाई की स्थिति, शौचालयों की सफाई, पेयजल की व्यवस्था तथा अधिवक्ताओं और वादकारियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की समस्याओ को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बार अध्यक्ष श्री द्विवेदी की अचानक तबियत बिगड़ने पर 108 एम्बुलेस से जिला अस्पताल उपचार हेतु भेजा गया। इस दौरान जनपद न्यायालय परिसर मे भारी पुलिस बल मौजूद रहा। एसोसिएशन ने आवश्यक सुविधाओं और बेहतर कार्य-परिस्थितियों की मांग को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के दौरान महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, रामकुमार वर्मा, अंकुर यादव, कोषाध्यक्ष दौलता कुमारी, मंत्री प्रशासन प्रणय बाजपेई, मंत्री प्रकाशन अमित सिंह सूर्यवंशी, मंत्री पुस्तकालय रूबी सिंह, रणधीर सिंह सुमन, बृजेश दीक्षित, हिसाल बारी किदवाई, हरीश अग्निहोत्री, सुनीत अवस्थी, अशोक कुमार वर्मा, रितेश मिश्रा, शाहीन अख्तर, कौशल किशोर त्रिपाठी, अंशूमान सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, सुरेश चन्द्र गौतम, श्याम सिंह, पूर्णिमा गुप्ता, सात्वना सिंह, अनुराग शुक्ला, सहित सैकडो की संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे।

ललितपुर में 163 की निषेधाज्ञा लागू

ललितपुर। आगामी नवरात्रि, दशहरा, दीपावली पर्व तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत यह आदेश जारी किया है। आदेश 5 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने त्यौहारों और चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए विभिन्न प्रतिबंध लगाए हैं। आदेश के मुताबिक सार्वजनिक स्थानों पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह में एकत्र होने पर रोक रहेगी। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दल अथवा संगठन को प्रदर्शन, जुलूस या सभा करने की अनुमति नहीं होगी। निषेधाज्ञा लागू किए जाने के पीछे आगामी प्रमुख त्योहार और निर्वाचन प्रमुख कारण हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आचार संहिता अथवा निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विशेष परिस्थितियों में प्रतिबंधों में शिथिलता केवल ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली एवं मड़ावरा के उप जिला मजिस्ट्रेट अथवा अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा लिखित अनुमति दिए जाने पर ही दी जा सकेगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि त्योहारों एवं चुनाव के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें तथा निषेधाज्ञा में निर्धारित प्रतिबंधों का पालन करें। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं अन्य संबंधित कानूनी धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

त्योहारों में महिला सुरक्षा को दें प्राथमिकता : डीएम

पर्वों को लेकर सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक

जिला संवाददाता

बाराबंकी। आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी इशान प्रताप सिंह ने सेंट्रल पीस कमेटी के साथ बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं का पूर्व से ही व्यापक निरीक्षण करने, सभी उपजिलाधिकारी पुलिस अधिकारियों के साथ अपने-अपने क्षेत्र में शोभायात्रा के निर्धारित रूटों, प्रमुख धार्मिक स्थलों, दुर्गापूजा पंडालों तथा मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करने, रूट निरीक्षण के दौरान जहां कहीं सड़क के दुरुस्तीकरण की आवश्यकता हो, वहां संबंधित कार्यदायी संस्था के माध्यम से गड्ढामुक्त अभियान के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर सड़क की मरम्मत कराई जाने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को पूर्व क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को दुरुस्त कराते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाने, आयोजन स्थलों पर विद्युत सुरक्षा के मानकों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराने, साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, यातायात, भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, शोभायात्राओं एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने दुगार्पूजा समितियों, पदाधिकारियों से अपील करते हुये कहा कि सभी आयोजन



निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का पालन कर सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करे तथा आयोजन स्थलों पर महिला सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया। बैठक मे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि शोभायात्राओं एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखें। दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना सार्वजनिक रास्तों एवं आवागमन को बाधित करने वाले स्थानों पर न करने तथा आयोजन के दौरान सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह सहित संबंधित अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी तथा पीस कमेटी के सदस्य, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

जिला कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद-बाँदा

पत्रांकः पी.सी.एफ./जि.का./ प्रा.स./ई-टेण्डर/2026-27/448 दिनांकः-06.10.2026

अल्पकालीन ई-टेण्डर - नोटिस

पी.सी.एफ. में **खरीफ** विपणन वर्ष 2026-27 एवं रबी वर्ष 2027-28 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले धान को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत धान / गेंहू के **हैण्डलिंग कार्य हेतु** चित्रकूट धाम, मण्डल बांदा के जनपद बांदा के अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. बांदा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं0-8765985022 पर की जा सकती है।

जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-बाँदा

संक्षेप

टोयोटा के कर्मचारियों ने शंघाई में जीते वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता में पांच मेडलियन

बेंगलुरु। स्किल इंडिया मिशन और विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज घोषणा की कि उसके पांच कर्मचारियों को 22 से 27 सितम्बर 2026 तक चीन के शंघाई में आयोजित 48वीं वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता 2026 में मेडेलियन फॉर एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया है। मेकाट्रॉनिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और रोबोट सिस्टम्स इंटीग्रेशन की तीन कौशल श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए, टीकेएम के कर्मचारियों ने भारत द्वारा जीते गए 20 मेडेलियन फॉर एक्सीलेंस में से 5 हासिल किए। ओलंपिक्स ऑफ स्किल्स के रूप में वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता दुनिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक कौशल आयोजन है। इस वर्ष के संस्करण में लगभग 68 देशों और क्षेत्रों के 1,400 से अधिक युवा पेशेवरों ने 64 विभिन्न कौशल श्रेणियों में भाग लेते हुए तकनीकी और व्यावसायिक कौशल में अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता 2026 में हमारे कर्मचारियों की उपलब्धियां उत्कृष्टता, नवाचार और निरंतर सीखने की भावना को दर्शाती हैं। वैश्विक मंच पर तीन श्रेणियों में हमारे पांच कर्मचारियों का मेडेलियन फॉर एक्सीलेंस जीतना टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और देश, दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

स्प्राइट ने स्प्राइट ट्रुथ एंड स्पाइस के साथ बढ़ाया रोमांच

नई दिल्ली। कोका-कोला के मशहूर अरबों डॉलर के लेमन-लाइम फ्लेवर वाले बेवरेज ब्रांड, स्प्राइट ने आज अपने नए डिजिटल शो 'स्प्राइट ट्रुथ एंड स्पाइस' के लॉन्च की घोषणा की। 8 एपिसोड की यह सीरीज भारत के लोगों के स्पाइसी फूड (तीखे और मसालेदार खाने) और बेबाक बातों के प्यार को ध्यान में रखकर बनाई गई है। डिजिटल कंटेंट देखने वाले युवाओं के लिए बनाई गई इस सीरीज में कई मशहूर हस्तियों की जोड़ियां नजर आएंगी। ये जोड़ियां मजेदार चैलेंजेस का सामना करते हुए देश की प्रसिद्ध स्पाइसी डिशेज खायेंगी और खुलकर बिना किसी स्क्रिप्ट के बातचीत करेंगी। इसमें हर दिन के रोमांच को नए पॉप-कल्चर में बदला जाएगा। इस सीरीज में कई जाने-माने सितारे शामिल हैं जैसेकि कुल्लू के नाम से मशहूर कॉमेडियन आदित्य कुलश्रेष्ठ और ट्रैवल क्रिएटर लारिसा डी' सा, डिजिटल क्रिएटर और लॉक अप सीजन 2 की विजेता श्रेया कालरा और ऋषभ जायसवाल, भारतीय क्रिकेटर अर्शदीप सिंह और समरीन कौर, म्यूजिक प्रोड्यूसर, सिंगर-सॉन्गराइटर गर्व तनेजा और नंदिनी नायल (गिनी), एक्टर व डांसर शांतनु माहेश्वरी और श्रुति सिन्हा, वरुण सूद और विहान समत, स्टैंड-अप कॉमेडियन स्वाति सचदेवा और गुरलीन पन्नू, नयनी पावनी और महबूब दिल से।

फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज का 13वां एडिशन 9 से

नई दिल्ली। भारत के होमग्रोन ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2026 का 13वां एडिशन 9 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। टीबीबीडी में भारत में सबसे बड़े फेस्टिव कलेक्शंस में से एक उपलब्ध होगा। इसमें रिकॉर्ड संख्या में सेलर्स हिस्सा ले रहे हैं। ए.आई पॉवर्ड शॉपिंग अनुभव के साथ एकार्ट और फ्लिपकार्ट मिनट्स सहित फ्लिपकार्ट का सबसे बड़ा सप्लाई चेन नेटवर्क ग्राहकों तक डिलीवरी पहुँचाएगा। मांग को पूरा करने के लिए फ्लिपकार्ट के पास देश में 8,200 से अधिक फुलफिलमेंट और डिलीवरी फैसिलिटीज हैं। प्लस, ब्लैक और फ्लिपकार्ट क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए टीबीबीडी की अरली एक्सेस 8 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। भारत में तेरह साल पहले डिजिटल कॉमर्स बिल्कुल नया था। आज यह एक बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर बन गया है। इस परिवर्तन का स्पष्ट वार्षिक प्रमाण बिग बिलियन डेज देता है, जिससे 500 मिलियन रजिस्टर्ड ग्राहक और 1.4 मिलियन सेलर जुड़े हैं। इसकी सप्लाई चेन इस साल पहली बार लेह और कारगिल के समुदायों तक पहुँच गई है और केवल इस फेस्टिव सीजन में ही फ्लिपकार्ट ने लगभग 75,000 लोगों को औपचारिक वर्कफोर्स में शामिल कराया है। हर साल के एडिशन के साथ जो बदलाव हुआ है, वह अब इस कहानी का हिस्सा बन गया है। छोटे शहरों के क्राफ्ट क्लस्टर्स से सेलर, टियर 3 और टियर 4 शहरों से पहली बार शॉपिंग कर रहे शॉपर अब वो प्रीमियम प्रोडक्ट प्राप्त कर रहे हैं, जो उन्हें पहले नहीं मिल पाते थे।

सेंसेक्स में 685.34 अंकों की उछाल, निफ्टी 220 अंक चढ़ी



नई दिल्ली। 6 अक्टूबर को भारतीय इक्विटी इंडेक्स लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी 22,700 के ऊपर टिके रहने में कामयाब रहा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 685.34 अंक या 0.95 प्रतिशत बढ़कर 73,067.81 पर और निफ्टी 220.35 अंक या 0.98 प्रतिशत बढ़कर 22,776.10 पर बंद हुआ। आज लगभग 2685 शेयरों में बढ़त हुई, 1495 शेयरों में गिरावट आई और 197 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, लाइफ और फाइनेंशियल निफ्टी में सबसे ज्यादा बढ़त वाले शेयरों में शामिल रहे। जबकि कोल इंडिया, टेक महिंद्रा, मैक्स हेल्थकेयर और इंफोसिस में गिरावट रही। सेक्टर के हिसाब से देखें तो निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 0.7%, निफ्टी क्ळ इंडेक्स 0.6% और निफ्टी ढरव बैंक इंडेक्स 0.3% नीचे गिरे। दूसरी ओर निफ्टी बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एनर्जी, इंफ्रा, मीडिया, मेटल, फार्मा, ऑयल एंड गैस, प्राइवेट बैंक और टेलीकॉम सेक्टर में 0.5-2% की बढ़त हुई। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 1.08 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.5 प्रतिशत ऊपर चढ़ा। आज बेंचमार्क इंडेक्स में रिकवरी जारी रही। निफ्टी 220 अंक ऊपर बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स में 685 अंकों की बढ़त हुई। सेक्टर इंडेक्स में कैपिटल मार्केट और केमिकल्स में 2.44% से ज्यादा की तेजी आई, जबकि क्ळ सेक्टर में लगभग 2% की गिरावट देखने को मिली। टेक्निकल नजरिए से देखें तो बाजार बढ़त के साथ खुला और पूरे दिन पॉजिटिव मोमेंटम बनाए रखा। डेली चार्ट पर बुलिश कैंडल और इंट्राडे चार्ट पर लगातार रिकवरी का पैटर्न यह संकेत देता है कि मौजूदा स्तरों से और तेजी आ सकती है। डे ट्रेडर्स के लिए निफ्टी में 22,600 का स्तर एक अहम सपोर्ट जोन का काम करेगा। जब तक बाजार इस जोन के ऊपर बना रहेगा, रिकवरी जारी रहने की संभावना है। ऊपर की तरफ, बाजार 22,950झ23,000 तक जा सकता है। इसके विपरीत 22,600 के नीचे जाने पर अपट्रेंड कमजोर पड़ सकता है। इस स्तर के नीचे, निफ्टी 22,500झ22,450 तक गिर सकता है। वीकली एक्सपायरी के दिन बाजार में रिकवरी जारी रही। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और दूसरी तिमाही के अच्छे बिजनेस अपडेट्स से सेंटीमेंट को सपोर्ट मिला। इससे बेंचमार्क इंडेक्स में लगभग एक फीसदी की बढ़त हुई। निफ्टी 22,776.10 पर और सेंसेक्स 73,067.81 पर बंद हुआ। हालांकि, रिकवरी सीमित रही क्योंकि ग्लोबल यील्ड में बढ़ोतरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने निवेशकों को सतर्क बनाए रखा।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो प्राइवेट बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फार्मा और एनर्जी शेयरों में खरीदारी से रिकवरी को सहारा मिला और ये सेक्टर बेहतर प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे। जबकि रियल्टी सेक्टर पर दबाव रहा। ब्रॉडर मार्केट ने भी इस तेजी में हिस्सा लिया। मिडकैप और स्मॉलकैप दोनों इंडेक्स में 1% से 1.5% के बीच बढ़त हुई। ग्लोबल संकेत कुछ हद तक मददगार रहे क्योंकि ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई। इसमें कच्चे तेल में स्थिरता और पश्चिम एशिया से तेल के निर्यात में बढ़ोतरी का योगदान रहा। अब बाजार कल होने वाली फ्हकी मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक के नतीजों और उसकी कमेंटरी पर बारीकी से नजर रखेगा। पश्चिम एशिया में लगातार तनाव और वर फेड द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने से ग्लोबल मॉनेटरी हालात के सख्त होने का संकेत मिल रहे हैं। टेक्निकल तौर पर 22,800-22,850 का जोन निफ्टी के लिए सबसे नजदीकी रेजिस्टेंस का काम कर सकता है। इसके बाद 23,000-23,200 के आसपास बड़ा रेसिस्टेंस देखने को मिल सकता है। वहीं, नीचे की तरफ 22,600-22,400 का लेवल निफ्टी के लिए शॉर्ट टर्म सपोर्ट बना हुआ है। ग्लोबल मैक्रो रिस्क के कारण बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है, इसलिए उतार-चढ़ाव ज्यादा रहने की संभावना है। ऐसे में चुनिंदा शेयरों पर फोकस करने की रणनीति अपनाना बेहतर रहेगा।

पीएमआईः मजबूत घरेलू मांग से भारतीय सेवा क्षेत्र में उछाल, तीन महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली। सितंबर में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मजबूत घरेलू मांग और नए ऑर्डर से यह संभव हुआ। रोजगार और निर्यात में भी सुधार देखा गया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। मजबूत घरेलू मांग और नए ऑर्डर में तेज वृद्धि ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक मासिक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त के 54.1 से बढ़कर सितंबर में 55.2 हो गया। यह जून के बाद से सबसे मजबूत वृद्धि का संकेत है। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) में 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन बताता है। हालांकि, सेवा क्षेत्र की गतिविधि में यह वृद्धि पिछली तिमाही के औसत से ऊपर नहीं जा पाई। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी वित्तीय तिमाही में वृद्धि मार्च 2022 के बाद सबसे कमजोर रही। एसएंडपी ग्लोबल लगभग 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों से मिले जवाबों से एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई संकलित करता है। भारतीय सेवा क्षेत्र में वृद्धि कई कारकों से प्रेरित थी। इसमें डिजिटल समाधान, भोजन, बीमा, ऋण, सॉफ्टवेयर, परिवहन और पर्यटन की बढ़ी हुई मांग शामिल है। भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में भी सुधार देखा गया। पैनलिस्टों ने जर्मनी, यूएई, यूके और यूएस से लाभ की सूचना दी। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने बताया कि भारतीय सेवा क्षेत्र में सुधार जारी रहा। यह मजबूत घरेलू मांग से समर्थित था। निर्यात कारोबार भी लगातार बढ़ा, हालांकि उसकी गति धीमी रही। सुधरते ऑर्डर और पाइपलाइन में मौजूद परियोजनाओं ने सेवा प्रदाताओं को सितंबर के दौरान अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती के लिए प्रेरित किया। हालांकि, रोजगार की दर अगस्त से कम रही। दूसरी वित्तीय तिमाही के अंत में लागत का दबाव कम हुआ। इनपुट मूल्य मुद्रास्फीति की दर नवंबर 2025 के बाद सबसे कमजोर स्तर पर आ गई। भंडारी ने कहा कि सेवा प्रदाताओं पर इनपुट लागत का दबाव 10 महीने के निचले स्तर पर आ गया। इससे बिक्री मूल्य बढ़ाने की आवश्यकता कम हुई।



एआई की तैयारी के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष 10 देशों में : विश्व बैंक

नई दिल्ली। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की तैयारी में शीर्ष 10 उभरते बाजारों में शामिल है। देश में निजी एआई निवेश 2025 तक 4.1 अरब डॉलर हो गया, जो 2024 के मुकाबले तीन गुना अधिक है।

विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की तैयारी में शीर्ष 10 उभरते बाजारों में शामिल है। देश अपनी बड़ी तकनीकी कार्यबल, विश्व स्तर पर एकीकृत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के कारण इस तकनीक का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट का शीर्षक 'इंडिया एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः सीजिंग द डेवलपमेंट अपॉर्चुनिटी' है। यह भारत की एआई



प्रगति पर प्रकाश डालती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एआई में निजी निवेश 2024 में 1.2 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.1 अरब डॉलर हो गया है। यह निवेश तीन गुना से भी अधिक की वृद्धि दर्शाता है। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) में कार्यरत पेशेवरों की संख्या भी बढ़ी है। यह एक साल पहले के 1.9 मिलियन से बढ़कर 2025 में 2.36 मिलियन हो गई है। हालांकि, रिपोर्ट में एआई के दीर्घकालिक आर्थिक और श्रम बाजार प्रभावों को लेकर अनिश्चितता भी जताई गई है। विश्व बैंक के भारत के कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रोसी ने कहा कि एआई को केवल एक तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि विकास उपकरण के रूप में उपयोग करना भारत के लिए उत्पादकता बढ़ाने का एक शक्तिशाली माध्यम हो सकता है। उन्होंने सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की भी बात कही। विश्व बैंक समूह एग्री कनेक्ट के माध्यम से 'छोटे एआई' लक्षित और स्थानीय रूप से अनुकूलित उपकरणों में निवेश कर रहा है। इसका उद्देश्य संक्रमण के दौरान श्रमिकों का समर्थन करते हुए एआई के लाभों को आबादी के व्यापक वर्ग तक पहुंचाना है।

दिल्ली में सोने की कीमतों में गिरावट



नई दिल्ली। दिल्ली में सोने के दाम 200 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरे। पितृ पक्ष में कमजोर खुदरा मांग और मजबूत डॉलर ने कीमतों पर दबाव डाला। चांदी स्थिर रही। वैश्विक बाजार में भी उतार-चढ़ाव दिखा।

दिल्ली में मंगलवार को सोने के दाम 200 रुपये प्रति 10 ग्राम गिर गए। कमजोर खुदरा मांग और मजबूत डॉलर ने कीमती धातु पर दबाव डाला। देश की राजधानी में 10 ग्राम सोने का भाव 1,49,600 रुपये हो गया। सोमवार को यह 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें लगातार दूसरे सत्र में स्थिर रहीं। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, चांदी 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बनी हुई है। इसमें सभी कर शामिल हैं। सिक्योरिटीज के कमोडिटीज विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया। उन्होंने कहा कि कमजोर वैश्विक संकेतों से दाम गिरे। पितृ पक्ष की मांग में कमी ने भी घरेलू बाजार में सोने पर दबाव डाला। पितृ पक्ष के दौरान उपभोक्ता आमतौर पर शुभ वस्तुएं नहीं खरीदते हैं। इनमें सोना, आभूषण, संपत्ति या अन्य विलासिता की वस्तुएं शामिल हैं। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना थोड़ा बढ़कर 4,149.44 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। वहीं, चांदी 61.01 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही। दिल्ली में सोने के दाम में 200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी आई है। इसका मुख्य कारण खुदरा बाजार में मांग का कमजोर होना है।

सैमसंग ने आज भारत में गैलेक्सी ए08 लॉन्च करने की घोषणा की

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज भारत में गैलेक्सी ए08 लॉन्च करने की घोषणा की है। यह डिवाइस सोशल नेटवर्किंग, वीडियो स्ट्रीमिंग, कैजुअल गेमिंग और फोटोग्राफी जैसे रोजमर्रा के कामों में भरोसेमंद परफॉर्मेंस देने के लिए बनाया गया है।

आसानी से खरीदे जा सकने वाले लेकिन फीचर्स से भरपूर स्मार्टफोन के रूप में तैयार गैलेक्सी ए08 हर दिन के कामों में एआई की मदद लाता है।गैलेक्सी ए08 की सबसे बड़ी खासियत लंबे समय तक मिलने वाली वैल्यू है। सैमसंग इसके साथ छह जेनरेशन तक के ओएस अपग्रेड और छह साल के सिक्योरिटी अपडेट दे रहा है, जिससे यह डिवाइस आने वाले कई सालों तक सुरक्षित और अप-टू-डेट बना रहेगी।गैलेक्सी ए08 वन यूआई 9 के जरिए डिवाइस पर एआई से चलने वाले कुछ चुनिंदा फीचर्स लाता है। सर्किल टू सर्च 3.0 से यूजर्स स्क्रीन पर किसी भी कंटेंट के चारों ओर गोला बनाकर उससे जुड़ी जानकारी खोज सकते हैं। इससे सोशल मीडिया ब्राउज करते, ऑनलाइन शॉपिंग करते या किसी नए शौक के बारे में जानते समय विषयों को खंगालना आसान हो जाता है।यह डिवाइस जेमिनी और परप्लेक्सिटी जैसे एआई एजेंट्स को भी सपोर्ट करता है, जिन्हें वॉयस कमांड से या पावर बटन को देर तक दबाकर खोला जा सकता है। ये टूल्स तुरंत मदद करते हैं, जिससे यूजर्स अपने सवालों के जवाब पा सकते हैं और विषयों में आसानी से गहराई तक जा सकते हैं।4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज के साथ आने वाले गैलेक्सी ए08 की कीमत 18,499 रुपये है। यह डार्क ब्लू, सिल्वर और ग्रीन रंगों में मिलेगा और 1 अक्टूबर से सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, पार्टनर स्टोर्स, और दूसरे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। ग्राहक आसान पेमेंट प्लान भी चुन सकते हैं, जिनमें बैंक कार्ड पर छह महीने तक और एनबीएफसी पार्टनर्स के जरिए नौ महीने तक की जीरो-इंटरेस्ट ईएमआई शामिल है।

मीडियाटेक ने डायमेन्सिटी 9600 प्रो के साथ अग्रणी स्मार्टफोन चिप्स के लिए नया मानक तय किया

नई दिल्ली। सालाना दो अरब से अधिक कनेक्टेड डिवाइस को ताकत प्रदान कर रही वैश्विक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक नेमीडियाटेक इंडियाने दिल्ली में मीडियोटक टेक डे में डायमेन्सिटी 9600 प्रो का अनावरण किया। दि नेक्स्ट लीप थीम वाले इस आयोजन में मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9600 प्रो पर खास तौर पर ध्यान दिया गया जो एडवांस्ड 2एनएम प्रोसेस नोड पर बने शुरूआती चिपसेट्स में से एक है। मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9600 प्रो की नेक्स्ट जेनरेशन डिजाइन बेहतरी निष्पादन और जबरदस्त ऊर्जा दक्षता देता है, जबकि इसका नया नेटिव एआई आर्किटेक्चर, स्मार्टफोन में क्रांतिकारी एजेंटिक एआई अनुभव देता है। इस टेक डे में डायमेन्सिटी 5जी पोर्टफोलियो के व्यापक पैमाने पर भी प्रकाश डाला गया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे मीडियाटेक डायमेन्सिटी 7500 और डायमेन्सिटी 8500 एसओसी के साथ मोबाइल कंप्यूटिंग को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है और शानदार जुड़ा हुआ अनुभव सुनिश्चित कर रहा है।

पेज एक का शेष

फ्रांसिस हाल्जेन

से बेहद हल्की रोशनी पैदा होती है। बर्फ में लगे सेंसर इसी चमक को पकड़ लेते हैं। इसी विचार से आगे चलकर आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी बनी। इसका निर्माण 2011 में पूरा हुआ। यहां पकड़े गए उच्च-ऊर्जा वाले न्यूट्रिनो ने वैज्ञानिकों को सौरमंडल से बहुत दूर मौजूद स्रोतों और वहां होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी हासिल करने का नया तरीका दिया।

पहले वैज्ञानिक ब्रह्मांड को मुख्य रूप से दिखाई देने वाली रोशनी, एक्स-रे और दूसरी तरह की किरणों के जरिए समझते थे। न्यूट्रिनो ने उन्हें ब्रह्मांड को देखने का एक और रास्ता दिया। यानी अब वैज्ञानिक सिर्फ यह नहीं देखते कि अंतरिक्ष से रोशनी कहां आ रही है, बल्कि यह भी पता लगा सकते हैं कि न्यूट्रिनो कहां से आ रहे हैं और उनके पीछे कौन-सी ताकतवर अंतरिक्षीय घटना है। फ्रांसिस हैल्जेन ने 1987 में न्यूट्रिनो पर काम शुरू किया, तब वे इस क्षेत्र के बड़े विशेषज्ञ नहीं थे। उन्होंने खुद बताया है कि उस समय उन्होंने न्यूट्रिनो से जुड़ी बहुत सारी किताबें और शोध नहीं पढ़े थे। आगे चलकर यही बात उनके लिए फायदेमंद साबित हुई। उस समय वैज्ञानिकों के सामने बड़ी चुनौती थी कि अंतरिक्ष से आने वाले बेहद ज्यादा ऊर्जा वाले न्यूट्रिनो को पकड़ा कैसे जाए। न्यूट्रिनो दूसरे पदार्थों के साथ बहुत कम टकराते हैं, इसलिए उन्हें पकड़ना बेहद मुश्किल होता है। इसके लिए बहुत बड़े डिटेक्टर की जरूरत थी। हैल्जेन ने इस समस्या को दूसरे तरीके से देखा। उन्होंने सोचा कि दक्षिणी ध्रुव के नीचे मौजूद साफ और गहरी बर्फ का इस्तेमाल ही एक विशाल डिटेक्टर की तरह क्यों न किया जाए। अगर बर्फ के अंदर सेंसर लगाए जाएं, तो न्यूट्रिनो के किसी परमाणु से टकराने पर पैदा होने वाली बेहद हल्की चमक को पकड़ा जा सकता है। अगर हैल्जेन उस समय इस क्षेत्र की सारी मुश्किलों और पहले हो चुके असफल प्रयोगों के बारे में बहुत ज्यादा जानते होते, तो शायद उन्हें भी यह काम असंभव या बेहद मुश्किल लगता। लेकिन उन्होंने इन बातों से पीछे हटने के बजाय अपने विचार को आजमाने का फैसला किया।

लखनऊ बनेगा

दुनिया के युवा भी यूपी आ रहे हैं। उन्होंने एचसीएल कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश का ब्रांड एंबेसडर बताया। उन्होंने कहा कि शिव नादर ने एचसीएल की पांच दशक की यात्रा उत्तर प्रदेश से शुरू की थी, जो आज वैश्विक बन चुकी है। दस वर्ष पहले एचसीएल ने लखनऊ को चुना और लखनऊ ने एचसीएल को अपनाया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 10-11 वर्षों में एचसीएल ने अपने कार्यक्रम तीन हजार से अधिक गांवों और 50 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचाए हैं। पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक दशक पहले यूपी में काम करना चुनौतीपूर्ण था। प्रदेश की छवि खराब थी, असुरक्षा का माहौल था, इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं था और आईटी सेक्टर की बुनियादी जरूरत बिजली भी गायब थी। उन्होंने कहा कि उस समय के लोग अंधेरे में रहना अधिक पसंद करते थे, क्योंकि उनके सारे काम अंधेरे में ही होते थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले यूपी की पहचान वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया से थी। आज वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन से पहचान है। बलिया से बिजनौर तक 1,200 किलोमीटर की यात्रा अब दस घंटे में पूरी हो रही है, जबकि दस वर्ष पहले इस दूरी को तय करने में दस दिन लगते थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में डिजिटल इंडिया का विजन दिया तो विरोधी दल इसकी खिल्ली उड़ाते थे। जनधन खाते खोलने पर भी सवाल उठाए गए। आज डीबीटी से दिल्ली या लखनऊ से गरीब के लिए निकला पैसा शत प्रतिशत उसके खाते में पहुंच रहा है और बीच में कोई कट मनी नहीं ले सकता। उन्होंने इसे टेक्नोलॉजी और डिजिटल इंडिया की ताकत बताया। एचसीएल टेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा ने उत्तर प्रदेश को एचसीएल की कर्मभूमि और घर बताया। उन्होंने कहा कि जब एचसीएल के टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग के सपने पर बहुत लोगों को भरोसा नहीं था, तब उत्तर प्रदेश ने युवा उद्यमियों को वैश्विक संस्थान बनाने का अवसर दिया। नोएडा आज कंपनी का ग्लोबल मुख्यालय है। एचसीएल स्थानीय कॉलेजों के एक हजार छात्रों के लिए एआई प्रशिक्षण शुरू कर रहा है। कार्यक्रम में एचसीएल फाउंडेशन से जुड़े 57 लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें पांच विशिष्ट लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी ने मंच पर सम्मानित किया।

असेंबली से

का आधार तैयार हो रहा है। उन्होंने इस बदलाव को मोबाइल से मॉड्यूल और मॉड्यूल से माइक्रोचिप तक पहुंची विकास यात्रा बताया। मुख्यमंत्री के मुताबिक एआई-प्रज्ञा के माध्यम से 10 लाख युवाओं को नई तकनीक से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बढ़ता स्टार्टअप इकोसिस्टम युवाओं को रोजगार तलाशने वाले के बजाय रोजगार देने वाला बनने के अवसर उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में पूर्ववर्ती सरकारों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की क्षमता का पहले पूरा उपयोग नहीं किया गया और इसे बीमारू बनाए रखा गया। योगी ने आरोप लगाया कि उस दौर में परिवारवाद को विकास, सैफई महोत्सव को सांस्कृतिक उत्थान और माफियाकरण को औद्योगिकीकरण के मॉडल के तौर पर बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्राथमिकताएं बदली हैं। परिवार के विकास के बजाय प्रदेश का विकास, माफिया के संरक्षण के बजाय निवेशक का संरक्षण और तुष्टीकरण के बजाय तकनीक पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि जब चिंता प्रदेश से अधिक परिवार और निवेशक से अधिक अपराधियों की हो तो भविष्य की तकनीक के लिए वातावरण कैसे तैयार हो सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मंगलवार को लखनऊ में एचसीएल टेक की स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वह शामिल होंगे। इस दौरान इमर्जिंग टेक स्किलिंग सेंटर का शुभारंभ भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ असेंबली से एआई तक की यह यात्रा नए उत्तर प्रदेश की नई उड़ान है।

सीएम मान

उर्फ राजा, रोमी राजा महाजन, बीर देविंदर और आरएस नागरा समेत अज्ञात सरकारी कर्मचारियों व निजी व्यक्तियों को मामले में नामजद किया है। सीबीआई टीम ने चंडीगढ़, मोहाली, गुरदासपुर, लुधियाना, पटियाला, संगरूर और जालंधर में आरोपियों से जुड़े परिसरों पर पहुंची। एजेंसी ने तलाशी के दौरान मिले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और दस्तावेजों को जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है। जब्त सामग्री में कथित रिश्वतखोरी और अनियमितताओं से जुड़े साक्ष्य तलाशे जा रहे हैं। सीएम मान ने सीबीआई की रेड को लेकर पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा भाजपा ने पंजाब में चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेरे कैंप ऑफिस में सीबीआई की रेड की गई है। अब पंजाब में ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया जाएगा, ताकि पंजाब सरकार और मुझे बदनाम किया जा सके। लोगों से मिल रहे प्यार को देखकर भाजपा घबराहट में है।

एयरपोर्ट के

गई है। इसी कालोनी में मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे ग्राउंड फ्लोर स्थित कमरा नंबर 09 में मजदूर राहुल खाना बना रहा था। इसी दौरान आग लग गई। उस समय अधिकांश मजदूर सो रहे थे। आग की जानकारी होते ही सभी बाहर निकलने लगे। कुछ ही देर में आग आसपास के कमरों तक पहुंच गई। इसी दौरान अंदर से तीन बार तेज आवाजें सुनाई दीं, जिससे अफरातफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, खाना बनाने के लिए रखे एलपीजी सिलेंडर आग की चपेट में आए थे। सूचना पर सरोजनीनगर फायर स्टेशन से पांच और एयरपोर्ट की एक दमकल गाड़ी पहुंची। हादसे में सहरसा निवासी निर्मल (30) झुलस गया, जबकि प्रतापगढ़ निवासी राहुल कुमार (26) दूसरी मंजिल से कूदने में चोटिल हुआ। दोनों को कृष्णानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग में मजदूरों के कपड़े, रुपये और अन्य सामान जल गया। एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के मुताबिक, शुरूआती जांच में खाना बनाते समय सिलेंडर से आग लगने की बात सामने आई है।

देश का

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों की उपलब्धि यह बताती है कि शिक्षा के लिए उम्र कोई सीमा नहीं है। सीखने की इच्छा व्यक्ति को किसी भी पड़ाव पर नई शुरूआत करने की प्रेरणा दे सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उसे अपने फैसले बेहतर तरीके से लेने और उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की क्षमता देती है। इसलिए साक्षरता को व्यापक सामाजिक बदलाव के साथ जोड़ना जरूरी है।

मरीजों से

हैं, जबकि पैकेजिंग पर अपेक्षाकृत अधिक एमआरपी अंकित होती है। ऐसे में मरीज को एमआरपी पर छूट तो दिखाई देती है, लेकिन अस्पताल की वास्तविक खरीद कीमत और मरीज से वसूली गई कीमत के बीच का लाभ उसे नहीं मिल पाता। विभाग ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में महंगी दवाओं के लिए अपनाए जा रहे कॉस्ट प्लस मॉडल का भी उदाहरण दिया है। इसमें अस्पताल की वास्तविक खरीद लागत को ध्यान में रखकर मरीज से ली जाने वाली कीमत निर्धारित करने का प्रयास किया जाता है। एनपीपीए को भेजे पत्र में विभाग ने एक ही निमार्ता और ब्रांड की दवा की अलग-अलग संस्थागत आपूर्ति में अलग एमआरपी होने की स्थिति पर भी चिंता जताई है। कुछ अस्पतालों को ऐसे ब्रांड उपलब्ध कराए जाने का भी उल्लेख किया गया है, जो सामान्य रिटेल बाजार में



भारत ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

पहले टी-20 में होप और रदरफोर्ड की फिफ्टी, डेब्यू कर रहे नमन को 3 विकेट व कुलदीप यादव को दो विकेट

एजेंसी

लखनऊ। वेस्टइंडीज ने पहले टी-20 में भारत को 172 रन का टारगेट दिया है। जवाब में भारत ने 14.3 ओवर में 2 विकेट पर 171 रन बनाए हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर और ईशान किशन पिच पर हैं। श्रेयस शतक लगाकर खेल रहे हैं। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज मंगलवार को 19.1 ओवर में 171 रन बनाकर ऑलआउट हुई। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 37 बॉल पर 52 रन बनाए। शेरफेन रदरफर्ड ने 56 रन की पारी खेली। भारत से डेब्यू कर रहे नमन धीर ने 3 विकेट लिए। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले। वेस्टइंडीज ने पहले टी-20 में भारत को 172 रन का टारगेट दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज मंगलवार को 19.1 ओवर में 171 रन बनाकर ऑलआउट हुई। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 37 बॉल पर 52 रन बनाए। शेरफेन रदरफोर्ड ने 56 रन की पारी खेली। भारत से डेब्यू कर रहे नमन धीर ने 3 विकेट लिए। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले। शेरफेन रदरफोर्ड ने माना कि टीम करीब 20 रन पीछे रह गई। शाई होप और रदरफोर्ड ने पारी संभाली, जबकि आखिरी ओवरों में अकील हुसैन के योगदान से टीम 171 तक पहुंची। भारत के स्पिनर्स ने 7 विकेट लिए।

डेब्यू कर रहे नमन धीर ने 3 विकेट झटके, जबकि अक्षर पटेल ने 2 विकेट लेकर छठे ओवर में डबल-विकेट मेडन के साथ भारत को शुरूआत दिलाई। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अक्षर पटेल ने अकील हुसैन को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी खत्म की। हुसैन ने धीमी गेंद पर डीप मिड-विकेट की ओर बड़ा शॉट खेला, लेकिन गेंद ज्यादा दूर नहीं गई। ईशान किशन ने आसान कैच पकड़ लिया। भारत को 172 रन का टारगेट मिला है। 18वां ओवर फेंकने आए अर्शदीप सिंह के ओवर में 15 रन आए। अकील हुसैन ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया, जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने



आखिरी गेंद पर चौका जड़कर 31 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। नमन धीर ने 16वें ओवर में शमार स्प्रिंगर को आउट किया। स्प्रिंगर ने इसकी पिछली गेंद पर छक्का लगाया था। वे अगली गेंद पर धीमी और फुल डिलीवरी पर फिर बड़ा शॉट खेलने गए। गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर लॉन्ग-ऑन पर गई। जहां खड़े अक्षर पटेल ने आसान कैच पकड़ा। स्प्रिंगर 7 गेंद पर 9 रन बनाकर आउट हुए। 15वां ओवर फेंकने आए कुलदीप यादव ने मैथ्यू फोर्ड को आउट किया। शॉर्ट गेंद पर फोर्ड ने डीप मिड-विकेट की ओर पुल खेला, लेकिन टाइमिंग और पावर नहीं मिली। वहां ईशान किशन ने अपनी बाईं ओर तेजी से दौड़कर शानदार कैच पकड़ा। फोर्ड 4 गेंद पर 2 रन बनाकर आउट हुए। 14वां ओवर फेंकने आए नमन धीर ने रोमारियो शेफर्ड को आउट कर दिया। धीर ने धीमी और ऑफ स्टंप से बाहर गेंद डाली, जिस पर शेफर्ड बिना पैर चलाए बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर हवा में चली गई। लॉन्ग-ऑफ पर तिलक वर्मा ने आसान कैच पकड़ा। शेफर्ड 5 गेंद पर 7 रन बनाकर आउट हुए। 13वां ओवर फेंकने आए कुलदीप यादव ने रोस्टन चेज को छह कर दिया। गेंद पिच होने के बाद तेजी से अंदर आई और बैकफुट पर गए चेज के पैड से टकराई। गेंद स्टंप्स के सामने थी, इसलिए चेज बिना रिव्यू लिए 3 गेंद पर 5 रन बनाकर लौट गए। 12वां ओवर फेंकने आए डेब्यूटेंट नमन धीर ने शाई होप को पवेलियन भेज दिया। धीर ने लेंथ पीछे खींची, जिस पर होप बैकफुट से पुल खेलने गए, लेकिन शॉट में ज्यादा ताकत नहीं थी। डीप मिड-विकेट पर अक्षर पटेल ने आसान कैच पकड़ा। होप 37 गेंद पर 52 रन बनाकर आउट हुए।

11वां ओवर फेंकने आए अक्षर पटेल के ओवर में 18 रन आए। शाई होप ने पहली गेंद पर चौका लगाया, जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने चौका, छक्का और एक रन समेत ओवर में 14 रन बटोरे। इस ओवर के बाद वेस्टइंडीज 100 रन तक पहुंच गया। नौवां ओवर फेंकने आए कुलदीप यादव के ओवर में 15 रन आए। शेरफेन रदरफोर्ड ने पहली गेंद पर छक्का लगाया, जबकि शाई होप ने आखिरी गेंद पर डीप मिड-विकेट के ऊपर से छक्का जड़ा। दोनों बल्लेबाजों ने एक-एक रन भी लिया। भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज का पहला टी-20 आज लखनऊ में खेला जा रहा है। वेस्टइंडीज ने 12वें ओवर में 107 रन पर चौथा विकेट गंवा दिया। शाई होप फिफ्टी लगाकर आउट हुए। डेब्यू कर रहे नमन धीर ने उनका विकेट लिया। इकाना स्टेडियम में अक्षर पटेल ने रोवमन पावेल को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को तीसरा झटका दिया। अर्शदीप सिंह ने कमिल पूरन को 12 रन पर बोल्ड किया। शिमरोन हेटमायर 2 गेंद पर 5 रन बनाकर रनआउट हुए। भारत ने एशियन गेम्स में 3 दिन पहले ही पाकिस्तान को हराकर गोल्ड जीता था। उस टीम के 14 में से 12 भारतीय खिलाड़ी इस सीरीज के स्क्वॉड का हिस्सा हैं। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी नहीं खेल रहे हैं। सूर्यवंशी ने एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 38 रन और फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 15 रन बनाए थे। 11वां ओवर फेंकने आए अक्षर पटेल के ओवर में 18 रन आए।

सौरव गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच



मुंबई। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को दिल्ली कैपिटल्स का हेड कोच नियुक्त किया गया है। वे आईपीएल के अगले सीजन में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। गांगुली इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्होंने 2025 में प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच के रूप में अपना पहला कोचिंग रोल संभाला था। गांगुली ने आईपीएल में 59 मैचों में 1,349 रन बनाए।

उनका बेस्ट स्कोर 91 रन रहा और उन्होंने 7 अर्धशतक लगाए। उन्होंने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स और पुणे वॉरियर्स इंडिया की कप्तानी भी की। गांगुली का आईपीएल डेब्यू 2008 में केकेआर के लिए हुआ था। उन्होंने आखिरी मैच 2012 में पुणे वॉरियर्स के लिए खेला। बतौर गेंदबाज उनके नाम 10 विकेट भी हैं। दिल्ली कैपिटल्स को अब भी अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी का इंतजार है। दिल्ली 2020 में पहली बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन मुंबई इंडियंस के हाथों हार गई थी। गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए।

उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। वे साल 2000 में भारत के कप्तान बने। गांगुली की कप्तानी में भारत ने विदेशों में कई ऐतिहासिक टेस्ट मैच जीते और 2003 वर्ल्ड कप फाइनल तक का सफर तय किया। 2002 में भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया। फिर श्रीलंकाई कप्तान सनथ जयसूर्या के साथ ट्रॉफी साझा की। इसी साल लॉर्ड्स में नेटवेस्ट ट्रॉफी जीती। 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। गांगुली क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष हैं। 2019 में बीसीसीआई के अध्यक्ष बने थे। उन्हें 2022 में पद से इस्तीफा देना पड़ा। उनकी जगह 1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रहे रोजर बिन्नी को नया चेयरमैन बनाया गया।

> अगले आईपीएल सीजन में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे, बतौर डायरेक्टर काम कर चुके

संक्षेप

वैभव सूर्यवंशी को देखने की चाहत में इकाना फुल

लखनऊ। लखनऊ में खेले जा रहे भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 इंटरनेशनल मैच में इकाना स्टेडियम फुल है। यहां पहुंचने वाले ज्यादातर फैंस ने कहा था कि वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा की ताबड़तोड़ बैटिंग देखेंगे। आज धूम-धड़ाका होगा। लेकिन, वैभव का नाम प्लेइंग-11 में नहीं रहा। हालांकि, उन्होंने एक दिन पहले 1 घंटे तक प्रैक्टिस कर 15 छक्के मारे थे। शाम 7 बजे से शुरू हुए मैच को देखने के लिए 4 बजे से ही फैंस का पहुंचना शुरू हो गया था। वैभव के नाम की टी-शर्ट भी खूब बिकीं। सूर्यवंशी के बाद अभिषेक शर्मा का क्रेज देखने को मिला। मिजार्पुर से आया एक फैन बोला- आज अभिषेक शर्मा सेंचुरी मारेंगे। कुंडा से आए फैन ने कहा- कड़ी टक्कर के बीच धूम-धड़ाका होगा। मैच देखने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी पहुंची हैं। इकाना में सीरीज के पहले टी-20 मैच में वेस्टइंडीज ने 19.1 ओवर में 171 रन बनाए। भारत को 172 रन का लक्ष्य मिला है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में 3 विकेट गंवाकर 44 रन बनाए। इसके बाद कप्तान शाई होप (52) और शेरफेन रदरफोर्ड (56) ने 63 रन की साझेदारी कर पारी संभाली।

टीम इंडिया के बॉलिंग कोच बोले खेलें या नहीं, सीनियर्स से सीखें

लखनऊ । टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने वैभव सूर्यवंशी को सीनियर्स से सीखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वैभव को टीम के साथ ज्यादा वक्त बिताना चाहिए। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टी20 आज लखनऊ में खेला जाएगा। 13 साल के वैभव एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने टूर्नामेंट के सभी मैच खेले थे, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। पहले टी 20 में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के ओपनिंग करने की संभावना है।

हालांकि, मोर्केल ने प्लेइंग-11 को लेकर कोई संकेत नहीं दिया है। मोर्केल ने कहा, हम सभी वैभव की प्रतिभा जानते हैं। वे जितना ज्यादा समय इस माहौल में अच्छे खिलाड़ियों के साथ बिताएंगे और इस स्तर पर ट्रेनिंग करेंगे, उतना ही उनके क्रिकेट के लिए अच्छा होगा। खेलने का मौका नहीं मिलने पर भी वे बस, डगआउट और होटल में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा, ह्यसीनियर्स के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करना और यह देखना कि वे अपनी पारी की शुरूआत कैसे करते हैं, वैभव के लिए अहम होगा।

न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पहाड़ नगर का दबदबा

गोसाईगंज लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के अंतर्गत पहाड़ नगर पी.एम.श्री विद्यालय पहाड़ नगर में मंगलवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन शिक्षक संकुल विनोद राय एवं प्रभात कुमार ने किया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। दौड़ प्रतियोगिता के 100 मीटर बालक वर्ग में पी.एम.श्री विद्यालय के लक्की गौतम ने प्रथम तथा निशांत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



> पी.एम.श्री विद्यालय पहाड़ नगर बना ओवरऑल चैंपियन

200 और 400 मीटर बालक वर्ग में भी लक्की गौतम प्रथम और निशांत द्वितीय रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग में पहाड़नगर की श्रद्धा गौतम प्रथम और मनोरमा द्वितीय रहीं। 400 मीटर बालिका वर्ग में अंबिता ने प्रथम तथा श्रद्धा गौतम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्राथमिक स्तर की 50 व 100 मीटर दौड़ में पहाड़ नगर-2 के विहांश प्रथम ने बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में पहाड़ नगर की तान्या प्रथम रहीं। जूनियर कबड्डी बालक वर्ग में पहाड़ नगर नगर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर की कबड्डी में बालक और बालिका दोनों वर्गों में पहाड़ नगर की टीम विजेता रही तथा मोअज्जम नगर द्वितीय रही। खो-खो प्रतियोगिता में भी पहाड़ नगर ने प्रथम स्थान हासिल किया। विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन के दम पर पहाड़ नगर ने न्याय पंचायत स्तर की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रभात कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य, मीना सिंह, अनीता देवी, बृजेश कुमार, सीमा सिंह, अल्का गुप्ता, इन्दू जायसवाल, शुमन राय, विशाल पाण्डेय, निधि अग्रवाल, शाजिया बानो, मोहन कुमार, रमन रावत, सागर वर्मा एवं अरुण कुमार पाल सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। समापन अवसर पर विनोद राय ने विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने खेल भावना के साथ उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

चाइना ओपन में नोवाक जोकोविच फाइनल में

बीजिंग। बीजिंग में खेले जा रहे चाइना ओपन के पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में रूस के डेनिल मेदवेदेव को नोवाक जोकोविच के खिलाफ मुकाबले के दौरान डिसक्वालिफाई कर दिया गया। दूसरे सेट के 9वें गेम में मेदवेदेव ने कोर्ट पर उछलकर आ रही गेंद को स्टैंड्स की ओर हिट कर दिया। गेंद पहली पंक्ति में बैठे एक दर्शक की बाईं आंख के पास लगी, जिससे वह चोटिल हो गया। घटना के बाद मैच रेफरी और सुपरवाइजर ने मेदवेदेव को मैच से बाहर कर दिया। इस फैसले के साथ जोकोविच बिना मैच पूरा किए फाइनल में पहुंच गए। करीब 2 घंटे 30 मिनट चले मुकाबले में जोकोविच ने पहला सेट 7-5 से जीता था। दूसरे सेट में वे 5-3 से आगे थे और जीत से सिर्फ तीन पॉइंट दूर थे।

बीसीसीआई मीटिंग के बाद हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी

एजेंसी

नयी दिल्ली। हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। यह फैसला एक दिन पहले गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की मीटिंग के बाद आया है। बैठक में हरमनप्रीत, उपकप्तान स्मृति मंधाना और कोच अमोल मजूमदार शामिल हुए थे। टीम के भविष्य और कप्तानी को लेकर भी चर्चा हुई। हरमनप्रीत के बाद स्मृति मंधाना को अगला कप्तान बनाया जा सकता है। 37 साल की हरमनप्रीत के नाम कई रिकॉर्ड हैं। इनमें बतौर कप्तान भारत को पहला महिला वर्ल्ड कप जिताना शामिल है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2012, 2016, 2022 और 2026 एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया। 2012 एशिया कप में हरमनप्रीत ने सिर्फ फाइनल में कप्तानी की थी। बाकी मैचों में मिताली राज ने टीम की कमान संभाली थी। आज मैं सभी फॉर्मेट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूं। यह आसान फैसला नहीं है। इसमें सालों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल जुड़े हैं, जो जिंदगीभर मेरे साथ रहेंगे।

> उनकी अगुवाई में भारत ने पहली बार महिला वर्ल्ड कप जीता; स्मृति बन सकती हैं अगली कप्तान

भारत ने 2025 में पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप जीता। हरमनप्रीत वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला कप्तान बनीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2017 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नाबाद 171 रन की पारी खेली। यह महिला वर्ल्ड कप की यादगार पारियों में शामिल है। 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में शतक लगाया। ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। हरमनप्रीत 200 इंटरनेशनल टी-20 मैच खेलने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर हैं। फरवरी 2026 में महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 382 मैच खेले हैं। 150 टी20क में कप्तानी करने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर। सितंबर 2026 में रिकॉर्ड बनाया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में लगातार दो गोल्ड मेडल जीते हैं। भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में श्रीलंका को हराकर पहला गोल्ड जीता था। इसके बाद 2026 नागोया एशियन गेम्स में भी टीम ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरमनप्रीत ने भारत के लिए 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल डेब्यू किया था। स्मृति मंधाना को हरमनप्रीत कौर के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी मिल सकती है। स्मृति पहले भी टीम की कप्तानी कर चुकी हैं। टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव को रणजी ट्रॉफी के ओपनिंग मैच के लिए मुंबई टीम में जगह नहीं मिली है। 42 बार की चैंपियन मुंबई 11 अक्टूबर से चंडीगढ़ के खिलाफ 4 दिवसीय मुकाबला खेलेगी। वहीं दूसरी ओर भारतीय कप्तान शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, शेफाली वर्मा और श्री चरणी को सितंबर के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है।



पॉवर लिफ्टिंग में दीपक हलदार ने जीता स्वर्ण

लखनऊ। चौक स्टेडियम में आयोजित जिला चैंपियन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पावर बॉडी जिम के खिलाड़ी दीपक कुमार हलदार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मास्टर वर्ग-3 में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में उन्होंने बेंच प्रेस में 80 किलोग्राम वजन उठाया।



प्रतियोगिता का उद्घाटन क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद मुशर्रफ ने किया। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में दीपक कुमार हलदार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रेमचंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। दीपक की इस उपलब्धि पर खेलप्रेमियों और उनके साथियों ने उन्हें बधाई दी।

भारत-पाक मैच के टिकट के लिए 1 लाख आवेदन

नयी दिल्ली। 2023 वनडे वर्ल्ड कप में भी भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत हुई थी। मैच भारत ने 7 विकेट से जीता था। 2027 वनडे वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के मुकाबले के लिए टिकटों की भारी डिमांड है। इस मैच के लिए पिछले 3 दिन में कउउ के पास 1 लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं। यह मैच जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में होने वाला है। इसकी दर्शक क्षमता 34 हजार है। पूरे टूर्नामेंट के लिए 11 लाख आवेदन किए गए हैं। वहीं 3 लाख 20 हजार से ज्यादा फैंस टिकट बैलेट में रजिस्टर कर चुके हैं। टिकट बैलेट में रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 21 नवंबर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के मैच के लिए 86 हजार से ज्यादा टिकट आवेदन मिले हैं। वहीं 7 नवंबर के प्री-सीडेड सुपर-7 मुकाबले के लिए करीब 78 हजार आवेदन आए हैं। यह मुकाबला तभी भारत और पाकिस्तान के बीच होगा, जब दोनों टीमें सुपर-7 में पहुंचती हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 वर्ल्ड कप में भारत को हराकर खिताब जीता था। 21 नवंबर को होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल के लिए भी फैंस की दिलचस्पी ज्यादा है।

> 2027 वर्ल्ड कप टिकटों की भारी डिमांड; पूरे टूर्नामेंट के लिए 3 दिन में 10 लाख एप्लीकेशन

प्ले एन फिट टेनिस चैंपियनशिप में उभरती प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

खेल संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या रोड स्थित स्प्रिंग ग्रीन अपार्टमेंट में 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक प्ले एन फिट टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें आयु वर्ग 6,8,10,12 और 14 (बालक व बालिका) थे। जिसमें बालिकाओं में अंडर 6 में शानू सिंह विजेता व माधवी वर्मा उपविजेता रहीं। अंडर 8 में नित्या भारती विजेता व मायरा मेहता उपविजेता रहीं।

अंडर 10 में आर्वी गुप्ता विजेता व अनिका शर्मा उपविजेता रहीं। अंडर 12 में सानवी यादव विजेता वह आर्वी गुप्ता उपविजेता रहीं और अंडर 14 में अनाया पटेल विजेता और किंजल सिंह उपविजेता रहीं। बालकों की श्रेणी में अंडर 6 में अदम्य वर्मा विजेता व विराज अग्रवाल उपविजेता रहें, अंडर 8 में अथर्व पाल विजेता व विवान गुप्ता उपविजेता रहें। अंडर 10 में विदित खंडेलवाल विजेता व अविरल



चतुर्वेदी उपविजेता रहे। अंडर 12 में अभिराज राजपूत विजेता व शिवाय बोहरा उपविजेता रहें और अंडर 14 में प्रखर कुशवाहा विजेता और विवान अरोड़ा उपविजेता रहें। विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों का पुरस्कार वितरण स्प्रिंग ग्रीन आर.डब्ल्यू.ए. के अध्यक्ष श्री सौरभ कुमार ने किया।

प्ले एन फिट टेनिस अकैडमी के संस्थापक मोहम्मद उबैद ने बताया कि इस चैंपियनशिप का उद्देश्य खिलाड़ियों को अपने खेल को परखने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करना है। लखनऊ। अयोध्या रोड स्थित स्प्रिंग ग्रीन अपार्टमेंट में 2 से 4 अक्टूबर तक प्ले एन फिट टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-6, अंडर-8, अंडर-10, अंडर-12 और अंडर-14 आयु वर्ग में बालक और बालिकाओं ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बालिका वर्ग के अंडर-6 में शानू सिंह ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि माधवी वर्मा उपविजेता रहीं।

2036 ओलिंपिक मेजबानी की रेस में भारत समेत 7 देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत 2036 में ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए अहमदाबाद में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। लॉस एंजिल्स 2036 ओलिंपिक की मेजबानी की रेस में भारत समेत 7 देश शामिल हैं। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। भारत के अलावा कतर, साउथ कोरिया, जर्मनी, हंगरी, तुर्किये और साउथ अफ्रीका ने मेजबानी में रुचि जताई है। इसकी शॉर्टलिस्टिंग 2027 और फैसला 2029 में होगा। भारत ने अहमदाबाद को ओलिंपिक शहर चुना है। अहमदाबाद को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी भी करनी है। अहमदाबाद में दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम मौजूद है। 2036 ओलिंपिक के लिए भारत की दावेदारी इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन के जरिए आगे बढ़ रही है।

> अहमदाबाद के नाम पर दांव; 2027 में शॉर्टलिस्टिंग, 2029 में होगा फैसला



आईओए ने आईओसी को लेटर ऑफ इंटेंट सौंपा है। 31 अक्टूबर 2026 तक दूसरे देश भी अपनी रुचि जता सकते हैं। इसके बाद मार्च 2027 में आईओसी एग्जीक्यूटिव बोर्ड उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्ट तय करेगा। चुने गए देशों के प्रस्तावों में वेन्यू, फाइनेंस, गवर्नेंस और आयोजन क्षमता का आकलन होगा। इसके बाद उम्मीदवारों को अपनी योजनाएं तैयार कर आईओसी के सामने पेश करने का समय मिलेगा। 2036 ओलिंपिक के मेजबान का फैसला 2029 के मध्य में कडउ सेशन में वोटिंग से होगा। 2036 ओलिंपिक के लिए कडउ ने ब्रिस्बेन 2032 की तुलना में ज्यादा खुली और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया अपनाई है। आईओसी अध्यक्ष कर्स्टी कोवेंट्री ने जून 2025 में पद संभालने के बाद पिछली फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया को रोक दिया। अब कडउ सदस्य कई उम्मीदवारों में से मेजबान चुनेंगे। नई प्रक्रिया में सिर्फ बड़े या महंगे प्रोजेक्ट के बजाय एथलीटों को केंद्र में रखकर यह देखा जाएगा कि प्रस्तावित शहर खिलाड़ियों के लिए कितना बेहतर गेम्स अनुभव दे सकता है। 2036 ओलिंपिक की रेस में भारत के अलावा कतर, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, हंगरी और तुर्किये हैं।

कतरः दोहा को केंद्र बनाकर दावेदारी। कतर 2022 एफआईएफए वर्ल्ड कप समेत कई बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी कर चुका है। हालांकि जुलाई-अगस्त में पड़ने वाली गर्मी बड़ी चुनौती हो सकती है। दक्षिण कोरियाः सियोल को केंद्र बनाया गया है। सियोल 1988 ओलिंपिक की मेजबानी कर चुका है। जर्मनीः म्यूनिख के नाम पर दावेदारी।

एक भारतीय समेत 40 लोगों की नागरिकता छीनने की तैयारी में अमेरिका

इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट के तहत, व्यक्ति ने गैर-कानूनी तरीके से जरूरी जानकारी जानबूझकर गलत देकर अमेरिका की नागरिकता हासिल की



वाशिंगटन। अमेरिका ने आधुनिक इतिहास में नागरिकता रद्द करने की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू की है। 40 लोगों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है, जिनमें भारतीय मूल के बलविंदर सिंह भी शामिल हैं। अमेरिका ने आधुनिक इतिहास में नागरिकता रद्द करने की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिसके तहत 40 लोगों की अमेरिकी नागरिकता छीनी जा रही है। इनमें भारतीय मूल का एक व्यक्ति भी शामिल है। यह जानकारी अमेरिकी न्याय विभाग ने दी है।

अमेरिका की कई अदालतों में नागरिकता रद्द करने की कार्रवाई का सामना कर रहे इन 40 लोगों पर गंभीर अपराधों के आरोप हैं। इनमें विदेशी सरकार के लिए एजेंट के तौर पर काम करना, जानबूझकर हत्या (वॉलंटरी मैन्सलाटर) करना और विशेष जरूरतों वाले एक व्यक्ति के साथ गंभीर कुकर्म (एग्रवेटेड सोडमी) करना शामिल है। कैलिफोर्निया के बलविंदर सिंह पर राज्य की ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में नागरिकता रद्द करने की कार्रवाई चल रही है। उन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके अमेरिका में दाखिला लिया और वहां की नागरिकता हासिल की। अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने सोमवार को कहा, 'आज की घोषणा आधुनिक इतिहास में नागरिकता रद्द करने की सबसे बड़ी कोशिश है।' इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट के तहत, अगर किसी व्यक्ति ने गैर-कानूनी तरीके से, जरूरी जानकारी छिपाकर या जानबूझकर गलत जानकारी देकर अमेरिका की नागरिकता हासिल की है, तो उसकी नागरिकता छीनी जा सकती है और नेचुरलाइजेशन का सर्टिफिकेट रद्द किया जा सकता है। जस्टिस डिपार्टमेंट के सिविल डिवीन के असिस्टेंट अटॉर्नी जनरल ब्रेट ए. शुमेट ने कहा, 'इन सभी लोगों ने झूठ बोलकर अमेरिका की नागरिकता हासिल की।' 2003 में, उन्होंने एक दूसरी पहचान के तहत स्थायी निवासी का दर्जा मांगा और हासिल किया। फिंगरप्रिंट से साबित होता है कि सिंह ने दोनों आवेदन जमा किए थे। 2009 में, सिंह ने अपनी दूसरी पहचान के तहत नागरिकता हासिल की। शिकायत में उनके कई गलत बयानों और गैर-कानूनी कामों के लिए सात आरोप लगाए गए हैं, जो उनके नैतिक चरित्र पर बुरा असर डालते हैं। विभाग ने कहा कि वह चीन में जन्मे अमेरिकी नौसेना के पूर्व नाविक जिंचाओ वेई की नागरिकता रद्द करने की कोशिश कर रहा है, जिन्हें जासूसी से जुड़े अपराधों का दोषी ठहराया गया था। न्याय विभाग के अनुसार, वेई 2021 में नौसेना में शामिल हुए और फरवरी 2022 तक चीन को सैन्य रहस्य बेचने की साजिश रचने लगे।

वह मई 2022 में अमेरिकी नागरिक बने। यह नागरिकता उन्हें उन नियमों के तहत मिली जो अमेरिकी सशस्त्र बलों में सम्मानपूर्वक सेवा करने वाले लोगों के लिए नागरिकता प्रक्रिया को तेज करने के लिए बनाए गए थे। वेई को अगस्त 2025 में जासूसी करने की साजिश रचने, जासूसी करने और रक्षा सामग्री से जुड़े तकनीकी डेटा के गैर-कानूनी निर्यात का दोषी ठहराया गया था। उन्हें 200 महीने की जेल की सजा सुनाई गई और नौसेना से निकाल दिया गया। जिन लोगों के खिलाफ नागरिकता रद्द करने की कार्रवाई शुरू की गई है, उनमें पाकिस्तान, मैक्सिको, कंबोडिया, नेपाल और अफगानिस्तान के लोग शामिल हैं।

फ्लाईदुबई हाइजैक की आयी नयी कहानी, अपने नागरिक थे सवार



नई दिल्ली। जब फ्लाईदुबई की फ्लाइट 1073 इस्त्राइल की तरफ बढ़ रही थी और कॉकपिट से कोई जवाब नहीं आ रहा था, तब इस्त्राइल अपने ही 150 से ज्यादा नागरिकों को लेकर उड़ रहे उस विमान को मार गिराने के लिए तैयार था। साथ ही जांच में खुलासा हुआ कि हमलावर पायलट की असली मंशा क्या थी इस्त्राइल 150 से ज्यादा अपने नागरिकों को लेकर उड़ रहे फ्लाईदुबई के विमान को मार गिराने के लिए तैयार था।


विमान के 14,000 फीट नीचे गिरते ही इस्त्राइली वायुसेना ने कॉकपिट से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद लड़ाकू विमान रवाना किए गए और इस्त्राइल का हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया। पूरे घटनाक्रम की जांच और हमलावर ओमानी पायलट से पूछताछ में नए खुलासे हुए हैं। इस मामले की जांच से जुड़ी सीधी जानकारी रखने वाले दो इस्त्राइली सूत्रों के हवाले से बताया कि इस्त्राइल के पास इस किस्म की संभावित 9/11 जैसी घटना के लिए एक प्रक्रिया है, जिसका लंबे समय से अभ्यास किया गया है। अगर कोई विमान इस्त्राइल की प्रमुख इमारतों, बेन गुरियन हवाई अड्डे या किसी या किसी हाई-वैल्यू टारगेट से टकराता और सैकड़ों लोग मारे जाते, उससे बेहतर यही विकल्प था कि विमान को ही मार गिराया जाए। यानी इस्त्राइली सुरक्षा बलों की सोच यह थी कि 150 जानें बचाने की कोशिश में अगर विमान किसी बड़े टारगेट से टकराया तो हजारों जानें जा सकती हैं। इसलिए प्रोटोकॉल में यह पीड़ादायक, लेकिन एकमात्र विकल्प रखा गया था। जैसे ही विमान तेजी से नीचे आया, इस्त्राइली वायुसेना ने कॉकपिट से करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इस घटना ने पूर्व-स्थापित प्रक्रिया को तुरंत सक्रिय कर दिया। एक पहले से तय समिति फौरन बुलाई गई और कमांड सेंटर स्थापित किया गया। लड़ाकू विमान रवाना किए गए। इस्त्राइल का हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया, लेकिन जैसे ही इस्त्राइल को पता चला कि विमान इस्त्राइल से करीब

संक्षेप

हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ से हड़कंप, मूर्तियां भी क्षतिग्रस्त

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में माता जोग माया मंदिर में तोड़फोड़ के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। मंदिर की कुछ मूर्तियां क्षतिग्रस्त मिलीं और पुलिस अब यह पता लगा रही है कि घटना में कितने लोग शामिल थे। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को संदिग्ध के तौर पर गिरफ्तार किया है। घटना सिंध के नगरपारकर इलाके के राठी गांव में स्थित माता जोग माया मंदिर की है। स्थानीय पुलिस अधिकारी के मुताबिक, सोमवार रात मंदिर के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की गई। मंगलवार सुबह मंदिर के देखरेख करने वाले व्यक्ति के उठने पर उसे घटना की जानकारी हुई। उसने देखा कि मंदिर में मौजूद कुछ मूर्तियां तोड़ दी गई थीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पाकिस्तान दारावर इत्तेहाद एनजीओ के अध्यक्ष शिवा काछी ने बताया कि पुलिस ने घटना के मुख्य संदिग्ध के तौर पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। हालांकि, आरोपी से जुड़ी अन्य जानकारी तत्काल सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि मंदिर में तोड़फोड़ की घटना में एक से ज्यादा लोग शामिल थे या नहीं।

समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर जयशंकर ने जतायी चिंता



ओमान। वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा विदेश मंत्री एस जयशंकर भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में उठा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि समुद्री क्षेत्र में नई चुनौतियां सामने आ रही हैं और खाड़ी से लेकर लाल सागर तथा काला सागर तक वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों पर हमले चिंता का विषय हैं। जयशंकर ने कहा था कि भारतीय नाविकों समेत कई देशों के लोगों ने इन हमलों में अपनी जान गंवाई है और ऐसी घटनाएं पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। उन्होंने यह भी बताया था कि भारत ने लाइबेरिया और 23 अन्य साझेदार देशों के साथ मिलकर वाणिज्यिक समुद्री मार्गों की सुरक्षा और उनके समर्थन में वैश्विक जनमत जुटाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में भागीदारी की है। जयशंकर ने जोर दिया था कि जहाजों और नाविकों की सुरक्षा से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने और खाड़ी क्षेत्र में तत्काल संयम बरतते हुए तनाव कम करने की अपील की थी, ताकि नागरिक चालक दल की सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति के साथ वैश्विक व्यापार भी प्रभावित न हो।

बलूच छात्र संगठन ने संयुक्त राष्ट्र से मांगी मदद



एसवातिनी। बलूच स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन-आजाद ने छात्र नेता शब्बीर बलूच का पता लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की है। संगठन के मुताबिक, 4 अक्टूबर 2016 को बलूचिस्तान के केच जिले से पाकिस्तानी सुरक्षा बल उन्हें उनकी पत्नी के सामने ले गए थे। इसके बाद से परिवार को उनके ठिकाने की कोई जानकारी नहीं मिली। संगठन ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निकायों से पाकिस्तानी अधिकारियों पर दबाव बनाने और शब्बीर समेत अन्य कथित लापता राजनीतिक कार्यकताओं की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित कराने की मांग की है। मानवाधिकार संगठनों ने भी उनके परिवार को जानकारी और न्याय देने की अपील की है।

ब्रिटेन के समुद्री व्यापार संचालन संगठन ने कहा कि जहाज का चालक दल सुरक्षित

ब्रिटेन। ब्रिटेन के समुद्री व्यापार संचालन संगठन ने रविवार को यह जानकारी दी कि जहाज का चालक दल सुरक्षित है। इससे पहले शनिवार को होर्मुज में एक तेल टैंकर पर हमले के बाद जहाज पर सवार पांच भारतीय चालक दल को सुरक्षित निकाला गया था। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओपनएआई के सेफ्टी सिस्टम्स टीम के प्रमुख डेविड रॉबिन्सन ने पद से इस्तीफा दे दिया है। रॉबिन्सन ने जाते-जाते कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इस्तीफे के साथ ही एक लेख भी लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि एआई कंपनियां नई और शक्तिशाली तकनीकों को विकसित करने में बिल्कुल भी सावधानी नहीं बरत रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि एआई के मामले में गलतियां करके सीखने का दौर अब खत्म हो चुका है, क्योंकि अब एक छोटी सी विफलता भी विनाशकारी हो सकती है। रॉबिन्सन ने आरोप लगाया कि सिलिकॉन वैली और ओपनएआई में बिना सोचे-समझे केवल आगे बढ़ने का एक 'अंधा आशावाद' चल रहा।

ओमान तट के पास जहाज पर हमला: 11 भारतीय चालक दल के सदस्य घायल



ओमान। ओमान के तट के पास स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे एमटी ऑन पीस जहाज पर हमला हुआ है। इसमें 11 भारतीय चालक दल के सदस्य घायल हुए, जिन्हें ओमानी अधिकारियों की मदद से सुरक्षित निकाला गया। भारत ने हमले की कड़ी निंदा की है। भारत ने मंगलवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में पनामा के झंडे वाले वाणिज्यिक जहाज एमटी ऑन पीस पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। ओमान के तट के पास हुए इस हमले में जहाज के 19 सदस्यीय चालक दल में से 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें 11 भारतीय नागरिक शामिल हैं। भारत ने क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों, नाविकों और नागरिक ढांचे को निशाना बनाए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने अपने बयान में बताया कि जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था, तभी उस पर एक प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया। जहाज के चालक दल में कुल 19 सदस्य थे, जिनमें 17 भारतीय नागरिक हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमले में घायल सभी नाविकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्हें ओमान के खसब में ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। भारत ने घायल नाविकों को सुरक्षित निकालने और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग के लिए ओमानी अधिकारियों का आभार जताया है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर गंभीर चिंता जताई। भारत ने कहा कि ऐसे हमले क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा हैं। भारत ने स्पष्ट किया कि वाणिज्यिक जहाजों, नाविकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने की घटनाएं तत्काल बंद होनी चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों के जरिए सुरक्षित नौवहन और व्यापार को जल्द से जल्द बहाल करने की जरूरत है।

ईरानी बलों ने दूसरे जहाज को वापस लौटने की दी थी चेतावनी

यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने एक अन्य वाणिज्यिक टैंकर को लेकर भी जानकारी दी थी। सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजर रहे एक वाणिज्यिक टैंकर को ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के जवानों ने रेडियो पर किया। कथित तौर पर जहाज को चेतावनी दी गई कि अगर वह वापस नहीं मुड़ा तो उसे निशाना बनाया जा सकता है। यह घटना सोमवार सुबह ओमान के खसब से लगभग 11 नॉटिकल मील उत्तर में हुई। जहाज के मास्टर ने निर्देशों का पालन करते हुए अपना रास्ता बदल दिया। मामले की जांच की जा रही है।

इंटरटेनमेंट...

'काला हिरण' फिल्म विवाद, हाईकोर्ट ने सलमान से मांगा जवाब



दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 'काला हिरणः द बैटल फॉर लीगल' फिल्म के प्रड्यूसर अमित जानी की याचिका पर बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से मंगलवार को जवाब मांगा है। फिल्म निमार्ताओं ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सलमान खान की फिल्म की रिलीज रोकने के लिए दायर किए गए अलग-अलग मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। यह फिल्म कथित तौर पर 1998 के काले हिरण शिकार मामले से प्रेरित है। सलमान खान ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने निमार्ताओं के आवेदन पर सुनवाई करते हुए सलमान खान को नोटिस जारी किया है। फिल्म निमार्ता अमित जानी ने कोर्ट में दलील दी कि इसी विवाद से जुड़ा एक मामला एक्टर की दायर की गई पिछली याचिका के रूप में हाईकोर्ट में पहले से चल रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों मामले एक ही फिल्म, उसके प्रचार सामग्री और एक्टर के व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन से जुड़े हैं, इसलिए एक ही मुद्दे पर दो अलग-अलग मुकदमे चलाना ठीक नहीं है। इस पर कोर्ट ने सलमान से जवाब मांगा है। सलमान खान ने फिल्म के खिलाफ अपने व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए मुकदमा दायर किया था। सलमान खान ने कोर्ट से कहा था कि कोई भी उनकी परमिशन के बिना उनके नाम, चेहरे या पहचान का इस्तेमाल न करे। 11 दिसंबर 2025 को कोर्ट ने उनके पक्ष में अस्थायी रोक लगा दी थी। इसके बाद सलमान ने कोर्ट में एक और अर्जी दी कि 'काला हिरण' नाम की इस खास फिल्म की रिलीज पर भी तुरंत अलग से रोक लगाई जाए। 27 जुलाई को कोर्ट ने सलमान की शिकायत पर इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से फिल्म का टीजर और उससे जुड़े पोस्ट हटाने का आदेश दिया था। फिल्म के प्रड्यूसर का तर्क है कि फिल्म तो अभी रिलीज के लिए तैयार ही नहीं है, क्योंकि इसे न तो सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिला है और न ही इसका ऑफिशियल ट्रेलर आया है। फिल्म निमार्ता अमित जानी ने अपनी फिल्म 'काला हिरणः द बैटल फॉर लीगेसी' का टीजर हटाने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। जानी ने अपनी अपील में कहा है कि यह आदेश अनुचित सेंसरशिप है और उनके अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार को सीमित करता है। उनका कहना है कि सार्वजनिक रिकॉर्ड और ऐतिहासिक कानूनी मामलों पर किसी का एकाधिकार नहीं हो सकता। कानूनी विवाद के बीच फिल्म निमार्ता की सुरक्षा को लेकर भी चिंता सामने आई है। जानी का दावा है कि संगठित आपराधिक समूहों ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी हैं।

फर्जी मैसेज वायरल होने पर भड़के जावेद अख्तर

मुंबई। जावेद अख्तर की पत्नी और अभिनेत्री शबाना आजमी सीजेपी के आंदोलन का लगातार समर्थन कर रही हैं और इसमें सक्रिय रूप से हिस्सा भी ले रही हैं। जावेद अख्तर ने सोशल मीडिया पर वायरल उस मैसेज को पूरी तरह फेक बताया, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी और उसके संस्थापक अभिजीत दीपके की आलोचना की। उन्होंने इस दावे को खारिज किया। जावेद अख्तर ने सवाल उठाया कि अभिजीत दीपके और सीजेपी की आलोचना के लिए उनके नाम का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं जावेद अख्तर, सभी को बताना चाहता हूं कि सोशल मीडिया पर फैला यह झूठा मैसेज कि मैंने उखढ की आलोचना की है।

महाराष्ट्र साइबर पुलिस के समन पर हनी सिंह नहीं पहुंचे

मुंबई। हनी सिंह ने 'ब्लू आइज, 'ब्राउन रंग' और 'लव डोज' जैसे कई फेमस गाने गाए। रैपर और सिंगर हनी सिंह सोमवार को महाराष्ट्र साइबर पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। उन्हें दिल्ली में कॉन्सर्ट के दौरान कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र साइबर के एक अधिकारी ने बताया कि हनी सिंह ने जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा है। साइबर पुलिस अब कोर्ट से अरेस्ट वारंट मांगेगी और उनके खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर जारी करने का प्रोसेस शुरू करेगी।

नोरा फतेही ने की जयपुर में 'रॉयल्स' की शूटिंग



जयपुर। अभिनेत्री नोरा फतेही सोमवार को जयपुर पहुंचीं। वे नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग के लिए यहां आई हैं। सीरीज में नोरा एक बार फिर आयशा धोंडी के किरदार में नजर आएंगी। राजस्थान में सीरीज के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू होने की पुष्टि सितंबर में ही हो गई थी और नोरा भी अपने किरदार में वापसी कर चुकी हैं। सोमवार को ही एक्ट्रेस सेलिना जेटली

सेलिना जेटली ने फैंस को दिये गिफ्ट, एयरपोर्ट पर फोटो खिंचवाती नजर आयीं दोनों अभिनेत्री

भी एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई। दोनों ही एक्ट्रेस ने फैंस के साथ फोटो क्लिक करवाए। नोरा इससे पहले भी जयपुर में सीरीज के दूसरे सीजन के शूटिंग शेड्यूल का हिस्सा रह चुकी हैं। शूटिंग के बीच कुछ समय के लिए वे मुंबई वापस गई थीं, जहां उनके अन्य कार्यक्रम और व्यस्तताएं थी, अब दोबारा जयपुर लौटने के साथ उन्होंने सीरीज के अगले शूटिंग शेड्यूल में हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। एयरपोर्ट पर नोरा काफी उत्साहित नजर आईं और उन्होंने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की कहानी का बड़ा हिस्सा राजस्थान की रॉयल विरासत और खूबसूरत लोकेशन्स के बीच फिल्माया जा रहा है। जयपुर की कई हेरिटेज लोकेशन्स पर शूटिंग चल रही है। इसके साथ ही राजस्थान के मंडावा में भी सीरीज के कुछ हिस्सों की शूटिंग की जा रही है। सीरीज में ईशान खट्टर मुख्य भूमिका में हैं और वे राजघराने के उत्तराधिकारी के किरदार में नजर आ रहे हैं। दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में सितंबर से शुरू हुई थी। पहले सीजन में नोरा ने आयशा धोंडी का किरदार निभाया था। अब दूसरे सीजन में उनकी वापसी दर्शकों के लिए खास है। सीरीज के नए सीजन में कलाकारों की कास्टिंग में भी बदलाव हुआ है और नए चेहरे जोड़े गए हैं। नोरा फतेही ने हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान मुख्य रूप से डांस परफॉर्मेंस से बनाई। हालांकि उन्होंने फिल्मों में अभिनय भी किया, लेकिन उनके डांस नंबरों ने उन्हें देशभर में अलग पहचान दिलाई।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com